Springboard ACADEMY

समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

अप्रैल - 2025

CURRENT AFFAIRS (APRIL-2025)

PUBLISHER

MAHECHA PUBLICATION

PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026

E-mail: thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

The Notes Hub

+91 7300134518, +91 7610010054

MAHECHA PUBLICATION

विषय–सूची

विषय वस्तु	पेज नं.
1. राजस्थान परिदृश्य	3 – 38
2. राष्ट्रीय परिदृश्य	39 – 69
3. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य	70 – 82
4. महत्वपूर्ण पुरस्कार	83
5. महत्वपूर्ण पुस्तकें	84
6. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	85 – 93
7. खेल	94 – 103
8. महत्वपूर्ण दिवस	104 – 106
9. अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न	107 – 110
10. टॉपर्स टॉक	111 – 113

Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये

© *All Rights Reserved By Publisher*

नोटः–इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनःप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।

01 राजस्थान परिदृश्य

चर्चित व्यक्तित्व

बतूल बेगम

- **चर्चा में** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री (कला-मांड एवं भजन गायन) पुरस्कार प्रदान किया।
- **निवासी** – जयपुर (मूलत: नागौर)
- **उपलब्धियाँ** –
  - नारी शक्ति पुरस्कार (2022)
  - पद्म श्री पुरस्कार पाने वाली राजस्थान की नौवीं महिला बनी।
  - GOPICO अचीवर्स अवॉर्ड विजेता
  - 55 से अधिक देशों (इटली, फ्रांस अमेरिका, जर्मनी) में प्रस्तुतियाँ दे चुकी।

शीन काफ निजाम

- **चर्चा में** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री (साहित्य शिक्षा, उर्दू साहित्य) पुरस्कार प्रदान किया।
- **निवासी**– जोधपुर (पुष्करणा ब्राह्मण परिवार)
- **उपलब्धियाँ** –
  1. संस्कृत भाषा में महारत हासिल।
  2. उर्दू में शायरी लेखन का कार्य।
  3. **पुस्तकें**–
     - दश्त में दरिया
     - रास्ता ये कहीं नहीं जाता

- ***मूल नाम*** – *शिवकिशन बिस्सा*
- ***कार्यक्षेत्र*** – *अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम शायर (साहित्य क्षेत्र) उर्दू लेखन में महारत हासिल*
- ***प्रसिद्ध शेर*** – *''मैं पूछता हूँ, तुझको जरूरत थी क्या ''निजाम''/तू क्यों चिराग ले के अंधेरे के घर गया''*

बैजनाथ महाराज

- **चर्चा में** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 28 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **निवासी** – सीकर, वर्तमान में लक्ष्मणगढ़, सीकर स्थित श्रद्धानाथ महाराज आश्रम के पीठाधीश्वर है।
- **उपलब्धियाँ** –
  - वैदिक शिक्षा की अलख जगाई।
  - श्रद्धा संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की।

पद्म पुरस्कार

- *देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं।*
- *पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री हैं।*
- *यह पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल, सिविल सेवा इत्यादि क्षेत्रों में दिए जाते हैं।*
- ***चर्चा में*** – *वर्ष 2025 के लिए 07 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण, 113 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें से कुल 23 महिलाएँ शामिल हैं तथा विदेशी/NRI/PIO/OCI श्रेणी के 10 व्यक्ति तथा 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल है।*

- वर्ष 2025 के 07 पद्म विभूषण प्राप्तकर्त्ता–

क्र.सं.	नाम	क्षेत्र	राज्य/देश
1.	श्री दुब्बर नागेश्वर रेड्डी	चिकित्सा	तेलंगाना
2.	न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री जगदीश सिंह खेहर	सार्वजनिक मामलों	चंडीगढ़
3.	श्रीमती कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया	कला	गुजरात
4.	श्री लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम	कला	कर्नाटक
5.	श्री एम.टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत)	साहित्य और शिक्षा	केरल
6.	श्री ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत)	व्यापार और उद्योग	जापान
7.	श्रीमती शारदा सिन्हा (मरणोपरांत)	कला	बिहार

दीपसिंह भाटी 'दीप'

- **चर्चा में** – हाल ही में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट जोधपुर द्वारा मारवाड़ रत्न **(पद्म श्री सीताराम लालस जी सम्मान, 2025)** से सम्मानित किया गया।
- **निवासी** – बाड़मेर
- **उपलब्धियाँ** –
  - लुप्त हो रही स्वाभिमानी "समृद्ध डिंगल काव्य" व "लोक संस्कृति के संरक्षण" हेतु विश्व स्तरीय यूट्यूब चैनल "डिंगळ रसावळ" के संरक्षक।
  - स्थानीय एवं राजस्थानी भाषा में साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में अहम् योगदान।
  - **प्रकाशित पुस्तकें**–
    - ✓ डिंगळ रो डणको
    - ✓ पळपळती प्रेम कथावां
    - ✓ मायड़ भासा रा मुहंगा मोती

वैभव सूर्यवंशी

- **चर्चा में** – IPL सीजन-18 के सबसे युवा खिलाड़ी जिसने 14 वर्ष की अल्प आयु में राजस्थान रॉयल्स टीम से IPL में पर्दापण किया।
- **निवासी** – मूलत: समस्तीपुर (बिहार)
- **संबंध** – क्रिकेट खेल (राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा)
- **विशेष** – सूर्यवंशी ने गुजरात टाइम्स के खिलाफ मात्र 35 गेंदों में शतक लगा दिया इसके साथ ही सबसे कम गेंदों पर शतक लगाने में विश्व के दूसरे एवं प्रथम भारतीय क्रिकेटर भी बने।

  (प्रथम – क्रिसगैल = 30 बॉल पर 100 रन)

चर्चित स्थान

जोधपुर

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) ने जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय को "A ग्रेड की मान्यता" प्रदान की।
- IIT जोधपुर एवं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), साइबर सुरक्षा, डिजिटल गवर्नेंस एवं कानूनी नवाचार हेतु संयुक्त रूप से केन्द्र स्थापित किया जाएगा।
- IIT जोधपुर में "सतत् विकास हेतु उभरती हुई प्रौद्योगिकी केन्द्र" (CETSD) की स्थापना की जाएगी।

कोटा में बनेगा संविधान पार्क

- हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के कोटा में प्रस्तावित संविधान पार्क के लिए चिह्नित स्थल का निरीक्षण किया।
- **संविधान पार्क**–
  - पार्क का प्रवेश द्वार "भारतीय संविधान की प्रस्तावना न्याय, समानता और बंधुता को सुशोभित करेगा।
  - केन्द्रीय भाग में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की गनमेटल से निर्मित भव्य प्रतिमा स्थापित।
  - 20 फीट ऊँची दीवार पर संविधान निर्माण की ऐतिहासिक घटनाएँ चित्रित की जाएगी।

चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना

- **उद्देश्य – ''उत्तम स्वास्थ्य उत्तम ग्राम–उत्तम होगा राजस्थान'' के संकल्प के साथ** – ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य के समग्र मानकों एवं सेवाओं को सुदृढ कर जनभागीदारी को बढ़ावा देना।
- **विशेषताएँ** –
  1. प्रत्येक ब्लॉक से एक ग्राम पंचायत का चयन किया जाएगा जिसका चयन 10 स्वास्थ्य मानकों (हेल्थ इंडिकेटर्स) के आधार पर 100% उपलब्धि पर होगा।
  2. चयनित ग्राम पंचायत को **''11 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि''** एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा
  3. ग्राम पंचायत का मूल्यांकन = जिला कलक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारी और चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ।

विशेष – 10 हेल्थ इंडिकेटर्स (स्वास्थ्य मानक)

1. टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत
2. संस्थागत प्रसव (100%)
3. प्रसव पूर्व देखभाल सेवाएँ
4. ग्राम पंचायत का मूल्यांकन = जिला कलक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारी और चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ।
5. टीकाकरण (100%)
6. हाइपरटेंशन, डायबिटीज स्क्रीनिंग (100%)
7. टोबको मुक्त ग्राम पंचायत (100%)
8. नागरिको की स्वास्थ्य जाँच (60 वर्ष से अधिक उम्र)
9. मोतियाबिंद की जाँच एवं उपचार (100%)
10. खसरा का टीकाकरण

सरस लाडो मायरा योजना

- **शुरूआत** – 05 अप्रैल, 2025 को जयपुर से (जयपुर डेयरी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर)
- **उद्देश्य** –
  - दुग्ध उत्पादकों की बेटियों का लिंगानुपात बढ़ाना।
  - बाल विवाह रोकथाम एवं विवाह में आर्थिक संबल प्रदान करना है।
- **विशेष** – जयपुर डेयरी के 1.5 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों की शादी में **21,000 रूपये** का पारंपरिक मायरा भरा जाएगा।
- **शर्ते** –
  - अधिकतम दो बेटियों का ही मायरा भरा जाएगा।
  - दोनों बेटियों की एक साथ शादी होने पर केवल एक मायरा भरा जाएगा।
  - दुग्ध उत्पादक पिछले 05 वर्ष से जयपुर डेयरी से जुड़ा हो तथा कम से कम 300 लीटर दूध समिति पर दिया हो।

मुख्यमंत्री सुपोषण न्युट्री किट योजना

- **घोषणा** – राज्य सरकार बजट 2025–26 में
- **मंत्रालय** – महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- **अवधि** – गर्भावस्था के 5वें से 9वें माह के बीच दो बार किट प्रदान की जाएगी।
- **किट में शामिल सामग्री** –
  - 1Kg देसी घी
  - 500 gm खजूर
  - 500 gm मखाने
  - रोस्टेड चना और मूंगफली
  - फोर्टिफाइड चावल
  - गुड़, मिल्क पाउडर
- **अनुमानित व्यय** – 25 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष

बाबा साहब अम्बेडकर संबल योजना

- **शुरूआत** – डॉ. भीमराव अम्बेडकर की **134वीं जयंती** के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल, 2025 को।
- **शुभारंभकर्त्ता** – माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।
- **बजट आवंटन** – 250 करोड़ रुपये
- **उद्देश्य** –
  - अनुसूचित जाति (SC) बाहुल्य गाँवों में आधारभूत संरचना का विकास और समग्र उन्नयन सुनिश्चित करना।
  - ऐसे गाँव जहाँ अनुसूचित जाति (SC) की जनसंख्या 50% से अधिक है।

अम्बेडकर पंचतीर्थ यात्रा योजना

- **उद्देश्य** – योजना के तहत् डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विरासत से लोगों को जोड़ने और दलित समाज के लोगों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्मारक के दर्शन करवाएं जाएँगें।
- योजना के तहत् प्रथम चरण में 1000 लाभार्थियों को लाभ दिया जाएगा।
- **पंचतीर्थ**
  1. महू (मध्यप्रदेश) – डॉ. अम्बेडकर की जन्मभूमि।
  2. नागपुर – दीक्षा भूमि – जहां बौद्ध धर्म स्वीकारा।
  3. दिल्ली – महापरिनिर्वाण (निधन)
  4. मुम्बई – चैत्य भूमि (समाधि स्थल)
  5. लंदन – जहां से वकालात की पढ़ाई की।

रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन

- **आयोजन** – कोटा (29 मार्च, 2025)
- **विशेष** –
  - सम्मेलन में 12 नवीन योजनाओं/कार्यक्रम की शुरूआत की गई।
  - 7,800 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

नवीन 12 योजनाओं/कार्यक्रमों के नाम

1. राजस्थान युवा नीति, 2025
2. कौशल नीति, 2025
3. शिक्षित राजस्थान अभियान
4. रीडिंग एवं रेमेडिएशन कार्यक्रम
5. विद्यार्थी उपस्थिति ऐप
6. ऑन डिमांड एग्जाम
7. अटल ज्ञान केन्द्र
8. डिजिटल प्रदेश उत्सव
9. बैग एवं यूनिफार्म (DBT)
10. मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना
11. द्रोणाचार्य अवार्डियों हेतु भूमि आवंटन
12. नई किरण–नशा मुक्ति कार्यक्रम

राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी, 2025

- **जारी** – 31 मार्च, 2025
- **अवधि** – 31 मार्च, 2025 – 31 मार्च, 2029 तक।
- **नोडल विभाग** – उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
- **उद्देश्य** –
  - औद्योगिक क्षेत्रों में डेटा सुरक्षित रखने के लिए डेटा सेंटर स्थापित किए जाएँगे।
  - राजस्थान को डेटा सेंटर्स हब बनाना, निवेश तथा IT सेक्टर में रोजगार सृजित करना।
- **प्रावधान** –
  - 10-20 करोड़ रुपये/वर्ष तक का **''एसेट क्रिएशन इंसेटिव''** शामिल है। (10 वर्षों तक)
  - 100 करोड़ रूपये से अधिक निवेश करने वाले प्रथम 03 सेंटर्स को 25% अतिरिक्त सनराइज इंसेटिव दिया जाएगा।
  - ग्रीन सॉल्यूशन इंसेटिव – पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट पर खर्च का 50% पुनर्भरण
  - आगामी 05 वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना।
  - कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने हेतु उनके प्रशिक्षण/कार्य कुशलता, सुधार पर की गई लागत का 50% पुनर्भरण किया जाएगा।
  - बैकिंग, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क में 100% की छूट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम

- **शुरूआत** – राज्य बजट घोषणा 2025-26 में
- **उद्देश्य** – भारत-पाक बॉर्डर क्षेत्र के गाँवों का समग्र विकास तथा सामाजिक-आर्थिक वंचित परिवारों को लाभान्वित करना।
- **क्रियान्वयन** – 04 जिलों में (बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्री गंगानगर)
- **मॉनिटरिंग** –
  - जिला स्तर = जिला स्तरीय समिति = जिला कलेक्टर
  - राज्य स्तर = राज्य स्तरीय समिति

स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण अभियान

- **संचालन** – 17-21 अप्रैल, 2025 तक।
- **उद्घाटन** – गृहमंत्री, अमित शाह द्वारा
- **स्थान** – ब्रह्मकुमारीज संस्थान/माउंट आबू (सिरोही)
- **थीम** – ''विश्व एकता और विश्व आस्था के लिए साधना''
- **विशेष** – भारतीय सेना एवं ब्रह्मकुमारीज संस्था के बीच समझौता हुआ जिसके तहत् देशभर के सेवानिवृत सैनिकों के लिए हर माह 'सेल्फ एम्पॉवर प्रोग्राम' चलाया जाएगा।

बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान

- **शुरूआत** – 24 अप्रैल, 2025 (उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा)
- **स्थान** – इंदिरा गाँधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर
- **क्रियान्वयन** – बाल अधिकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग।
- **विशेष** –
  - ''बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान'' के तहत् वर्ष 2029 तक बाल-विवाह दर को 5% से कम करना।
  - वर्ष 2030 तक राजस्थान में बाल विवाह मुक्त का लक्ष्य रखा गया।
  - यदि कहीं बाल-विवाह की आशंका हो तो तुरंत चाइल्ड लाइन 1098 या महिला हेल्पलाइन 181 पर जानकारी दें।

बंदी पशु प्रयोजन योजना

- **शुरूआत** – राजस्थान के सभी बायोलॉजिकल पार्कों में शुरू की गई।
- **उद्देश्य** – दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों (जैसे भेड़िया, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, लेसर फ्लोरिकन) के संरक्षण हेतु।
- **अवधि** – 01 माह से 01 वर्ष तक इन्हें गोद ले सकते हैं, अच्छे परिणाम मिलने पर अवधि को 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।
- **प्रमुख स्थल** – नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, जयपुर में 26 प्रजातियों के 250 से अधिक वन्य जीव गोद लिए जा सकते है।

वाइब्रेंट विलेज्स कार्यक्रम-II (जीवंत गाँव कार्यक्रम-II)

- **मंजूरी** – 04 अप्रैल, 2024 को केन्द्र सरकार द्वारा।
- केन्द्रीय क्षेत्र योजना (100% केंद्रीय वित्त पोषित)
- **बजट परिव्यय** = कुल 6,839 करोड़ रुपये
- **उद्देश्य** –
  - चिह्नित गाँवों में मौसम सड़क संपर्क, दूर-संचार संपर्क, टेलीविजन संपर्क, विद्युतीकरण स्थापित करना।
  - सुरक्षित, संरक्षित और जीवंत भूमि सीमाओं के लिए विकसित भारत @ 2027 के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सृजित करेगा।
- **शामिल राज्य – राजस्थान,** अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख (केन्द्र शासित प्रदेश), मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती गाँवों को शामिल किया गया है।
- **लक्ष्य** – चिह्नित गाँवों का वर्ष 2028-29 तक समग्र विकास करने का लक्ष्य रखा गया।

राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक, 2024

- **विधानसभा में ध्वनिमत से पारित** – 21 मार्च, 2025
- **विधेयक प्रभावी** – 01 जनवरी 2024 से
- **उद्देश्य** – लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान राशि, चिकित्सा सहायता, नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाना।
- **लोकतंत्र सेनानी कौन** – राजस्थान के मूल निवासी जो लोकतंत्र की रक्षा हेतु **''मीसा (मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) या भारत रक्षा नियम 1971''** या दंड प्रक्रिया संहिता के अधीन जेल में निरूद्ध किए गए हों।
- **विशेष** – वर्तमान में राजस्थान में कुल 1140 लोकतंत्र सेनानी हैं।
- **प्रावधान** – लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके आश्रितों को **20,000 रुपये मासिक पेंशन** एवं **4000 रुपये मासिक चिकित्सा** सहायता दिए जाने का प्रावधान है।

राजस्थान विधियाँ निरसन विधेयक, 2025

- **विधानसभा में ध्वनिमत से पारित** – 24 मार्च, 2025
- **विशेष** – राजस्थान सूचना का अधिकार (निरसन) अधिनियम, 2006 को भी हटाया गया।

- **कारण** – पूरे देश में केन्द्र सरकार की विधियों के अनुरूप ही सूचना का अधिकार प्रभावी है।
- विधानसभा में ध्वनिमत से **अप्रचलित 45 विधियों** को निरस्त किया गया जिसमें से पंचायतीराज के 37, स्वायत्त शासन के 5, प्रशासनिक सुधार, कृषि, उद्योग विभाग की 1-1 विधि निरसन की गई।

राजस्थान विधियाँ (संशोधन) अधिनियम, 2025

- चर्चा में राजस्थान नगर सुधार न्यासों एवं प्राधिकरणों में अब न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं की जाएगी।
- राज्यपाल बागड़े ने **जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर** विकास प्राधिकरण और न्यासों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की आवश्यकता को समाप्त करने वाले बिल को मंजूरी दे दी है।
- **विशेषता** –
  - सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम निर्णय के बाद ही यह बिल लाया गया था। इससे, किसी भी प्राधिकरण की शक्तियाँ कम नहीं होगी।
  - राज्य सरकार सभी न्यासों एवं प्राधिकरणों के लिए एक समान सेवा शर्तों का निर्धारण कर सकेगी।

राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियाँ संशोधन विधेयक, 2025

- प्रदेश के कुल 33 विश्वविद्यालयों में कुलपति का नाम अब परिवर्तित होकर **''कुलगुरु''** हो गया।
- प्रतिकुलपति का नाम अब **''प्रतिकुलगुरु''** हो गया।
- **विशेष** – अंग्रेजी भाषा में कुलपति पदनाम अब भी ''वाइस चांसलर'' ही यथावत रहेगा।
- **कारण** – नाम परिवर्तन के पीछे सरकार का दावा था कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कार्य गुरु करता है। इसलिए विश्वविद्यालयों में कुलपति मुख्य कार्यपालक एवं शैक्षणिक अधिकारी होता है जहाँ कुलपति शब्द प्रशासनिक एवं स्वामित्व को दर्शाता है।
- **उदाहरण** – ''कुलपति का नाम कुलगुरु संशोधन'' होने के बाद राज्य में प्रथम कुलगुरु की नियुक्ति बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में ''प्रो. अखिल रंजन गर्ग'' की की गई। इनका कार्यकाल 03 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक रहेगा।

राजस्थान टैक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी, 2025

- **जारी** – 31 मार्च, 2025
- **अवधि** – 31 मार्च, 2029 तक।
- **नोडल विभाग** – उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान
- **उद्देश्य** –
  - **''फाइबर से फैशन तक''** के विजन के साथ राज्य में एक विश्व स्तरीय वस्त्र और परिधान निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र।
  - निवेश आकर्षित करके राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिधान क्षेत्र में वैश्विक हब बनाना।
- **लक्ष्य**
  1. आगामी 05 वर्षों में 02 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित करना।
  2. विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ट्रांसजेंडर वर्ग हेतु रोजगार सृजन।
  3. ध्यान केन्द्रित क्षेत्र – रेडीमेट गारमेंट, तकनीकी वस्त्र, चमड़ा एवं फुटवियर ऊन और हथकरघा इत्यादि।
- **प्रावधान** –

राजस्थान राज्य से होने वाले कुल निर्यात की शीर्ष पांच वस्तुओं में शामिल वस्त्र उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है।

- प्रदेश में 'फाइबर से फैशन तक' के विजन के साथ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश में 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है।
- यह नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल विनिर्माण के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।
- अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लागू किए जाने के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में राजस्थान के वस्त्र निर्यातकों के लिए यह नीति गेम चेंजर भी साबित होने जा रही है।
- राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 में निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में पहली बार गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी शामिल किया गया है।
- साथ ही, इस नीति में प्राकृतिक एवं कृत्रिम फाइबर के उत्पादन को बढ़ाने से लेकर तकनीकी टेक्सटाइल्स और वस्त्र विनिर्माण, हैण्डलूम, ऊन प्रसंस्करण, चमड़े के उत्पाद, फुटवियर जैसे संबंधित क्षेत्रों को भी समाहित किया गया है।
- नीति में टेक्सटाइल उद्यमियों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता, कुशल कार्यबल, पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान और लॉजिस्टिक्स सहित आधारभूत सुविधाओं के विकास और निर्यात प्रोत्साहन के लिए पर्याप्त तथा आकर्षक वित्तीय इन्सेंटिव्स के प्रावधान किए गए हैं।
- निर्यात इकाइयों को फ्रेट चार्ज पर 25% तथा कार्मिक प्रशिक्षण लागत का 50% पुनर्भरण का प्रावधान किया गया है।
- हाल ही में अमेरिका द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिदृश्य लगातार बदलावों से गुजर रहा है।
- भारतीय कपड़ा आयात पर लगभग 27% पारस्परिक (रेसिप्रोकल) टैरिफ अमेरिका द्वारा लगाया गया है, जो इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी देशों जैसे बांग्लादेश (37%), वियतनाम (46%), कंबोडिया (49%), पाकिस्तान (29%) और चीन (34%) की तुलना में कम है।

हीटवेव इंश्योरेंस (तापमान बीमा) योजना

- **शुरूआत** – क्लाइमेट रेजीलिएंस फॉर ऑल (CRA) और सेल्फ एम्पलॉयड विमेन एसोसिएशन (SEWA) द्वारा शुरू।
- **उद्देश्य** –
  - असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत जरूरमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना।
  - योजना के तहत् जब तापमान 40°C से अधिक होता है तो बिना छाया और पानी के अभाव कार्य करनी वाली महिलाओं को DBT के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करना।
- **क्रियान्वयन राज्य (07)** – **राजस्थान,** गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र

राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (RJHS)

- **शुरूआत** – 28 मार्च, 2025 को राज्यस्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव, भीलवाड़ा से।
- **अधिसूचना जारी** – 04 अप्रैल, 2025 को।
- **विभाग** – सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राज्य सरकार।
- **विशेषताएँ**
  - **पात्रता** – न्यूनतम आयु 45 वर्ष, पत्रकारिता के क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
  - **लाभार्थी**
    - ✓ राज्य सरकार से अधिस्वीकृत पात्र पत्रकारों एवं उनके परिवार के सदस्यों को 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष की चिकित्सा व्यय (IPD) सुविधा मिलेगी।
    - ✓ राज्य सरकार से अधिस्वीकृत समस्त पत्रकार RJHS के पात्र होंगे, इन्हें कैशलेस उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
    - ✓ **अवधि** – अस्पताल में भर्ती होने से 03 दिन पूर्व एवं 15 दिन बाद तक मान्य।
    - ✓ **नोट :** पत्रकारों को उत्कृष्ट एवं निष्पक्ष पत्रकारिता हेतु बिशनसिंह शेखावत पत्रकारिता पुरस्कार देने का निर्णय की राज्य द्वारा लिया गया।

मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान

- **शुरूआत** – 29 मार्च, 2025 को कोटा में आयोजित युवा एंव रोजगार उत्सव से।
- **पूर्व नाम** – ''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम''
- **नोडल विभाग** – स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
- **उद्देश्य** –
  - राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
  - प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली (सतत विकास लक्ष्य संख्या 04 को बढ़ावा देना)
- **विशेष** –
  - नवघोषित फ्लैगशिप योजना में शामिल किया गया।
  - इसके तहत् कक्षा 03 से कक्षा 08 तक के विद्यार्थियों को **हिन्दी, गणित एवं अंग्रेजी** विषय में दक्षता आधारित मूल्यांकन करना।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी

- **चर्चा में** – राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को **''मेवाड़ गौरव सम्मान''** से सम्मानित किया गया।
- **सम्मान** – ''मेवाड़ गौरव सम्मान'' 19 अप्रैल, 2025 को जनचेतना मंच द्वारा स्वर्गीय सुंदर सिंह भण्डारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह में दिया गया।
- **उपलब्धियाँ** – समाजसेवा, राजस्थान विधानसभा में किए गए नवाचारों **(NeVA ऐप, संविधान क्लब एवं वैचारिक क्रांति)**

> *वासुदेव देवनानी से पूर्व यह सम्मान दो व्यक्तियों को मिल चुका है।*
> *1st स्व. सुंदर सिंह भण्डारी (1999)*
> *2nd गुलाबचन्द कटारिया (2022)*
> *3rd वासुदेव देवनानी (2025)*

दुर्गेश युवा साहित्य पुरस्कार, 2025

- **प्रदात्ता संस्था** – प्रयास संस्थान, चुरू
- **प्राप्तकर्त्ता** – जेठानंद पंवार, बाड़मेर
- **काव्यकृति** – 'थू जाग मिनख'

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार, 2025

- **वितरण** – 21 अप्रैल, 2025 को लोकसेवा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (HCM RIPA) में वितरित किए।

अजिताभ शर्मा	राइजिंग राजस्थान सफल कार्यक्रम
डॉ. विपिन माथुर	RNT मेडिकल कॉलेज-उदयपुर (मेरा अस्पताल मेरी जिम्मेदारी)
सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी	लक्ष्य ओलंपिक लेक्रोस खेल – उदयपुर

राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार, 2025

व्यक्ति	पुरस्कार
वैभव गालरिया	स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस एजेंसी शासन सचिव कृषि विभाग
प्रियंका गोवास्मी	संपर्क पोटर्ल पर शिकायतों के लिए
रूक्मणी रियार	आयुक्त नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

मारवाड़ रत्न पुरस्कार, 2025

- **प्रदत्तसंस्था** – मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट जोधपुर द्वारा।
- **क्षेत्र** – प्रतिवर्ष 18 क्षेत्रों में यह पुरस्कार दिए जाते हैं।
- **वितरण** – पुरस्कार 12 मई को प्रतिवर्ष ''जोधपुर स्थापना दिवस'' पर वितरित किए जाते हैं।
- 12 मई, 2025 को जोधपुर का 567वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।

क्र. सं.	प्रमुख पुरस्कार	विजेता, 2025	क्षेत्र
1.	पद्म श्री कोमल कोठारी सम्मान	फतेहसिंह, स्व. जॉनसिंह	राजस्थानी जातीय व लोक संगीत
2.	पद्म श्री सीताराम लालसजी सम्मान	दीपसिंह भाटी	राजस्थानी भाषा व साहित्य संवर्धन
3.	राव जोधा सम्मान	NRI प्रेम भंडारी	समाज सेवा
4.	महाराजा हनवंतसिंह सम्मान	सुभाषचंद्र लाखोटिया	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
5.	महाराजा विजयसिंह सम्मान	पद्म श्री बतूल बेगम	लोक संगीत
6.	डॉ. नारायणसिंह भाटी 'मालूंगा' सम्मान	चंद्रप्रकाश देवल	काव्य साहित्य
7.	उस्ताद गुलाब खान अचीवमेंट सम्मान	रूप कुमार राठौड़	पार्श्व गायक, गजल गायक
8.	राजाराम मेघवाल सम्मान	राकेश सैनी	भांकरोटा, अग्निकांड में शौर्य सेवा
9.	मेजर दलपतसिंह सम्मान	ब्रिगेडियर सौरभसिंह शेखावत	असाधारण बहादुरी एवं शौर्यता
10.	मुहणौत नैणसी सम्मान	पलकी शर्मा उपाध्याय	

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह

- **आयोजन** – राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- **अवधि** – 07 अप्रैल, 2025
- **अभियान** – ''निरामय राजस्थान अभियान''
  - **घोषणा** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
  - **स्वास्थ्य संबंधी पहलें** –
    1. मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना
    2. मिशन मधुहारी
    3. मिशन लिवर स्माइल
    4. हीमो डायालिसिस वार्ड
    5. MAA (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य) योजना की ऐप लॉन्च एवं आयुष पैकेज

6. 29 स्तनपान प्रबंधन इकाई
7. 24 रामरथ (मोबाइल मेडिकल यूनिट)
8. 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस

निरामय राजस्थान अभियान

- **शुरूआत** – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 07 अप्रैल 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर।
- **उद्देश्य** –
  - राजस्थान में स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को सुदृढ करना।
  - मौसमी बीमारियों की रोकथाम करना।
  - जनस्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न करना।
- **प्रमुख नवाचारी पहलें** –

1. ईट राइट राजस्थान अभियान –
- स्वस्थ पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जंक-फूड की जगह पौष्टिक को प्रोत्साहित करना।

2. मिशन मधुहारी –
- ''टाइप-1 डायबिटीज'' से ग्रसित बच्चों के लिए समर्पित क्लिनिक शुरू जिसकी पायलट परियोजना जयपुर, नागौर, उदयपुर एवं जोधपुर के 12 जिला एवं उप-जिला अस्पतालों में की गई है।

3. मिशन लीवर स्माइल –
- फैटी लीवर रोग की रोकथाम और उपचार हेतु विशेष अभियान।

4. मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना–
- स्वास्थ्य सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को 11 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

राजस्थान में 1.3 गीगावॉट पीक पॉवर क्षमता युक्त सौर परियोजना शुरू

- **स्थान** - पोकरण एवं भणियाणा गाँव, जैसलमेर
- **उद्घाटन** - अक्षय ऊर्जा कंपनी ने राजस्थान के जैसलमेर में अपनी 1.3 GW सौर परियोजना का उद्घाटन 17 अप्रैल, 2025 को किया।
- **विशेषताएँ** –
  - इस परियोजना को 100% **''मेड-बाय-रिन्यू''** सौर पैनलो का उपयोग करके विकसित किया गया है।
  - 90% सोलर पैनल का निर्माण जयपुर स्थित भारतीय कंपनी रीन्यू ने किया।
  - सालाना लगभग 2409 मिलियन यूनिट्स विद्युत का उत्पादन की संभावना है।

नई किस्म-जोधपुर जीरा-1

- **विकसित** – जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा।
- **मंजूरी** – केन्द्रीय किस्म विमोचन समिति (CSC) द्वारा
- **विशेषता** –
  - पुरानी किस्म (GC-4) से 22.7% अधिक उत्पादन
  - राजस्थान व गुजरात के 5 कृषि केन्द्रों पर सफल
  - रोग प्रतिरोधक क्षमता (रोगों से बेहतर सुरक्षा)
  - पहली स्वदेशी किस्म 22 वर्ष बाद राजस्थान को मिली।

अक्षय ऊर्जा (सौर ऊर्जा) में राजस्थान शीर्ष पर

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की अप्रैल 2025 रिपोर्ट के अनुसार अक्षय ऊर्जा स्थापित क्षमता में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

रैंक	राज्य	अक्षय ऊर्जा क्षमता (मेगावॉट)	गीगावॉट
I^{st}	राजस्थान	34136	34.13
2^{nd}	गुजरात	33393	33.93
3^{rd}	तमिलनाडू	25241	25.24

- भारत की कुल अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता = 220.96GW
- कुल सौर ऊर्जा उत्पादन में 15% से अधिक हिस्सेदारी केवल राजस्थान की है।
- **सौर ऊर्जा उत्पादन लक्ष्य (2030 तक)**
  - भारत = 500 गीगावॉट
  - राजस्थान = 125 गीगावॉट

मलेरिया उन्मूलन में राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर कैटेगरी-1 की श्रेणी में

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय** –
  - राजस्थान को मलेरिया उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर कैटेगरी-1 की श्रेणी में वर्गीकृत किया है।
  - कैटगरी-1 इसमें वे राज्य आते है, जिनकी ''वार्षिक परजीवी सूचकांक'' (API) 01 से कम है।
- प्रदेश में 01 अप्रैल, 2025 से मलेरिया क्रैश कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
- मलेरिया से अधिक प्रभावित एवं **हाई रिस्क 09 जिलों में** विशेष ध्यान (अलवर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, बीकानेर, प्रतापगढ़, सलूम्बर, श्रीगंगानगर, उदयपुर) दिया जा रहा है।

विश्व मलेरिया दिवस

- *25 अप्रैल, 2025 को मनाया गया।*
- ***थीम*** *– ''मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश करें, पुर्नकल्पना करें, फिर से प्रज्वलित करें''*

पोकरण सोलर प्लांट

- **स्थान** – भिणाजपुरा गाँव, जैसलमेर
- **क्षमता** – 975 मेगावॉट
- **विशेष** –
  - देश का प्रथम 100% ''मेक इन इंडिया'' पद्धति से निर्मित सोलर प्लांट है।
  - 90% से अधिक सामग्री का निर्माण SEZ यूनिट जयपुर में बनी।

टी.बी. उन्मूलन

- राजस्थान को टी.बी. उन्मूलन में अथक प्रयासों हेतु राष्ट्रीय स्तर पर समग्र रूप से **''तीसरे स्थान पर पुरस्कृत''** किया गया।
- वर्ष 2024 में राजस्थान की 3,355 ग्राम पंचायतें टी.बी. मुक्त घोषित की गई।

टी.बी. मुक्त भारत अभियान

- ***अवधि*** *– 07 दिसम्बर 2024-17 मार्च, 2025 (100 दिवसीय कार्यक्रम)*
- ***संचालन*** *– 33 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में*
- ***राजस्थान*** *– राज्य के शामिल जिले = 05 (बारां, हनुमानगढ़, राजसमंद, झालावाड़, कोटा)*

एक राज्य-एक RRB नीति

- **प्रभावी** – 01 मई, 2025 से।
- **मंत्रालय** – वित्त मंत्रालय (कुल 26 RRB का विलय)
- **उद्देश्य** – एक राज्य के भीतर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको (RRBs) को एकीकृत कर एक **''एकल स्थायी समाधान सिस्टम''** लागू करना।
- **विशेष** – राजस्थान में ''राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक'' बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय कर **''राजस्थान ग्रामीण बैंक''** बनाया जाएगा। (**मुख्यालय** – जयपुर)
- **लाभ**
  - बैंकिंग परिचालन दक्षता क्षमता में वृद्धि।
  - बैंकिंग संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग होगा।
  - वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।
  - लागत में गुणवत्तापूर्ण सुधार होगा।

खेल गतिविधियाँ

8वीं फेडेरेशन कप वुशु प्रतियोगिता (पुरुष&महिला)

- **आयोजन** – बिलासपुर, छत्तीसगढ़
- **अवधि** – 24-28 मार्च 2025 तक
- **राजस्थान का प्रदर्शन** – कुल 21 पदक जीते।
  - स्वर्ण पदक = 5
  - रजत पदक = 8
  - कांस्य पदक = 8
- **पदक विजेता खिलाड़ी**

स्वर्ण पदक (5)	विजय भारद्वाज, लोकेश पूनिया, नीलम चौधरी, रजत प्रकाश गुप्ता, गुलशन बड़गुर्जर

कियाना परिहार

- **चर्चा में** – हाल ही में 12-18 अप्रैल, 2025 को विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप, **ग्रीस में कांस्य पदक** जीता।
- **निवासी** – उदयपुर
- **खेल** – शतरंज (अंडर-10 बालिका वर्ग)
- **अन्य उपलब्धियाँ** –
  - दिसम्बर 2024 में ''राष्ट्रीय अंडर-9 बालिका शतरंज चैम्पियन''
  - बाटुमी, जॉर्जिया में आयोजित फिडे वर्ल्ड कप, 2024 (U-10 बालिका वर्ग) में 9th स्थान मिला था।

अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता

- **आयोजन** – 20-22 अप्रैल, 2025
- **स्थल** – कोटा, राजस्थान
- **उद्घाटन** – लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा।
- **प्रतिभागी** – 26 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के महिला/पुरुष लगभग 800 से अधिक।
- **परिणाम**–
  - ✓ प्रथम स्थान – हरियाणा (16 स्वर्णपदक)
  - ✓ 5वाँ स्थान – राजस्थान (कुल 8 पदक, जिसमें अनुज कुमार विश्नोई ने 61 किग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक जीता)

लक्षिता महलावत

- **निवासी** – जयपुर
- **चर्चा में** – 15-18 अप्रैल, 2025 तक सऊदी अरब के दमाम में आयोजित 6वीं एशियन अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला डिस्कस-थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। (41.30 मीटर थ्रो)

मुकेश गौरा (वुशू के गोल्डन बॉय)

- **निवासी** – जयपुर
- **खेल** – वुशू (75 किग्रा. कैटेगरी)

- **चर्चा में** – 6-10 अप्रैल को चीन में आयोजित होने वाली 10वीं वर्ल्ड कप वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।
- नेशनल गेम्स में लगातार 03 बार गोल्ड तथा कुल 11 बार नेशनल प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीता है।
- मुकेश को महाराणा प्रताप अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

विविध

राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति

- **कार्यकाल** – 06 माह तक।
- **अध्यक्षता** – ललित के. पवार
- **उद्देश्य** –
  - प्रशासनिक इकाइयों में सुधार हेतु गठन किया गया।
  - राजस्व के क्षेत्र में प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन से जुड़ी अनुशंसाएँ करना एवं इसके तहत् राजस्व ग्राम, तहसीलों, उप-तहसीलों का भी पुनर्गठन करना।
- **सदस्य** – प्रमुख सचिव, राजस्व मंडल रजिस्ट्रार और पूर्व RAS अधिकारी रामनारायण शर्मा।

जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम

- **चर्चा में** – 28 मार्च, 2025 को राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने **जयपुर, जोधपुर, कोटा** में नगर निगमों के एकीकरण की अधिसूचना जारी की है।
- अब इन तीनों शहरों में पृथक-पृथक दो-दो नगर निगमों की जगह एक ही नगर निगम होगा।
- **विशेष** –
  - यह अधिसूचना नगर निगमों के वर्तमान कार्यकाल पूरा होने की तिथि से प्रभावी होगी।
  - इस अधिसूचना के प्रभावीकरण पश्चात **राजस्थान में नगर निगमों की संख्या 13 से घटकर फिर 10 हो जाएगी।**

12 नगरपालिकाओं का दर्जा समाप्त

- मार्च, 2025 में स्वायत्त शासन विभाग ने राज्य की 12 नगरपालिकाओं को फिर से ग्राम पंचायत में बदल दिया।
- राज्य सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाईकोर्ट के बाद लिया है।
- **निरस्त नगरपालिकाएँ (12) -**

  ऋषभदेव (उदयपुर), घाटोल (बांसवाड़ा), पोंख (झुंझुनूं), रायपुर (भीलवाड़ा) जावाल (सिरोही), रानी (अलवर) खीरनी (सवाई माधोपुर), लालगढ़ जाटान (श्रीगंगानगर), रामदेवरा(जैसलमेर), रानीवाड़ा (जालौर), सेमारी (सलूंबर), चावंड (सराड़ा)

पाँच जिलों में बनेगा नवीन रोप वे (रज्जुमार्ग)

- केन्द्रीय सड़क और परिवहन मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है।

क्र.सं.	जिला	कहाँ से	कहाँ तक	लंबाई
1.	सवाईमाधोपुर	जोगीमहल	त्रिनेत्र गणेश मंदिर	1.45 किमी.
2.	जयपुर	आमेर फोर्ट	नाहरगढ़ फोर्ट	6.60 किमी. **(सबसे लम्बा)**
3.	बूँदी	इन्द्रगढ़	बिजासन माता	600 मीटर
4.	चित्तौड़गढ़	विद्या निकेतन स्कूल छतरंग मोरी	चित्तौड़गढ फोर्ट	1 किमी.
5.	बांसवाड़ा	बंधारिया हनुमान मंदिर	समाई माता मंदिर	850 मीटर

प्रथम पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI)

- **जारीकर्त्ता मंत्रालय** - पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 हेतु प्रथम बार पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) बेसलाइन रिपोर्ट अप्रैल, 2025 जारी की।
- यह स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों के 09 विषयों में पंचायतों के प्रदर्शन को दर्शाता है।
- **राजस्थान का प्रदर्शन**
  - कुल 10,634 ग्राम पंचायतों ने PAI सत्यापन हेतु डेटा प्रस्तुत किया था।
  - शीर्ष पाँच पंचायतें

क्र.सं.	पंचायत	जिला	स्कोर
1.	पिंडलाव	साबला, डूंगरपुर	72.17
2.	सेहवाज	खर्ची, पाली	69.99
3.	पुराबारी	धोद, सीकर	69.50
4.	साजनवासी	नोखा, बीकानेर	69.43
5.	गोथरा लांबा	चिड़ावा, झुंझुनू	69.36

PAI, 2022-23 बेसलाइन रिपोर्ट अप्रैल 2025 में राज्यवार प्रदर्शन

1. प्रथम स्थान - गुजरात (346 ग्राम पंचायतें)

2. द्वितीय स्थान - तेलंगाना (270 ग्राम पंचायतें)

ओरण भूमि के लिए समिति गठित

- **गठन** - 16 अप्रैल, 2025
- **अध्यक्ष** - जितेन्द्र राय गोयल
- **चर्चा में** - ओरणभूमि, बचाओ को लेकर पश्चिमी राजस्थान (बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर) में पिछले दिनों सौलर ऊर्जा कंपनियों व आमजन के बीच विवाद चल रहा है। (ओरण भूमि बचाव आन्दोलन)
- **ओरण भूमि** - वह भूमि जिसे लोक देवताओं, देवालयों के नाम से आरक्षित रखा गया हो जिसके समीप वन-वन्यजीव पशुओं के विचरण एवं चरने हेतु स्थान आरक्षित हो।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस

- 16 अप्रैल, 2025 को 76वाँ राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाया गया।

- राजस्थान पुलिस ने मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक, 2025 में प्रथम बार दिए गए।
- **प्रमुख सम्मानित अधिकारी (कुल 40)**
  - मालिनी अग्रवाल (अतिरिक्त महानिदेशक, सिविल राइट्स, मानव तस्करी)
  - प्रफुल्ल कुमार (महानिरीक्षक सर्तकता)
  - प्रीति चंद्रा (उप-महानिरिक्षक प्रशिक्षक)
  - राशि डोगरा डूडी (पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर)

'राज्य सरकार पुलिस को और अधिक सक्षम एवं आधुनिक बनाने के लिए निरंतर उठा रही कदम'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिसकर्मियों के हित में कदम उठा रही है। उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है, ताकि कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए उन्हें अधिक सक्षम बनाया जा सके।

- इसी दिशा में पुलिस आधुनिकीकरण एवं संबंधित आधारभूत संरचना के लिए **200 करोड़ रुपये का पुलिस मॉडर्नाइजेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड** गठित किया जाएगा।
- साथ ही, प्रदेश में कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए **10 हजार पदों पर भर्ती** को स्वीकृति प्रदान की गई है।
- 5,500 नए पदों का सृजन किया गया है तथा इस वर्ष **3,500 नए पद सृजन** प्रस्तावित है।
- पद्मिनी, कालीबाई और अमृतादेवी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना के लिए पदों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तथा **500 कालिका पेट्रोलिंग टीम** के गठन के लिए प्रथम चरण में एक हजार कांस्टेबल के नवीन पदों के सृजन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।
- साथ ही, पुलिस विभाग एवं कारागार विभाग में कार्यरत **लांगरियों के मानदेय में 10% की वृद्धि एवं 250 लांगरी पदों का सृजन** भी किया गया है।
- हमारी सरकार प्रदेश के पुलिस विभाग को सशक्त और आधुनिक बनाने के लिए इसी तरह नवाचार करती रहेगी।
- पुलिस मोबेलिटी के लिए लगभग **750 मोटरसाइकिल एवं 500 हल्के वाहन** उपलब्ध करवाए गए हैं तथा आधुनिक उपकरणों के लिए 27 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं।
- **पुलिस दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र का क्रमोन्नयन** एवं विस्तार कर राजस्थान पुलिस तकनीकि प्रशिक्षण अकादमी के रूप में स्थापित किए जाने के लिए नवीन पदों के सृजन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है।
- 350 करोड़ रुपये की लागत से पुलिस मुख्यालय के तहत **सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल एंड वार रूम की स्थापना** की जाएगी।
- इसी तरह पुलिस को और अधिक प्रभावी एवं कार्यदक्ष बनाने के लिए करीब 60 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट

- **शुभारंभ** = 25 मार्च, 2023 (हरियाणा)
- प्रथम चरण पूरा करने का लक्ष्य = 2027 तक
- **विस्तार** – गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली के लगभग 1,400 किलोमीटर की लम्बाई तथा 05 किलोमीटर चौड़ाई में विस्तृत।
- **शामिल जिले** – राजस्थान के 19 जिलों को शामिल किया गया है। (बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, पाली, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, जयपुर, अलवर, नागौर इत्यादि)
- **उद्देश्य** –
  - रेगिस्तान के मार्च (विस्तार) की रोकथाम।
  - बंजर भूमि, क्षरण भूमि की रोकथाम करना।
  - रेगिस्तान व अरावली प्रदेश को हरा-भरा करना।
- **लक्ष्य** –
  - परियोजना के तहत् कुल 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को वर्ष 2030 तक बहाल करना है।
  - परियोजना के तहत् 81,6732 हेक्टेयर रिकॉर्डेड वन क्षेत्र (RFA) को हरा-भरा करने का लक्ष्य।

वैदिक संस्कार बोर्ड का गठन

- **गठन** – अप्रैल, 2025
- **मंजूरी** – शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा।
- **अध्यक्ष** – प्रो. गणेशी लाल सुथार
- **विभाग** – संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान
- **कुल सदस्य** = 22 (जिसमें 10 गैर-सरकारी सदस्य, 12 सरकारी पदेन सदस्य)
- **उद्देश्य** –
  - वेदों में निहित ज्ञानात्मक तत्वों का प्रचार-प्रसार करना।
  - वेदमंत्रों को सरल व स्पष्ट हिन्दी भाषा में अनुवाद करना।
  - वैदिक भाषा हेतु पाठ्यक्रम स्कूल व प्रबंधन तैयार करना।

रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित में राजस्थान शीर्ष पर

- केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने 02 अप्रैल, 2025 को लोकसभा में जानकारी दी।
- राज्य के 275 रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए जो देश में सर्वाधिक है। (दूसरा स्थान - महाराष्ट्र 270 रेलवे स्टेशन)
- भारत सरकार के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान देश में 25 गीगावॉट अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा जोड़ी गई।
- **लक्ष्य**
  - भारतीय रेलवे ने 2025-26 तक 100% विद्युतीकरण प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।
  - 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जक बनाना।
  - रेलवे की योजना 2030 तक खाली रेलवे भूमि का उपयोग करके 20 गीगावॉट तक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की है।

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा-2025

- **आयोजन** - 8-22 अप्रैल, 2025 तक।
- राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत् गतिविधियों की एंट्रीज करने में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान पर रहा।
- राजस्थान के जिला रैंकिंग में चुरू प्रथम तथा श्रीगंगानगर जिला दूसरे स्थान पर रहा।

देश की सबसे बड़ी पुस्तक

- **विमोचन** - जिनशासन तीर्थ क्षेत्र ज्ञान कल्याण महोत्सव, अजमेर।
- **विशेषता**
  1. 18 पेज की इस पुस्तक में आचार्य विद्यानंद महाराज की जीवनी लिखी गई है।
  2. 36 फीट लंबी और 24 फीट चौड़ी इस पुस्तक को **''वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड''** में भी दर्ज किया गया।

सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने हेतु समझौता

- सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने के लिए राजस्थान सरकार तथा हरियाणा सरकार ने मिलकर निम्न संस्थानों के साथ MoU किया।
  1. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
  2. केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI)
  3. डेनमार्क सरकार की टीम
  4. IIT (BHU) - वाराणसी
- **उद्देश्य**
  - उपर्युक्त संस्थानों द्वारा नदी के वास्तविक बहाव क्षेत्र का चैनल एवं रोडमैप तैयार करना।
  - बहाव क्षेत्र को अधिसूचित करके वहाँ अतिक्रमण/अन्य बाधाओं को हटाना।
- **विशेष** - 28 अप्रैल, 2025 को जयपुर स्थित बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया था।

राइजिंग राजस्थान

- **इम्पैक्ट 1.0** = 31 मार्च 2025, जयपुर
- **लक्ष्य** = राजस्थान की अर्थव्यवस्था 2030 तक 350 बिलियन डॉलर सृजित करना।
- **कुल MoU** = रु. 35 लाख करोड़ (सर्वाधिक ऊर्जा क्षेत्र)

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता, सुशासन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ निवेश स्थल बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

□ इसी का परिणाम है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हस्ताक्षरित हुए निवेश प्रस्तावों में से 3 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की आज ग्राउण्ड ब्रेकिंग की गई है।

□ इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि उद्योगपति अपने निवेश, युवा अपनी प्रतिभा तथा किसान अपनी मेहनत से ऐसे राजस्थान का निर्माण करें, जो न केवल भारत का गौरव बने, बल्कि विश्व में अपनी पहचान स्थापित करे।

□ श्री शर्मा सोमवार को जयपुर के निजी होटल में आयोजित निवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस बार राजस्थान दिवस पर सात दिवसीय महोत्सव का आयोजन कर महिला, किसान, युवाओं के उत्थान और गरीब कल्याण की कई सौगातें दी हैं।

□ इसी कड़ी में आज हम यहां निवेश उत्सव मना रहे हैं, जो कि राज्य के आर्थिक विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों का कार्य प्रारंभ किया

श्री शर्मा ने कहा कि आज का निवेश उत्सव एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन इम्पैक्ट 1.0 (इम्पैक्ट वन प्वाइंट ओ) पर केंद्रित है, जो राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत किए गए एमओयू को धरातल पर उतारने के हमारे प्रयासों को दर्शाता है।

□ राज्य सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए त्रिस्तरीय रिव्यू मैकेनिज्म बनाया है। हर विभाग और जिले में डेडिकेटेड टीम बनाई, जो इन एमओयू की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है, ताकि निवेश का हर प्रस्ताव समय पर कार्यान्वित हो सके।

□ सतत पर्यवेक्षण का ही परिणाम है कि राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू में से 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग हो रही है। कार्यक्रम में इस संबंध में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनेगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'विकसित भारत 2047' का जो विजन रखा है, वह केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि हमारी आत्मनिर्भरता, समृद्धि और वैश्विक नेतृत्व के प्रति दृढ़ संकल्प है। इसी विजन को आधार बनाकर हम राजस्थान में 'विकसित राजस्थान 2047' का सपना देख रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम वर्ष 2030 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाएं। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के लिए समृद्धि और हमारे उद्यमियों के लिए अवसरों का एक नया युग साबित होगा। हम हर लक्ष्य की प्राप्ति करेगें क्योंकि हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं।

-श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

16 मार्च से 30 अप्रैल तक निष्पादित होने वाले सभी एमओयू पर भी डायरेक्ट एलॉटमेंट पॉलिसी लागू होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने रीको औद्योगिक क्षेत्रों के लिए डायरेक्ट लैंड एलॉटमेंट पॉलिसी लॉन्च की, जिसमें उन सभी एमओयू धारकों को शामिल किया गया, जिन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत सरकार के साथ 15 मार्च तक एमओयू निष्पादित किए।

□ निवेशकों के उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष आवंटन नीति 16 मार्च से 30 अप्रैल तक निष्पादित होने वाले सभी नये एमओयू पर भी लागू किए जाने की घोषणा की।

□ ये एमओयू धारक अगले आवेदन प्रक्रिया के दौर में इस नीति का लाभ उठा सकेंगे, जो ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा और 15 मई से सभी के लिए पुनः खोला जाएगा।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- भीलवाड़ा, निवासी 04 वर्षीय रबानी कौर ने कथक नृत्य की सभी 55 मुद्राओं के नाम सबसे तेज (1 मिनट) बताने का रिकॉर्ड बनाया है।
- ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (AITA) के तत्वावधान में प्रोफेशनल क्लब द्वारा आयोजित प्रो टेनिस अंडर-10 (बालिका वर्ग) चैम्पियनशिप में जयपुर की आराध्या मिश्रा गर्ल्स सिंगल्स में राष्ट्रीय चैम्पियन बनी।
- मिशन ओर्लंपिक-2028 के तहत् 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा और जयपुर में 20 करोड़ की लागत से **''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स''** की स्थापना की जाएगी।
- ''भारत का प्रथम सिकल सेल वेलनेस हब'' का उद्घाटन 26 मार्च, 2025 को राजस्थान के जनजातिय मंत्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा राजस्थान के उदयपुर जिले में बाल चिकित्सालय स्थित ''सिकल सेल एक्सीलेंस सेंटर'' में किया गया।

- **इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025 -**
  - राजस्थान महिलाओं के लिए 89.38% रोजगार संसाधन के साथ देश में प्रथम स्थान पर है।
  - ''क्रिटिकल थिंकिंग'' में उत्तरप्रदेश पहले, ''राजस्थान दूसरे'' तथा मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर रहे।
- राजस्थान की युवा क्रिकेटर, कौशल्या चौधरी का चयन NCA के U-23 महिला इमर्जिंग हाई परफॉमेंस प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया। तथा हाल ही में RCA (राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन) ने ''एप्रिशिएशन अवॉर्ड'' से सम्मानित भी किया था।
- राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI), 2025 (जारीकर्ता - नीति आयोग) में राजस्थान 28.8 FHI स्कोर के साथ 12 वें स्थान पर रहा। (परफॉर्मर श्रेणी)
- **महाराणा सांगा की 543 वीं जयंती 12 अप्रैल, 2025** को मनाई गई। महाराणा सांगा की छतरी मांडलगढ़, भीलवाड़ा में स्थित है।
- दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता ''विजी मिस एंड मिसेज इंडिया 2025'' में उदयपुर की विनीता श्री माली ने फर्स्ट रनर-अप का खिताब जीता।
- बजट घोषणा 2025-26 के तहत् सात नए जिलों में साइबर थाने खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति गृह विभाग ने दी (ब्यावर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, खेरथल -तिजारा, कोटपुतली-बहरोड़, फलौदी, सलूंबर)
- झालावाड़ स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय एयरपोर्ट की पहली उड़ान एयरपोर्ट से दिल्ली का शुभारंभ वसुंधरा राजे ने 12 अप्रैल, 2025 को किया।
- राजस्थान का प्रथम शहर जहाँ पर CSIR द्वारा ट्रैफिक मास्टर प्लान तैयार किया गया - भरतपुर
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) में नवाचारो के तहत् देश के तीन जिलों में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर, कानाराम को पुरस्कृत किया गया।
- माउंट आबू (सिरोही) में स्थित ब्रह्मकुमारिज संस्थान की प्रमुख रही 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी का हाल ही में निधन हो गया।
- **राजयोगिनी मोहिनी दीदी** - ब्रह्मकुमारीज संस्थान, सिरोही की नई मुखिया बनाई गई।
- अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम मंदिर की प्रतिमा के वास्तुकार अरूण योगीराज को राज्यपाल बागड़े ने बीकानेर वेटनरी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि से नवाजा।
- पाली निवासी अमराराम गुर्जर को मलावी देश में भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।
- जोधपुर निवासी डॉ. मांगीलाल जाट को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) का महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग का सचिव नियुक्त किया गया।
- जयपुर निवासी शिल्पगुरु बाबूलाल मारोटिया को चित्रकला के क्षेत्र ''वरिष्ठ नागरिक राष्ट्रीय पुरस्कार वर्ष 2022'' से सम्मानित किया गया।
- राजस्थान सरकार में जयपुर शिक्षा संकुल स्थित राजीव गाँधी विद्या भवन का नाम परिवर्तित कर अब **पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होल्कर** कर दिया है।
- राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए पांडुलिपि प्रकाशन सहयोग के तहत् 81 पांडुलिपि शामिल की गई।
- राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (NEERI) को सुप्रीमकोर्ट ने आदेश देकर राजस्थान के अजमेर, स्थित सेवन वंडर्स पार्क और 02 वेटलैंड की रिपोर्ट बनाने का आदेश दिया।
- जयपुर स्थित **''नाहरगढ़ वैक्स म्यूजियम''** में 16 अप्रैल, 2025 को सवाई भवानी सिंह का वैक्स फिगर लगाया गया।
- ''बच्चे दो ही अच्छे अभियान'' के तहत् परिवार कल्याण में जिलों का प्रदर्शन शीर्ष जिला - हनुमानगढ़ (121% निर्धारित लक्ष्य से अधिक) तथा दूसरा स्थान झालावाड़ (118.7%) एवं बारां (12.2%) के साथ तीसरे स्थान पर है।
- IIT गाँधीनगर एवं NASA द्वारा तैयार ''बे-एरिया एनवायरमेंटल रिसर्च रिपोर्ट'' में हरे-भरे रेगिस्तानों में थार मरुस्थल का प्रथम स्थान है। इसमें कुल 14 मरुस्थलों के आँकड़े शामिल किए गए थे।

- **पोस्टल बड्डी ऐप** – नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर, श्रीगंगानगर द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान विकसित जिनका प्रयोग अब असम विधानसभा चुनावों में किया जाएगा। यह पोस्टल तथा होम वोटिंग की प्रक्रिया की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करता है।
- एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार, भारत के थार रेगिस्तान में विगत दो दशकों के दौरान मानसूनी वर्षा में वृद्धि और कृषि प्रसार के चलते हरियाली में प्रतिवर्ष 38% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।
- 01 अप्रैल, 2025 को NIMS विश्वविद्यालय, जयपुर में प्रदेश के प्रथम ''डेडिकेटेड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस'' रोबोटिक्स एवं साइबरनेटिक्स संस्थान का उद्घाटन किया गया **(राज्य का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय AI रोबोटिक्स संस्थान)**
- राजस्थान पर्यटन को मुम्बई में आयोजित पुरस्कार समारोह में ''बेस्ट क्रिएटिव फिल्म अवॉर्ड (रोमांस ऑफ राजस्थान) मिला।
- लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित 47वीं जूनियर नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान ने कांस्य पदक (राजस्थान व महाराष्ट्र संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर) जीता।
- जयपुर की ताइक्वांडो पलक दशलानिया ने भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया IPSC गर्ल्स ताइक्वांडो टूर्नामेंट में अंडर-17 (52-55 किलोग्राम वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता।
- अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत ''जाम्बियाई प्रतिनिधि मंडल'' ने जयपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक, अपेक्स बैंक बीलवा ग्राम सेवा सहकारी समिति, बड़का बालाजी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का दौरा किया।
- जयपुर मेट्रो का विस्तार – सीतापुरा से अंबाबाड़ी एवं विद्याधर नगर (टोडी मोड़ तक) कार्य प्रस्तावित दूसरा चरण 36 किलोमीटर का होगा।
- जयपुर की तारावती सैनी ''नीरज'' ने भारत की सबसे छोटी कविता ''राख'' शीर्षक से लिखी। जिसे ''इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस'' में शामिल किया गया।
- कंबोडिया में 26-30 मार्च, 2025 तक आयोजित एशियन पैरा थ्रो बॉल चैम्पियनशिप में राजस्थान के रणजीत गुर्जर ने कांस्य पदक जीता।
- देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रदर्शन – कुल 6 पदक जीते
(2 रजत, हिमांशी विश्नोई), (4 कांस्य, यश यादव)

❖❖❖

राजस्थान सरकार की नवघोषित 25 फ्लैगशिप योजनाएँ/कार्यक्रम

- **उद्देश्य** – राज्य सरकार ने समाज के **''कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण''** तथा उन्हें **''समाज की मुख्य धारा में लाने''** हेतु राज्य निधि से संचालित एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं/कार्यक्रमों में से 25 **को फ्लैगशिप घोषित किया है।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग

1. नवीन परिवारों को NFSA से लाभान्वित करना

- **प्रमुख घटक** – बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार प्रदेश में खाद्य सुरक्षा का लाभ वास्तविक जरूरतमंदो को प्राप्त हो सके एवं 10 लाख नवीन इकाईयों को NFSA से लाभान्वित के रूप में जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 –

- ***लागू*** *– 05 जुलाई, 2013*
- ***उद्देश्य*** *– खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाना, कुपोषण एवं भूखमरी को कम करना।*
- ***कवर एरिया*** *–*
  - *66% जनसंख्या (75% ग्रामीण जनसंख्या एवं 50% शहरी जनसंख्या)*
  - *प्राथमिकता वाले परिवारों को = 05 किलोग्राम प्रतिव्यक्ति/प्रतिमाह*
  - *अंत्योदय परिवारों को = 35 किलोग्राम प्रतिपरिवार/प्रतिमाह*
- ***विशेषताएँ*** *–*
  - *NFSA के तहत् अनुदानित दरों पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।*
    1. *मोटा अनाज = 1 रुपये प्रति किलोग्राम*
    2. *गेहूँ = 2 रुपये प्रति किलोग्राम*
    3. *चावल = 3 रुपये प्रति किलोग्राम*
  - *यह सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में लागू हैं।*
  - *भारत की लगभग 80 करोड़ आबादी को शामिल करते हुए यह विश्व का सबसे बड़ा कानून आधारित खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम है।*
  - *इसमें मध्याह्न भोजन योजना, एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS), सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) प्रणाली शामिल हैं।*
  - *NFSA 2013 के तहत् पहली बार ''सार्वभौमिक मातृत्व अधिकार'' स्थापित किए गए।*
  - *वर्ष 2017 से ''सार्वभौमिक मातृत्व अधिकार'' प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत् संचालित हो रहे हैं।*
  - *सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार हेतु हाल ही में 03 नवीन डिजिटल पहलें शुरू की गई।*
    1. ***डिपो दर्पण पोर्टल*** *– अधिकारियों को अपने संचालन का मूल्यांकन व सुधार करना।*
    2. ***अन्न मित्रा मोबाइल एप*** *– पीडीएस के फील्ड स्तर के हितधारकों को सुरक्षित एवं वास्तविक समय में आवश्यक डेटा तक पहुँच प्रदान करेगा।*
    3. ***अन्न सहायता*** *– उन्नत शिकायत निवारण प्रणाली/तंत्र।*

गिव-अप अभियान

- ***उद्देश्य*** *– NFSA में नए आवेदन के साथ-साथ ''सक्षम व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा प्रणाली से नाम हटवाने हेतु प्रेरित करना''*
- ***वेबसाइट*** *– www.food.rajasthan.gov.in*
- ***विभाग*** *– खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान सरकार*
- ***नाम हटवाने/निष्कासन के आधार*** *–*
  - *ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 01 लाख रूपये से अधिक हों।*
  - *ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान में नियमित कर्मचारी हो अथवा 01 लाख से अधिक पेंशन प्राप्त करता हों।*
  - *ऐसे परिवार जिनके किसी सदस्य के नाम निजी चौपहिया वाहन हो।*
  - *परिवार का कोई एक सदस्य आयकर दाता हों।*

ऊर्जा विभाग

2. प्रधानमंत्री कुसुम योजना

- **शुरूआत** – मार्च, 2019
- **क्रियान्वयन** – नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय।
- **उद्देश्य** – किसानों को ऊर्जा सुरक्षा एवं जल सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी अतिरिक्त आय बढ़ाने एवं कृषि क्षेत्र को डीजल मुक्त बनाने पर बल देना।
- **प्रमुख घटक** – सौर पंपो और ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रो की स्थापना के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने ''किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान'' ''कुसुम योजना'' शुरू की।
- **वित्तीय अनुदान**
  - 60% अनुदान (केन्द्र=30%), (राज्य=30%)
  - कृषक 30% तक ऋण बैंक से प्राप्त तथा 10% स्वयं वहन करेगा।
- **प्रमुख घटक – तीन**

  A. किसान अपनी बंजर/अनुपयोगी भूमि पर 0.5-2 मेगावॉट ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रो की स्थापना।

  B. 7.5 एचपी क्षमता तक के स्वतंत्र और कृषि पंपो की स्थापना (20 लाख सौर ऊर्जा चालित कृष पंप)

  C. ग्रिड से जुड़े 7.5 एचपी क्षमता तक के मौजूदा कृषि पंपो का सौर ऊर्जा से संचालन करना (15 लाख सौर ऊर्जा चालित कृषि पंप)

- *देश का प्रथम सौर ऊर्जा संयंत्र = भालोजी गाँव, कोटपूतली, जयपुर।*
- *राजस्थान का दूसरा संयंत्र = घड़सीसर, चुरू।*
- *पीएम कुसुम योजना का लक्ष्य राजस्थान में 2600 मेगावॉट क्षमता के संयंत्र स्थापित करना है।*

❐ **पी.एम. कुसुम (किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान) योजना के घटकों का विवरण**

घटक - A	घटक - B	घटक - C
• **प्रथम चरण** - ➢ **संचालन** = राजस्थान अक्षय ऊर्जा लिमिटेड (RRECL) ➢ **दिसम्बर, 2024 तक** 602 MW क्षमता के 489 सौर ऊर्जा संयंत्रो के ''विद्युत क्रय अनुबंध'' (पीपीए) किये जा चुके है। • **द्वितीय चरण** ➢ **संचालन** = राजस्थान डिस्कॉम्स ➢ 23 जुलाई, 2024 को राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान डिस्कॉम्स को हस्तांतरित कर दिया गया। ➢ **लक्ष्य** = 1000 MW जिसमें से - (JVVNL = 335 MW) (AVVNL = 330 MW) (JDVVNL = 335 MW) ➢ 28 अक्टूबर, 2024 को राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (RERC) ने रूपये 3.04 प्रति यूनिट टैरिफ को मंजूरी दी।	• 7.5 एचपी क्षमता तक के स्वतंत्र 20 लाख सौर ऊर्जा चालित कृषि पंपो का सौरीकरण। • व्यक्तिगत किसान/जल उपयोग संघ/ संचार या समूह आधारित सिंचाई प्रणाली को 7.5 एचपी की क्षमता वाले स्वायत्त सौर कृषि पंप स्थापित करने के लिए समर्थन दिया जाएगा। • **वित्तीय सहायता** - केन्द्र सरकार 30% (पूर्वोत्तर/पहाड़ी क्षेत्र/द्वीपों के लिए 50%) केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।	• **फीडर लेवल सोलराइजेशन** • एक या अधिक अलग-अलग कृषि फीडरों की बिजली की आवश्यकता को उस फीडर को बिजली की आपूर्ति करने के लिए कैपेक्स/रिस्को मोड द्वारा स्थापित। ❖ **संपूर्ण योजना की प्रगति** ➢ योजनान्तर्गत चयनित कुल सब स्टेशन = 5020 ➢ सौलर पॉवर प्लांट की लक्षित क्षमता = 17,155MW ➢ **राजस्थान डिस्कॉम** द्वारा 4444 MW एसपीवी संयंत्र क्षमता के 3.13 लाख कृषि पम्प को सौर ऊर्जाकरित करने हेतु लेटर ऑफ अवॉर्ड (LOA) जारी किए जा चुके हैं। ➢ दिसम्बर, 2024 तक 93.41MW क्षमता के 36 ऊर्जा संयंत्र चालू हो चुके है।

3. संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (RDSS)

- **उद्देश्य** - भारत सरकार ने पूर्व योग्यता मानदंडो को पूरा करने और बुनियादी न्यूनतम बेंचमार्क प्राप्त करने के आधार पर आपूर्ति के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने के लिए डिस्कॉम्स को परिणाम से जुड़ी वित्तीय सहायता प्रदान करके परिचालन क्षमता व दक्षता को सुधारना।
- **लक्ष्य** = 2024-25 तक **एटी एंड सी घाटे** (ऊर्जा हानि) को अखिल भारतीय स्तर पर 12-15% तक कम करना। (AT&C = एग्रीगेट ट्रांसमिशन एंड कॉमर्शियल घाटा)

- **परिव्यय** = वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 3,03,758 करोड़।
- **घटक** –

  A. प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग और सिस्टम मीटरिंग के लिए वित्तीय सहायता।

  B. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण और अन्य सक्षम व सहायक जानकारी।
- **लाभ** = वित्तीय रूप से टिकाऊ और परिचालन रूप से कुशल वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की गुणवता विश्वसनीयता और सामर्थ्य में सुधार।

महिला अधिकारिता विभाग

4. लाडो प्रोत्साहन योजना

- **शुरूआत** – 01 अगस्त, 2024
- **पूर्व नाम** – मुख्यमंत्री राजश्री योजना
- **प्रथम किस्त ट्रांसफर** – 14 दिसम्बर, 2024 को महिला सम्मेलन, उदयपुर में की गई।
- **उद्देश्य** – बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना, बालिका के समग्र विकास (स्वास्थ्य, शिक्षा) को सुनिश्चित करना।
- **मुख्य लक्ष्य** –
  - ➢ समाज में लैंगिक भेद-भाव समाप्त करना।
  - ➢ मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करना।
  - ➢ बाल-विवाह जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाना।
  - ➢ बालिका शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार।
- **पात्रता** –
  - ➢ माता राजस्थान की निवासी हो।
  - ➢ 01 अगस्त, 2024 के बाद जन्मी बालिकाएँ।
  - ➢ जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत किसी सरकारी या स्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में जन्म हुआ हो।
- **लाभ** – गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण की चिंता माता-पिता को नहीं हो इसलिए बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष पूर्ण करने तक राज्य सरकार द्वारा **कुल 7 किश्तों में 1.50 लाख रूपये की राशि** उपलब्ध करवाई जाएगी।
- **विशेष** – 08 मार्च, 2025 (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस) को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने **योजना की राशि 01 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख कर दी है।**

किश्तें	समयावधि	अनुदान राशि (रुपये)
1.	पात्र चिकित्सा संस्थान में बालिका के जन्म पर।	5000/-
2.	समस्त टीकाकरण होने तथा आयु एक वर्ष पूर्ण होने पर।	5000/-
3.	प्रथम कक्षा में प्रवेश पर (राजकीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल)	10,000/-
4.	छठी कक्षा में प्रवेश पर (राजकीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल)	15,000/-
5.	10वीं कक्षा में प्रवेश पर (राजकीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल)	20,000/-
6.	12वीं कक्षा में प्रवेश पर (राजकीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल)	25,000/-
7.	स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण + आयु 21 वर्ष पूर्ण (राजकीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज)	70,000/-
		1,50,000/-

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग

5. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)

- **शुरूआत** - 01 जुलाई, 2015
- **नोडल एजेंसी** - उद्यानिकी विभाग, भारत सरकार।
- **वित्तीय पैटर्न** - केन्द्र : राज्य (60:40)
- **टैगलाइन** - ''प्रति बूँद-अधिक फसल'' (Per Drop - More Crop)
- **उद्देश्य**
  - ➢ हर खेत में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध करवाना।
  - ➢ जल उपयोग दक्षता में सुधार करना।
  - ➢ स्थायी जल संरक्षण पद्धतियों का उपयोग।
  - ➢ सुनियोजित सिंचाई के तहत् खेती योग्य क्षेत्रों का विस्तार करना।
- **लाभ**
  1. जल प्रबंधन के कारण सिंचित क्षेत्र बढ़ेगा जिससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा।
  2. जल प्रबंधन की नई तकनीकों को बढ़ावा -
     - ✓ बूँद-बूँद सिंचाई पद्धति
     - ✓ फव्वारा पद्धति
- **प्रमुख घटक** - सिंचाई प्रणाली हेतु विभिन्न घटकों जैसे - तारबंदी डिग्गी, फार्म पौण्ड, जलहोज निर्माण, ग्रीन हाउस, पाली हाउस, शेड नेट, प्लास्टिक मल्चिंग, लॉ-टनल एवं ड्रिप/स्प्रिंकलर की स्थापना में किसानो को अनुदान तथा भूमिहीन कृषि श्रमिकों को 5000 रुपये लागत तक के कृषि यंत्र एवं उपकरण।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)	
जलग्रहण विकास घटक (WDC-PMKSY 2.0)	**सूक्ष्म सिंचाई (PMKSY-MI)**
• WDC-PMKSY 2.0 के अन्तर्गत, वर्ष 2021-22 व 2022-23 में 1858.85 करोड़ की लागत से 30 जिलों को कवर करके 7.50 लाख हैक्टेयर के उपचार हेतु 149 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। **विशेषताएँ** – 1. जल संचयन संरचनाओं का विकास। **उदा.** चेकडेम, खेत तालाब, अमृत सरोवर 2. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन। **उदा.** मृदा और आर्द्रता संरक्षण जल निकासी रेखा उपचार 3. प्रभावी वर्षा जल संग्रहण विधि। **उदा.** खेत में मेड़ बांधना	• सिंचाई क्षेत्र की ड्रिप व स्प्रिंकलर तकनीकें सबसे उपयुक्त हैं। जिससे कृषि में फसल उत्पादन व गुणवता में वृद्धि होती है। • राज्य का 91,250 हैक्टेयर क्षेत्र ड्रिप, मिनी फव्वारा संयंत्रो सिंचाई के अन्तर्गत आता है। • किसानों को सब्सिडी भी दी जाती है। 1. सामान्य किसान = 70% ✓ 27% केन्द्र सरकार ✓ 18% राज्य सरकार ✓ 25% अतिरिक्त राज्य हिस्सा 2. SC/ST/महिला/लघु और सीमांत किसान = 75%

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

6. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM)

- **शुरूआत** – 23 सितम्बर, 2018
- **उद्देश्य** – गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा उपलब्ध करवाना है।
- **लाभ**
  - ➢ प्रति परिवार प्रति वर्ष 05 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस ईलाज।
  - ➢ मार्च 2025 तक (27.39 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए)

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

- ***पूर्व नाम*** *– मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना*
- ***शुरूआत*** *– 01 मई, 2021*

- ***नाम परिवर्तन*** – *19 फरवरी, 2024*
- ***उद्देश्य*** – *राजस्थान की आबादी को सस्ती स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध करवाना।*
- ***पात्रता***
  - *राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) में शामिल परिवार, वरिष्ठ नागरिक (70 वर्ष से अधिक आयु)*
  - *Covid-19 अनुग्रह के लाभार्थी*
  - *छोटे एवं सीमांत किसान, EWS, संविदाकर्मी*
  - *SECC (सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना, 2011) में शामिल परिवार*
- ***विशेष*** – *शेष आबादी प्रतिवर्ष प्रति परिवार 850 रूपये की राशि का भुगतान करके योजना में शामिल हो सकते है। शेष प्रीमियम लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।*
- ***लाभ***
  1. योजनान्तर्गत प्रति परिवार प्रति वर्ष 25 लाख रूपये का कैशलेस उपचार प्रदान किया जा रहा है–
     - ✓ बीमा मोड = 5 लाख रुपये तक
     - ✓ ट्रस्ट मोड = 20 लाख रुपये तक
  2. योजनान्तर्गत अंग प्रत्यारोपण (अस्थिमज्जा प्रत्यारोपण, किडनी प्रत्यारोपण, लिवर प्रत्यारोपण) और कॉकलियर इम्प्लांट के लिए विशेष पैकेज भी शामिल है।
  3. बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार कैंसर उपचार के **''73 डे केयर पैकेज''** भी शामिल है।

भू-जल विभाग

7. कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान

- **शुरूआत** – 15 जनवरी, 2025
- **उद्घाटन** – मुख्यमंत्री भजनजाल शर्मा द्वारा।
- **उद्देश्य** –
  1. भू-जल का पुनर्भरण, प्रबंधन, गुणवत्ता को बेहतर करना।
  2. वर्षा जल संरक्षण की परंपरा को पुनजीर्वित करना।
  3. प्राचीन जलीय संरचनाओं को चिह्नित करके कायाकल्प करना।
- **मुख्य बिन्दु**
  1. **लक्ष्य** – राजस्थान में वर्ष 2027-28 तक 45,000 **''रैन वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर''** बनाए जाएँगे।
  2. अभियान के तहत् पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शामिल जिले (06) – भीलवाड़ा, जोधपुर, पाली, सिरोही, झुन्झुनूं, जयपुर।
  3. यह अभियान जल संचयन में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की नवाचारी पहल **''कैच द रेन''** से प्रेरित है।

4. प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जल के रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण करना।
5. **भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण कार्यों को गति दी जा रही है।**
6. खड़गदा गाँव, डूंगरपुर के ग्रामीणों ने 09 महीने के भीतर मोरन नदी को चौड़ा व गहरा करके जल संरक्षण की नई मिसाल पेश की है।

पंचायती राज विभाग

8. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

- **शुरूआत** - 02 अक्टुबर, 2014
- **द्वितीय चरण** (वर्ष 2020-21 से 2025-26)
- **उद्देश्य** - गाँवो में ODF की स्थिति को बनाए रखना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों द्वारा स्वच्छता के स्तर में सुधारकर गाँवो को ODF प्लस बनाना है।
- **नोट** - राजस्थान 30 मार्च, 2018 तक **खुले में शौच से मुक्त** (ODF) घोषित किया जा चुका है।

- **दिसम्बर 2024 तक की उपलब्धियाँ –**

1.	**व्यक्तिगत घरेलू शौचालय**	• व्यक्तिगत घरेलू शौचालय की एक इकाई के निर्माण और उपयोग के लिए रुपये 12,000 की प्रोत्साहन राशि गरीबी रेखा से नीचे SC/ST, छोटे और सीमांत किसानों, भूमिहीन मजदूरों, शारीरिक रूप से विकलांग और महिला मुखिया वाले परिवारों को प्रदान की जा रही हैं। • वर्ष 2024-25 में कुल 1,03,566 शौचालयों का निर्माण किया गया।
2.	**सामुदायिक स्वच्छता परिसर**	• ग्राम पंचायत द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष प्रावधान के साथ रूपये 03 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण। • 15वें वित्त आयोग से 30% राशि व्यय करने का प्रावधान है। • वर्ष 2024-25 (दिसम्बर, 2025) के दौरान कुल 1238 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया।
3.	**ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन**	• गाँवों को ODF प्लस आदर्श गाँवों के रूप में विकसित किया जा रहा है। • वर्ष 2024-25 (दिसम्बर, 2024) में कुल 32,793 गाँवों को ODF Plus आदर्श गाँव के रूप में विकसित किया गया।

नोट :- गोबरधन योजना

- ***क्या*** *– यह स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत एक नवाचारी पहल है।*
- ***उद्देश्य*** *– पशुओं के गोबर और जैविक कचरे से गाँवों को साफ करके ऊर्जा और खाद का उत्पादन करके आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित करना है।*
- ***उपलब्धि*** *–*
  - *प्रत्येक जिलें में एक आदर्श गोबरधन परियोजना स्थापित की जा रही है।*
  - *दिसम्बर, 2024 तक कुल 11 गोबरधन परियोजनाएँ विकसित की गई है।*

9. स्वामित्व योजना (Survey of Villages Abadi and Mapping with Improvised Technology in Village Areas)

- **शुरूआत** – 24 अप्रैल, 2020 (24 अप्रैल को पंचायतीराज दिवस मनाया जाता है)
- **मंत्रालय** – पंचायतीराज मंत्रालय
- **उद्देश्य** – ग्रामीणों की भूमि/संपति के रिकॉर्ड का डिजिटलाइजेशन करके और उनका अपना मालिकाना हक प्रदत करवाना है।
- **विशेष** – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जनवरी, 2025 को देश के 10 राज्यों व 02 केन्द्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गाँवों के 65 लाख से अधिक लोगो को संपति कार्ड वितरित किए।

- **राजस्थान विशेष** –
  - ➢ स्वामित्व योजना के तहत् कुल 65 लाख सम्पत्ति कार्डो में से राजस्थान में 1.50 लाख लाभार्थियों को कार्ड एवं पट्टे वितरित किए।
  - ➢ प्रधानमंत्री मोदी ने 18 जनवरी, 2025 को श्रीगंगानगर जिले की रचना नामक महिला से स्वामित्व हक प्राप्ति के विषय पर संवाद भी किया।

10. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0

- **शुरूआत** – 18 फरवरी, 2024
- **प्रमुख घटक** – 4700 से अधिक गाँवों में वॉटर हारवेस्टिंग संरचनाओं हेतु एक लाख कार्य करवाए जाएँगे।
- **उद्देश्य** – जल की उपलब्धि को सुनिश्चित करना तथा नवीन एनीकेट, खेत तालाब, मिनी परकोलेशन टैंक (MPT) जल संचयन संरचनाओं आदि का निर्माण करना।
- **लक्ष्य** – मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत् 4 वर्षों में 20 हजार गाँवों में 5 लाख वॉटर हारवेस्टिंग संरचनाएँ स्थापित करना।
- **नोट :** मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत 27 जनवरी, 2016 को गरदन खेड़ी, झालावाड़ से हुई थी।

11. अटल ज्ञान केन्द्र

- **घोषणा** – 25 दिसम्बर 2024 (राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर) को प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अटल ज्ञान केन्द्र खोले जाने की घोषणा की गई।
- **उद्देश्य** – 3000 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत मुख्यालयों में प्रेरकों द्वारा युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण एवं ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था।

स्कूल शिक्षा

12. मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान

- **पूर्व नाम** – ''राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम''
- **शुरूआत** – 29 मार्च, 2025
- **उद्देश्य** – नवीन शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को गति देने तथा विद्यालयों में बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन तथा कोरोनाकाल के शैक्षणिक नुकसान की भरपाई करना।
- **विशेषताएँ**
  - (i) शिक्षा विभाग की ओर से कक्षा 1-8वीं तक के बच्चों की **03 विषयों (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित)** की कमियों का पता लगाने हेतु संचालित।
  - (ii) उक्त विषयों के परीक्षाओं के आयोजन पंजीयक, शिक्षा विभाग, बीकानेर द्वारा किया जा रहा है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD)

13. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

- **शुरूआत** – 25 दिसम्बर, 2000
- **वित्तीय पैटर्न** – केन्द्र (60) : राज्य (40)
- **उद्देश्य** – सामान्य क्षेत्रों में 500 व जनजातीय और रेगिस्तानी क्षेत्रों में 250 तक की आबादी की बसावटों को हर मौसम में पहुँच हेतु सड़क/पुल निर्माण (जनगणना 2011 के अनुसार)
- **विशेष बिन्दु** –
  - (i) बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 1600 बसावटों को चरणबद्ध रूप से आगामी 2 वर्षों में डामर सड़क योजना से जोड़ा जाना प्रस्तावित है।
  - (ii) 5000 से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में सीमेंट कंक्रीट के अटल प्रगति पथ का निर्माण की घोषणा की गई।

14. अटल प्रगति पथ

- 2011 की जनगणना के अनुसार जिन गाँवों या कस्बों की जनसंख्या 10000 से अधिक है वहाँ 1-3 किलोमीटर लम्बे और 7 मीटर चौड़े 2 लेन अटल प्रगति पथ बनाए जाएँगे।
- अटल प्रगति पथ सीमेंट कंक्रीट का होगा जिसके दोनों तरफ सीवरेज की नालिया होंगी।
- बजट घोषणा 2025-26 में राज्य सरकार ने अटल प्रगति पथ के लिए 500 करोड़ रुपये राशि का प्रावधान किया है।
- जिसके तहत् 5000 से अधिक आबादी वाले 250 ग्रामीण कस्बों में सीमेंट कंक्रीट सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

स्वायत्त शासन विभाग

15. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

- **शुरूआत** – 25 जून, 2015
- **उद्देश्य** – शहरी क्षेत्रों में झुग्गीवासियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) वंचित तथा निम्न आय वर्ग (LIG) और मध्यम आय वर्ग (MIG) को आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाना।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)				
विवरण	**EWS**	**LIG**	**MIG-II**	**MIG-II**
वर्षिक पारिवारिक आय (रु.)	3 लाख तक	3-6 लाख तक	6-12 लाख तक	12-18 लाख तक
कार्पेट एरिया (वर्ग मीटर)	30	60	160	200
ब्याज सब्सिडी (वार्षिक)	6.5%		4.0%	3.0%
अधिकतम ऋण अवधि	20 वर्ष			
पात्र ऋण राशि (रुपये)	6 लाख		9 लाख	12 लाख

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0

- ***शुरू*** *– 01 सितम्बर, 2024 (**अवधि** – 05 वर्ष)*
- ***क्रियान्वयन*** *– आवासन और शहरी विकास मंत्रालय*

16. स्वच्छ भारत मिशन

- **शुरूआत** – 02 अक्टूबर, 2014
- **अवधि** – 05 वर्ष (2014-2019 तक)
- **क्रियान्वयन**– आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय
- **उद्देश्य** –
  - 02 अक्टूबर, 2019 तक भारत को **खुले में शौच मुक्त (ODF)** घोषित करना।
  - **हाथ से मैला ढोने** की प्रथा को समाप्त करना।
  - ठोस कचरा अपशिष्ट, वैज्ञानिक प्रबंधन, स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन एवं जागरूकता।
- **विशेषताएँ** –
  - खुले में शौच मुक्त से आशय यह है कि दिन में कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न जाए।
  - शौचालय निर्माण हेतु प्रति इकाई 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है जिसमें से (केन्द्र, राज्य, नगर निकाय = 4000 रुपये प्रत्येक द्वारा प्रदत्त)

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0

- ***शुरूआत*** *– 01 अक्टूबर 2021*
- ***अवधि*** *– 05 वर्ष (01 अक्टूबर, 2021-31 मार्च, 2026 तक)*
- ***क्रियान्वयन*** *– आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय*
- ***वित्त पोषण*** *– केन्द्र : राज्य (60 : 40)*
- ***व्यय राशि*** *– अनुमानित 1.41 लाख करोड़ रुपये*

- **उद्देश्य**
  - *डोर-टू-डोर कचरा संग्रह करके वैज्ञानिक पद्धतियों से कचरे का उचित निपटान करना।*
  - *सभी शहरों को कचरा मुक्त घोषित करना।*
  - *एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना।*

17. मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना (Street Vendors निधि)

- **शुरूआत** – 15 दिसम्बर, 2024
- **उद्देश्य** – शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वैंडर्स और असंगठित श्रमिकों (निर्माण, हस्तशिल्प, गिग वर्कर), जरूरतमंदों व असहाय परिवारों के उत्थान हेतु कार्य करना।
- **लाभ** – इस योजना के तहत् राज्य के शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद एवं असहाय परिवार के असंगठित श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्प श्रमिक, गिगवर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, केयर वर्कर, सफाई श्रमिक घरेलू श्रमिक आदि को **बैंक द्वारा बिना किसी गारंटी प्रक्रिया के 80 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।**

किश्त	अवधि	राशि (रु.)
Ist	12 माह	10,000/-
2nd	18 माह	20,000/-
3rd	36 माह	50,000/-

उद्योग विभाग

18. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना

- **शुरूआत** – 17 सितम्बर, 2023
- **क्रियान्वयन** – सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
- **उद्देश्य** – पारंपरिक कारीगरों (मूर्तिकार, दर्जी, लोहार, सुनार) और हस्तशिल्पकारों को कौशल, आय, वित्तीय सुरक्षा और डिजिटल व्यापार हेतु सशक्त बनाना।
- **श्रेणी** – 18 श्रेणी के हस्तशिल्पियों का पंजीयन किया जाता है।
- **पात्रता** –
  - केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा पिछले 05 वर्षों में संचालित क्रेडिट आधारित योजनाएँ जैसे- प्रधानमंत्री-स्वनिधि, मुद्रा योजना आदि के तहत् ऋण नहीं लिया गया हो। (जिन्होंने उक्त योजना का ऋण भुगतान कर दिया हो, वे पात्र होंगे)
  - 18 वर्ष से अधिक आयु के कारीगर/शिल्पकार को स्वरोजगार के आधार पर असंगठित क्षेत्र में हाथ/औजार से कार्य करते हैं।
  - योजना के तहत् पंजीकरण और लाभ परिवार के 01 सदस्य तक ही समिति होगा।
  - योजना में बढ़ई, लोहार, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, नाव बनाने वाला अस्त्र कार, हथोड़ा टूलकिट निर्माता ताला बनाने वाला, मिस्त्री, टोकरी, मोची, चटाई, झाड़ू निर्माता, नाई, माला निर्माता, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल निर्माता।

- **लाभ**
  1. आवेदक को 05-07 दिन के बेसिक प्रशिक्षण तथा 15 दिन का कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जाता है।
  2. प्रशिक्षण के समय 500 रुपये प्रतिदिन भत्ता मिलेगा।
  3. उपकरण खरीदने हेतु रु. 15,000/- की सहायता प्रदान की जाएगी।
  4. 5% की रियायती दर पर 03 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा।
- **मुख्य घटक** – 18 ट्रेंड के चयनित दस्तकारों को सर्टिफिकेट एवं आईकार्ड तथा 15,000 रुपये की टूलकिट सहायता।

वन-विभाग

19. मिशन हरियाळो राजस्थान

- **शुरूआत** – 07 अगस्त, 2024 (जाहोता, दूदू -जयपुर)
- **लक्ष्य** –
  - आगामी 05 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाना।
  - वर्ष 2024-25 में कुल 07 करोड़ पौधे लगाए गए।
  - वर्ष 2025-26 में कुल 10 करोड़ पौधे लगाना।
- **प्रमुख पहलें**
  - एक पेड़ माँ के नाम अभियान (राजस्थान में 23 जून, 2024 से प्रारंभ)
  - एक जिला-एक प्रजाति कार्यक्रम (पंच-गौरव कार्यक्रम के तहत्)
  - प्रदेश में 10 करोड़ पौधे तैयार करने हेतु 50 नर्सरियाँ, प्रत्येक जिले में 02 ग्रीन लंग्स पार्क स्थापित करना।
  - राज्य का प्रथम ग्रीन बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेश किया गया।
  - राजस्थान को हरित प्रदेश बनाने के लिए वर्ष 2028 तक वन क्षेत्र में 20,000 हेक्टेयर की वृद्धि करने की घोषणा।
  - **खेजड़ली-जोधपुर – अमृता देवी बिश्नोई इंडिजनेस प्लांट म्यूजियम** की स्थापना की जाएगी।
  - **झालाना, जयपुर – फॉरेस्ट एंड वाइल्डलाइफ ट्रैनिंग कम मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट** खोला जाएगा।
  - एक पेड़ गौ-माता के नाम (20 जुलाई, 2024 हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केन्द्र, जयपुर से शुरू)
  - मिशन वन रक्षण – गौपालन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य और देवस्थान विभाग द्वारा 25 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

20. जल जीवन मिशन (JJM)

- **शुरूआत** – 15 अगस्त, 2019
- **नोडल एजेंसी** – जल शक्ति मंत्रालय
- **वित्तीय पैटर्न** – केन्द्र : राज्य (50 : 50)
- **उद्देश्य** –
  - हर ग्रामीण परिवार के लिए (FHTC) प्रदान करना (कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन), गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों, सूखा प्रवणता और रेगिस्तान क्षेत्रों के गाँवों, सांसद आदर्श ग्राम योजना गाँवों में FHTC के प्रावधान को प्राथमिकता देना।
  - वर्ष 2028 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजलापूर्ति करना।

- **मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन हेतु**
  - ➢ राज्य स्तर – राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन
  - ➢ जिला स्तर – जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
  - ➢ ग्राम स्तर – ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति
- **वर्तमान स्थिति (योजना की प्रगति)**

(i) भारत के 05 राज्यों ने 100% कवरेज प्राप्त कर लिया है। (गुजरात, तेलंगाना, गोवा, हरियाणा, पंजाब)

(ii) JJM के अन्तर्गत अब तक 93,427 करोड़ की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। जिसमें से 11,159 एकल जल प्रदाय एवं 139 वृहद् पेयजल परियोजनाएँ शामिल हैं।

(iii) वर्ष 2025 में 20 लाख नवीन जल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है।

(iv) मांडल ब्लॉक, भीलवाड़ा में 100% JJM के तहत् कार्य किए गए।

21. अमृत योजना (AMRUT)

- **शुरूआत** – 25 जून, 2015
- **पूरा नाम** – AMRUT (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)
- **उद्देश्य** –
  - ➢ घर को पाइपलाइन द्वारा जलापूर्ति तथा सीवर कनेक्शन उपलब्ध करवाना।
  - ➢ प्राचीन जलीय निकायों का कायाकल्प एवं जीर्णोद्धार करवाना।
  - ➢ प्रभावी, बाढ़ जल निकासी प्रणाली का विकास।
- **वित्तीय प्रावधान**
  - ➢ योजना में 50,000 करोड़ रुपये का प्रावधान।
  - ➢ शेष हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा तथा राज्य सरकार के हिस्से का 10% भाग संबंधित नगर निकाय द्वारा वहन किया जाएगा।
  - ➢ केन्द्र सरकार का वित्तीय हिस्सा –
    - ✓ 01 लाख से कम आबादी = 50%
    - ✓ 01-10 लाख आबादी तक = 33.33%
    - ✓ 10 लाख से अधिक आबादी = 25%
- **विशेष तथ्य** – भारत के चयनित 500 शहरों में से राजस्थान के 29 शहरों तथा 01 कस्बे का चयन।

अमृत 2.0 योजना

- ***शुरूआत*** – *01 अक्टूबर, 2021*
- ***क्रियान्वित*** – *आगामी 05 वर्षों हेतु (2021-2026 तक)*
- ***उद्देश्य*** – *जल निकायों का पुनरूद्धार, जल संरक्षण द्वारा शहर जल संतुलन का विकास, जल की सुर्कलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना।*
- ***लक्ष्य*** – *वर्ष 2026 तक 100% कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन एवं पेयजल सुरक्षा प्रदान करना है।*

- **विशेष बिन्दु (बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार)**
  - प्रदेश के शहरी क्षेत्रों अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत 183 नगरीय निकायों में पेयजलापूर्ति के 5123 करोड़ रुपये के कार्यों को शुरू किया गया।
  - मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) शुरू करने की घोषणा की गई।
  - आगामी वर्ष में 1000 ट्यूबवैल्स व 1500 हैण्डपम्प लगाने की घोषण की गई।

आयोजना विभाग

22. पंच-गौरव योजना

- राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ पर **''एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष''** थीम आधारित प्रदेश के सभी 41 जिलों में ''पंचमुखी विकास'' को बढ़ावा देना के लिए पंच-गौरव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

क्र.सं.	राज्यस्तरीय नोडल विभाग	कार्यक्रम
1.	कृषि विभाग	एक जिला-एक उपज
2.	वन विभाग	एक जिला-एक प्रजाति
3.	उद्योग विभाग	एक जिला-एक उत्पाद
4.	पर्यटन विभाग	एक जिला-एक पर्यटन स्थल
5.	खेल विभाग	एक जिला-एक खेल

- **विशेष बिन्दु** - प्रत्येक जिले के लिए इन पाँचों श्रेणियों के तत्वों को चिह्नित कर समृद्ध किया जाएगा इन्हें ही पंच गौरव कहा जाएगा।

  उदाहरण- बाड़मेर जिले के लिए पंच-गौरव निम्न हैं-

  1. एक-उपज - इसबगोल
  2. एक-प्रजाति - रोहिड़ा
  3. एक-उत्पाद - कशीदाकारी
  4. एक-पर्यटन स्थल - किराडू मंदिर (राजस्थान का खजूराहो)
  5. एक-खेल - बॉस्केटबॉल

- राजस्थान के सभी 41 जिलों हेतु पंच-गौरव निम्न हैं-

क्र.स.	जिला	उपज	प्रजाति	उत्पाद	पर्यटन स्थल	खेल
1.	अजमेर	गुलाब	नीम	ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद	पुष्कर तीर्थ	हॉकी
2.	अलवर	प्याज	अर्जुन	ऑटोमोबाइल पार्ट्स	सरिस्का टाइगर रिजर्व	कुश्ती
3.	बालोतरा	अनार	रोहिड़ा	टेक्सटाइल उत्पाद	नाकोड़ा जैन मंदिर	क्रिकेट
4	बांसवाड़ा	आम	महुआ	ग्रेनाइट के उत्पाद	त्रिपुरा सुंदरी मंदिर	फुटबाल
5.	बारां	लहसुन	चिरोंजी	गार्लिक प्रोडक्ट	रामगढ़ क्रेटर	फुटबॉल
6.	बाड़मेर	इसबगोल	रोहिड़ा	कशीदाकारी	किराड़ू मंदिर	बास्केटबॉल
7.	ब्यावर	गेंहू	करंज	क्वार्ट्ज एवं फल्डस्पार पाउडर	टोडगढ़	हॉकी
8.	भरतपुर	शहद	कदम्ब	कृषि आधारित उत्पाद	केवलादेव नेशनल पार्क	कुश्ती
9.	भीलवाड़ा	संतरा	नीम	टेक्सटाइल उत्पाद	मांडलगढ़ किला	बास्केटवाल
10.	बीकानेर	मेथी	रोहिड़ा	बीकानेरी नमकीन	करणी माता मंदिर	तीरंदाजी
11.	बूंदी	धान	धोक	चावल	तारागढ़ दुर्ग	एथलेटिक्स
12.	चित्तौड़गढ़	अजवाईन	बील	ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद	चित्तौड़गढ़ दुर्ग	कबड्डी
13.	चुरू	ग्वारपाठा	फोग	लकड़ी के उत्पाद	सालासर बालाजी मंदिर	एथलेटिक्स
14.	दौसा	सौंफ	ढ़ाक	पत्थर के उत्पाद	मेहंदीपुर बालाजी मंदिर	फुटबॉल
15.	डीग	सरसों	अर्जुन	स्टोन आधारित उत्पाद	डीग महल	कुश्ती
16.	धौलपुर	आलू	करंज	स्टोन आधारित उत्पाद	मचकुंड	हॉकी
17.	कुचामन डीडवाना	प्याज	खेजड़ी	मार्बल एवं ग्रेनाइट के उत्पाद	तेजाजी मंदिर	कबड्डी
18.	डूंगरपुर	आम	सागवान	ग्रेनाइट के उत्पाद	बेणेश्वर धाम	हॉकी
19.	श्रीगंगानगर	किन्नू	बकायन	सरसों तेल	हिन्दूमल कोट	एथलेटिक्स
20.	हनुमानगढ़	किन्नू	शीशम	कृषि आधारित उत्पाद	गोगामेड़ी मंदिर	हॉकी
21.	जयपुर	गेंहू	लेसुआ	रत्नाभूषण	आमेर दुर्ग	कबड्डी
22.	जैसलमेर	खजूर	पीलू जाल	येलोस्टोन के उत्पाद	जैसलमेर दुर्ग	जिमनास्टिक
23.	जालोर	अनार	पीलू जाल	ग्रेनाइट के उत्पाद	सुधा माता मंदिर	बॉक्सिंग
24.	झालावाड़	संतरा	सागवान	कोटा स्टोन के उत्पाद	गागरोन दुर्ग	बास्केटबॉल
25.	झुन्झुनू	सरसों	खेजड़ी	लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद	लोहार्गल धाम	बास्केटबॉल
26.	जोधपुर	जीरा	पीलू जाल	लकड़ी के फर्नीचर	मेहरानगढ़ दुर्ग	जिमनास्टिक
27.	करौली	तिल	बरगद	सेंडस्टोन के उत्पाद	कैलादेवी मंदिर	क्रिकेट
28.	खैरथल-तिजारा	प्याज	शीशम	ऑटोमोबाइल पार्ट्स	तिजारा जैन मंदिर	कुश्ती
29.	कोटा	धनिया	खेर	कोटा डोरिया	चम्बल रिवर फ्रन्ट	कुश्ती
30.	कोटपुतली-बहरोड़	गाजर	गूगल	ऑटोमोबाइल पार्ट्स	बैराठ	कुश्ती
31.	नागौर	सौंफ	खेजड़ी	पान मैथी (मसाला)	मीराबाई स्मारक	कबड्डी
32.	पाली	मेहंदी	रोंझ	टेक्सटाइल उत्पाद	रणकपुर जैन मंदिर	बास्केटबॉल
33.	फलोदी	जीरा	पीलू जाल	सोनामुखी के उत्पाद	खीचन	एथलेटिक्स
34.	प्रतापगढ़	कलौंजी	तेंदू	थेवा आभूषण	सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण	एथलेटिक्स
35.	राजसमन्द	सीताफल	नीम	ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद	कुम्भलगढ़	हॉकी
36.	सलुम्बर	मक्का	पलाश	क्वार्ट्ज	जयसमंद झील	कबड्डी
37.	सवाई माधोपुर	अमरूद	नीम	अमरूद के उत्पाद	रणथंभौर नेशनल पार्क	फुटबॉल
38.	सीकर	प्याज	अरडू	लकड़ी के फर्नीचर	खाटू श्याम जी मंदिर	फुटबॉल
39.	सिरोही	पपीता	महुआ	मार्बल के उत्पाद	ओरियां गांव	तीरंदाजी
40.	टोंक	सरसों	अमलतास	स्लेट स्टोन के उत्पाद	डिग्गी कल्याण जी	एथलेटिक्स
41.	उदयपुर	सीताफल	बांस / बेम्बू	ग्रेनाइट के उत्पाद	फतेहसागर एवं पिछोला झील	तैराकी



ग्रामीण विकास विभाग

23. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY-ग्रामीण)

- **शुरूआत** – 20 नवम्बर, 2016 (आगरा, उत्तर प्रदेश से)
- **वित्त पोषण**– केन्द्र : राज्य (60:40)
- **वित्तीय सहायता** – मैदानी क्षेत्र (1.20 लाख रुपये/इकाई), पहाड़ी क्षेत्र (1.30 लाख रुपये/इकाई)
- **प्रमुख घटक** – बेघर परिवारों तथा कच्चे एवं टूटे-फूटे मकानों में रहने वाले परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने हेतु आर्थिक सहायता।
- **पात्रता** – लाभार्थियों का चयन, SECC, 2011 सामाजिक, आर्थिक एवं जाति जनगणना के समंकों के आधार पर।
- **सहायता राशि (रुपये)** – प्रत्येक लाभार्थी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत् 12,000 (शौचालय), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत् 90 मानव दिवस की मजदूरी प्रदत्त है।

24. पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना

- **उद्देश्य** – चिह्नित गाँवों के सभी BPL परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने हेतु राज्य सरकार कृतसंकल्पित है।
- **बजट** = 300 करोड़ रुपये
- **विशेष** –
  - ➢ अवैध कॉलोनियों में रहवासी लोगों को भू-पट्‌ट भी प्रदान किए जाएँगे।
  - ➢ योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक जिले से 122 गाँवों (कुल 5002 गाँव) चिह्नित किए गए हैं।

25. नमो ड्रोन दीदी

- **शुरूआत** – 11 मार्च, 2024 (कोटा, राजस्थान)
- **उद्देश्य** – ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वकौशल व रोजगार प्रदान करना।
- **बजट घोषणा 2025-26** के तहत् **कस्टम हियरिंग सेंटर** पर उपलब्ध ड्रोन के माध्यम से आगामी वर्ष 01 लाख हैक्टेयर से नैनो यूरिया एवं नैनो DAP का छिड़काव करने की घोषणा की गई।
- **विशेषताएँ**
  - महिलाओं को ड्रोन उड़ाने, डेटा विश्लेषण तथा ड्रोन के रखरखाव हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।
  - ड्रोन के जरिए फसलों की निगरानी, सुरक्षा की जाएगी।
  - कीटनाशकों एवं उर्वरकों का छिड़काव तथा बीज बुवाई का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।
  - महिला ड्रोन सखी को 15 दिनों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।
- **लाभ**
  - महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार कौशल में वृद्धि।
  - कृषि यंत्र की कार्य दक्षता में वृद्धि होगी।
  - कौशल विकास एवं कृषि उत्पादकता दर में वृद्धि।

लखपति दीदी

- प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्द्धन करना।
- NGO व SHG के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना (वार्षिक आय को 01 लाख रुपये तक करने का प्रयास करना)

लखपति दीदी सम्मेलन

- ***आयोजन*** *– 14 फरवरी, 2024 (बेणेश्वर, डूंगरपुर)*
- ***आयोजक*** *– राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा।*
- *सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महिलाओं को संबोधित किया गया।*
- *सम्मेलन में राजीविका से सम्बद्ध महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) को बैंकों से 250 करोड़ की ऋण राशि तथा महिला निधि के तहत् 50 करोड़ की राशि के चेक वितरित किए गए।*
- *बजट घोषणा 2025-26 में 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाये जाने की घोषणा की गई।*

सोलर दीदी

- राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2025-26 में घोषणा।

- प्रथम चरण में, आगामी वर्ष स्वयं सहायता समूह (SHG) की 25,000 महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा तथा 01 लाख इंडक्शन कुकटॉप वितरित किए जाएँगे।

बैंक सखी

- **परिभाषा** – बैंक सखी पहल के तहत् ग्रामीण महिलाओं को बैंक संबंधी कार्यो में प्रशिक्षित करके बैंक के कार्यो को ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध करवाया जाता है। जिन महिलाओं द्वारा यह कार्य किया जाता है। उन्हें बैंक सखी कहा जाता है।
- **प्रमुख कार्य** –
  - ➢ बैंकों में खाता खोलना एवं बैलेंस चेक करना।
  - ➢ पेंशन तथा भुगतान संबंधी कार्य करना।
  - ➢ मनरेगा व DBT संबंधित प्राथमिक स्तरीय ऑनलाइन ज्ञान अर्जित करना।

कृषि सखी

- **परिभाषा** – कृषि सखी योजना के तहत् SHG (स्वयं सहायता समूह) से जुड़ी महिलाओं को कृषि और कृषि से जुड़े विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण (56 दिन तक) करवाया जाएगा। जो महिलाएँ प्रशिक्षण को कुशलता से पूरा करेगी वे कृषि सखी कहलाएगी।
- **प्रमुख कार्य**
  - ➢ किसानों का खेती में विभिन्न कार्यों में सहयोग करना (सिंचाई, बुवाई, कटाई इत्यादि)
  - ➢ कृषि यंत्रों से संबंधित प्राथमिक जानकारी होना तथा किसानों को जागरूक करना।
  - ➢ फसल की बुवाई, कटाई व सिंचाई में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को शामिल करना।

पशु सखी

- **परिभाषा** – इस योजना के तहत् गाँवों की 5वीं पास ग्रामीण महिलाएँ जिनकी आजीविका पशुपालन पर निर्भर हैं उनको राजीविका के सहारे पशु सखी बनाकर उन्नत पशुपालन की नवीन तकनीकें सिखाई जाती है।
- **मुख्य बिन्दु**
  - ➢ पशु सखी को 04 दिन प्रशिक्षण दिया जाता है।
  - ➢ पशुओं से संबंधित छोटी-छोटी बीमारियों की जानकारी व रोकथाम के उपाय।
  - ➢ पशु सखी को राजीविका द्वारा 1500 रुपये प्रतिमाह मासिक भत्ता भी दिया जाता है।
- **प्रमुख कार्य**
  - ➢ पशुओं से संबंधति रोगों का सामान्य ज्ञान व ईलाज करना (जैसे- मुँहपका-खुरपका, सर्रा रोग)
  - ➢ पशुपालन से संबंधित योजनाओं का प्रसार-प्रचार करना। (जैसे- मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा योजना)
  - ➢ पशु बीमारी की दवाईयाँ को वितरित करना।
  - ➢ दुधारू पशुओं की पहचान कर पशु नस्ल संरक्षण की जागरूकता फैलाना।

02 राष्ट्रीय परिदृश्य

चर्चित स्थान

मिताथल और तिघराना हड़प्पा स्थल

- हरियाणा सरकार ने भिवानी जिले में 4,400 वर्ष से अधिक पुरानी हड़प्पा सभ्यता के दो स्थलों को संरक्षित स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल घोषित किया है।
- हरियाणा प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारक तथा पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1964 के तहत अधि सूचित।
- **मिताथल**
  - खोज पहली बार 1913 में (गुप्त वंश के राजा समुद्रगुप्त के सिक्कों का एक भण्डार मिला)।
  - पुरातात्विक उत्खनन वर्ष 1968 में (तीसरी-दूसरी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व की भारत-गंगा घाटीकी ताम्र-कास्य युगीन संस्कृति)।
- **तिघराना स्थल**
  - हड़प्पा काल के बाद के अवशेष क्षेत्र में मानव निवास और निरंतरता पर प्रकाश डालते है।
  - ताम्रपाषाणकालीन कृषक समुदाय मूलत: 2,400 ईसा पूर्व के आसपास इस क्षेत्र में बसे थे।

नया पंबन रेल पुल

- **उद्घाटन** - 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।
- भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल।
- **निर्माण** - रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा।
- तमिलनाडु में स्थित रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला पुल।
- लंबाई 2.08 किमी, 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन, जो 17 मीटर की ऊँचाई तक उठता है, जिससे बड़े जहाज इसके नीचे से गुजर सकेंगे।
- जंग से बचाने के लिए विशेष पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग।

अमरावती

- आंध्र प्रदेश की नई राजधानी।
- नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित होने वाला विश्व का पहला शहर होगा।
- कृष्णा नदी के तट पर स्थित।

चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम - II (VVP-II)

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिए 6,839 करोड़ रूपये के वित्तीय परिव्यय के साथ मंजूरी।
- एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना (100% केन्द्र वित्तपोषित), जो वीवीपी-I के अंतर्गत पहले से ही कवर की गई उत्तरी सीमाओं के अलावा, अंतर्राष्ट्रीय भूमि सीमाओं (आईएलबी) के निकट रणनीतिक गांवों के व्यापक विकास पर केन्द्रित है।
- **नोडल मंत्रालय :** गृह मंत्रालय (एमएचए)।
- **उद्देश्य**
  1. सीमावर्ती गांवों में जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करना।
  2. सीमावर्ती निवासियों के लिए आजीविका के अवसर सृजित करना।
  3. स्थानीय लोगों को सीमा सुरक्षा बलों की आंख और कान के रूप में शामिल करके राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना।
  4. सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाना तथा सीमा अंखडता को बढ़ावा देना।
  5. रणनीतिक क्षेत्रों में संपर्क और शासन को मजबूत करना।
- **कवरेज :** अरूणाचल प्रदेश, असम, पंजाब, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख आदि सहित 17 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश।

- **4 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा** – सभी मौसम के लिए उपयुक्त सड़कें (पीएमजीएसवाई-IV के माध्यम से), दूरसंचार, टीवी तक पहुंच और विद्युतीकरण।

2025–2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के रूप में कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (M-CADWM) के आधुनिकीकरण को मंजूरी

- **आरंभिक कुल परिव्यय** – 1600 करोड़ रूपये।
- **उद्देश्य** – सिंचाई जल आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना है, ताकि मौजूदा नहरों या अन्य स्त्रोतों से निर्दिष्ट क्लस्टर में सिंचाई जल की आपूर्ति की जा सके।
- यह भूमिगत दबावयुक्त पाइप सिंचाई के साथ 1 हेक्टेयर तक स्थापित स्त्रोत से खेत तक किसानों द्वारा सूक्ष्म सिंचाई के लिए मजबूत बैकएंड बुनियादी ढाँचा तैयार करेगा।
- जल लेखांकन और जल प्रबंधन के लिए SCADA, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक का उपयोग किया जाएगा।
- इससे खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता (WUE) बढेगी, कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ेगी; और इस तरह किसानों की आय में वृद्धि होगी।
- सिंचाई परिसम्पत्तियों के प्रबंधन के लिए जल उपयोगकर्त्ता सोसायटी (WUS) को सिंचाई प्रबंधन हस्तांतरण (IMT) द्वारा परियोजनाओं को टिकाऊ बनाया जाएगा।
- जल उपयोगकर्त्ता समितियों को पांच साल के लिए FPO या PACS जैसी मौजूदा आर्थिक संस्थाओं से जोड़ने के लिए सहायता दी जाएगी।
- युवाओं को सिंचाई की आधुनिक पद्धति अपनाने के लिए खेती की ओर भी आकर्षित किया जाएगा।
- प्रारंभिक स्वीकृति राज्यों को चुनौतिपूर्ण वित्तपोषण प्रदान करके देश के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में पायलट परियोजनाओं को शुरू करने के लिए है।
- इन परियोजनाओं के डिजाइन और संरचना में प्राप्त अनुभवों के आधार पर, 16 वें वित्त आयोग की अवधि के लिए अप्रैल 2026 से कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय योजना शुरू की जाएगी।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के तहत सामग्री लागत में वृद्धि

- श्रम ब्यूरो द्वारा उपलब्ध कराये गए मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर।
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अतिरिक्त लागत–954 करोड़ रूपये।
- **प्रति छात्र प्रतिदिन सामग्री लागत–**

कक्षा	मौजूदा सामग्री लागत	1 मई से सामग्री लागत
बाल वाटिका और प्राथमिक	6.19	6.78 (0.59 की वृद्धि)
उच्च प्राथमिक	9.29	10.17 (0.88 की वृद्धि)

- श्रम मंत्रालय का श्रम ब्यूरो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक–ग्रामीण मजदूर (CPI-RL) के आधार पर पीएम पोषण टोकरी की सामग्री के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े प्रदान प्रदान करता है।
- CPI-RL का निर्माण श्रम ब्यूरो चंडीगढ़ द्वारा देश के 20 राज्यों में फैले 600 गांवों से एकत्र मासिक नमूनों के आधार पर किया जाता है।

पीएम पोषण योजना

- *केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2021.22 से 2025.26 तक स्वीकृत।*
- *केन्द्र प्रायोजित योजना।*
- ***उद्देश्य*** *– छात्रों को पोषण सहायता प्रदान करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना।*
- *10.36 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बाल वाटिका और कक्षा 1.8 में पढ़ने वाले 11.20 करोड़ छात्रों को सभी स्कूली दिनों में एक बार गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध करवाना।*

प्रति बच्चा प्रतिदिन पोषण मानदंड–

कक्षा	कैलोरी	प्रोटीन (ग्राम)
प्राथमिक	450	12
उच्च प्राथमिक	700	20

- खाद्यान्न और परिवहन की संपूर्ण लागत भारत सरकार द्वारा वहन की जाती है।

ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI) का शुभारंभ

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)द्वारा 29 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में 'ग्रीन हाइड्रोजन सप्लाई चेन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए अवसरों' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान।
- यह योजना हरित हाइड्रोजन उत्पादन को प्रमाणित करने तथा पारदर्शिता, ट्रेसेबिलिटी और बाजार की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत ढांचा बनाने की दिशा में एक आधारभूत कदम है।

राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन

- *भारत सरकार द्वारा जनवरी 2023 से प्रारंभ।*
- ***उद्देश्य** – भारत को हरित हाइड्रोजन और इसके व्युत्पन्नों के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना।*
- ***लक्ष्य** – वर्ष 2030 तक के लिए निर्धारित*
  - *देश में लगभग 125 गीगावाट की संबद्ध नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ प्रति वर्ष कम से कम 5 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का विकास।*
  - *कुल निवेश आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक।*
  - *छह लाख से अधिक नौकरियों का सृजन।*
  - *जीवाश्म ईंधन आयात में संचयी कमी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक।*
  - *वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 50 एमएमटी की कमी।*

केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) और आईआईटी बॉम्बे द्वारा वाहन-से-ग्रिड (वी2जी) तकनीक के कार्यान्वयन का पता लगाने के लिए एक पायलट परियोजना प्रारंभ

- वी2जी (वाहन-से-ग्रिड) एक ऐसी प्रणाली है जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) संग्रहीत ऊर्जा को वापस करने के लिए पावर ग्रिड के साथ संचार करते हैं, जिससे दो-तरफा बिजली प्रवाह संभव होता है।
  - ग्रिड से वाहन (G2V)-जब बिजली की मांग कम होती है या नवीकरणीय उत्पादन अधिक होता है, तो इलेक्ट्रिक वाहन ग्रिड से चार्ज होते हैं।
  - वाहन से ग्रिड तक (वी 2जी)- जब पार्क किया जाता है और कनेक्ट किया जाता है, तो इलेक्ट्रिक वाहन द्वि-दिशात्मक चार्जरों के माध्यम से अधिकतम मांग के घंटों के दौरान बिजली को ग्रिड में वापस भेज सकते हैं।

पिंक ई-रिक्शा योजना

- महाराष्ट्र सरकार की योजना।
- ई-रिक्शा खरीदने के लिए पात्र महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा 20% राशि (अधिकतम 80,000 रुपये) प्रदान की जाएगी।
- राज्य की करीब 10,000 महिलाओं को फायदा।

पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण

- पोषण पखवाड़ा, पोषण अभियान के अंतर्गत एक वार्षिक पोषण जागरूकता अभियान है।
- 2025 में, पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा।
- **उद्देश्य** – प्रौद्योगिकी और परंपरा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना।
- मातृ एवं शिशु पोषण, लाभार्थियों के लिए डिजिटल पहुँच और बचपन में मोटापे से निपटने पर केंद्रित थीम के साथ, पोषण पखवाड़ा का 7 वाँ संस्करण पोषण संबंधी कल्याण को बढ़ाने के लिए परिणाम-आधाारित हस्तक्षेपों पर केन्द्रित है।

पोषण अभियान

- **प्रारम्भ** – 8 मार्च, 2018 को।
- नोडल मंत्रालय-महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।
- **उद्देश्य** – कुपोषण से निपटना, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना।

निवेशक दीदी पहल का दूसरा चरण

- 8 अप्रैल 2025 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तत्वाधान में निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (IEEPFA) और डाक विभाग के तहत संचालित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) के मध्य संयुक्त रूप से ''निवेशक दीदी'' पहल के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- **उद्देश्य** – जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक करके और समुदाय द्वारा संचालित शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण, अर्ध-शहरी और वंचित क्षेत्रों में महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ाना।
- ''निवेशक दीदी'' एक अनूठी पहल है जो महिला डाक कर्मियों और सामदायिक नेताओं को उनके स्थानीय क्षेत्रों में वित्तीय शिक्षक के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित करती है।
- चरण 1 के दौरान, पूरे भारत में आईपीपीबी वित्तीय साक्षरता शिविरों में 55,000 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से लगभग 60% महिला लाभार्थी ज्यादातर युवा और आर्थिक रूप से सक्रिय आयु वर्ग की थी।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक

- ***स्थापना*** *– डाक विभाग, संचार मंत्रालय के अंतर्गत 1 सितंबर, 2018 को।*
- ***उद्देश्य*** *– बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों के लिए बाधाओं को दूर करना और डाक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए अंतिम छोर तक पहुँचना है, जिसमें 1,65,000 डाकघर (ग्रामीण क्षेत्रों में 140,000) और 3,00,000 डाक कर्मचारी शामिल है।*

इंडिया स्किल्स एक्सेलेरेटर पहल

- 8 अप्रैल को भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) द्वारा विश्व आर्थिक मंच (WEF) के सहयोग से प्रारम्भ।
- इंडिया स्किल्स एक्सेलेरेटर एक राष्ट्रीय सार्वजनिक-निजी सहयोग मंच के रूप में कार्य करेगा, जिसे बहु-हितधारक दृष्टिकोण की मांग करने वाली जटिल चुनौतियों पर अभिनव विचारों को सामने लाने वाले व्यवस्थित प्रगति को आगे बढ़ाने में क्रॉस-सेक्टरल प्रयासों को सक्षम करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- उद्देश्य तीन महत्वपूर्ण स्तरों पर परिवर्तन को उत्प्रेरित करना है-
  1. भविष्य की कौशल आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता में सुधार और मानसिकता में बदलाव करना।
  2. हितधारकों के बीच सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ाना।
  3. अधिक अनुकूल और उत्तरदायी कौशल पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिए संस्थागत संरचनाओं और नीतिगत रूपरेखाओं को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध होना।

अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) द्वारा अपनी प्रमुख पहल, त्वरित नवाचार और अनुसंधान के लिए साझेदारी (PAIR) कार्यक्रम के अंतर्गत PAIR नेटवर्क के चयन की घोषणा

- 18 हब संस्थानों और 106 पार्टनरिंग स्पोक्स शामिल।
- चयनित संस्थानों को दो रणनीतिक श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है-
  - **श्रेणी ए :** 45 स्पोक के साथ 7 हब संस्थान
  - **श्रेणी बी :** 61 स्पोक के साथ 11 हब संस्थान।
- PAIR नेटवर्क संरचित मार्गदर्शन और सहयोग के माध्यम से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अग्रणी शोध संस्थानों से जोड़ता है।
- PAIR कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देकर, शोध क्षमता का निर्माण करके और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देकर भारत की उच्च शिक्षा और शोध पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है।

छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले का बड़ेसेत्ती गांव बस्तर संभाग का पहला नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत बना

- छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में इलवद पंचायत योजना शुरू की है।
- इस योजना के तहत ऐसी ग्राम पंचायतें जहां से सभी सक्रिय नक्सली माओवादी संगठन छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट आए हैं, उन्हें नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा।

- ऐसी ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्य के लिए तत्काल एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रावधान है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

राष्ट्रीय शून्य खसरा रूबेला उन्मूलन अभियान

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा विश्व टीकाकरण सप्ताह (24-30 अप्रैल) के अवसर पर राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान का शुभारंभ।
- **उद्देश्य** – बच्चों को खसरा और रूबेला के टीके की दो खुराक देकर 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज कर उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली जीवनशैली प्रदान करना।
- भारत ने वर्ष 2026 तक खसरा और रूबेला को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है।
- भारत सरकार द्वारा सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत, सभी पात्र बच्चों को क्रमशः 9-12 महीने और 16-24 महीने की आयु में खसरा-रूबेला (एमआर) वैक्सीन की दो खुराक मुक्त दी जाती है।
- वर्तमान में, भारत का एमआर टीकाकरण कवरेज पहली खुराक (2024-25 एचएमआईएस आंकड़े) के लिए 93.7 प्रतिशत और दूसरी खुराक के लिए 92.2 प्रतिशत है।
- वर्ष 2024 में, भारत में वर्ष 2023 की तुलना में खसरे के मामलों में 73 प्रतिशत की गिरावट और रूबेला के मामलों में 17 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।
- वर्ष 2024 में मीजल्स एंड रूबेला पार्टनरशिप द्वारा भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को मीजल्स एंड रूबेला चैंपियन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- खसरा और रूबेला अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग हैं जो गंभीर बीमारियों, आजीवन जटिलताओं और यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकते हैं।

आयोजन/सम्मेलन/बैठक/समझौते

स्टार्टअप महाकुंभ 2025

- **संस्करण** – दूसरा
- **आयोजन** – 3-5 अप्रैल, 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली।
- **आयोजक** – एसोचैम, आईवीसीए, नैसकॉम, बूटस्ट्रैप फाउंडेशन और अन्य प्रमुख उद्योग हितधारकों के सहयोग से फिक्की, राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (एनएसएसी), डीपीआईआईटी और स्टार्टअप इंडिया का समर्थन।
- **उद्घाटन** – केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा।
- **थीम** – 'स्टार्टअप इंडिया @ 2047 : अनफोल्डिंग द भारत स्टोरी'।
- 45 से अधिक आदिवासी उद्यमी तथा 50 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व।
- **GeMAI -** एक वर्चुअल चैटबॉट, जो GeM पोर्टल पर एक इमर्सिव अनुभव प्रदान करता है। आठ भाषाओं में चैट सुविधाओं और वॉयस कमांड कार्यक्षमता के साथ, GeMAI आगंतुकों को प्लेटफॉर्म पर नेविगेट करने, प्रश्नों का उत्तर देने और टिकटों को ट्रैक करने में सहायता करेगा।

नौसेना कमांडरों का सम्मेलन 2025

- दो चरणों में आयोजित (चरण-I 05 अप्रैल को कारवार में और चरण II 07-10 अप्रैल 25 तक नई दिल्ली में)।
- शीर्ष स्तरीय , अर्धवार्षिक, आयोजन है जो शीर्ष नौसेना कमांडरों के बीच महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श की सुविधा प्रदान करता है।

मौद्रिक नीति समिति (MPC) की 54वीं बैठक

- **प्रमुख नीतिगत निर्णय** –
- मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करने का फैसला किया, जिससे यह तत्काल प्रभाव से 6 प्रतिशत पर आ गई।
  - रेपो दर वह दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।
- तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत स्थायी जमा सुविधा (SDF) की दर को 5.75 प्रतिशत पर समायोजित किया गया है।
  - SDF बैंको को बिना किसी संपार्श्विक के RBI के पास अतिरिक्त धनराशि जमा करने की अनुमति देता है।

- मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (MSF) दर और बैंक दर दोनों को संशोधित कर 6.25 प्रतिशत कर दिया गया है।
  - MSF (मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को रातोंरात तरलता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है यदि अंतर-बैंक निधि पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। यह एक आपातकालीन सुविधा है जो बैंकों को रेपों दर से अधिक दर पर उधार लेने की अनुमति देती है।
- ये दर समायोजन आरबीआई के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति लक्ष्य प्रतिशत को ± 2 प्रतिशत के लचीले बैंड के भीतर प्राप्त करने के उद्देश्य के अनुरूप हैं, साथ ही आर्थिक विकास को भी समर्थन प्रदान करते है।

9वाँ वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन

- भू-प्रौद्योगिकी पर भारत का प्रमुख सम्मेलन।
- **आयोजन** - 10-12 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** - विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और कार्नेगी इंडिया।
- **थीम** - ''संभावना''।

अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन** - 14-15 अप्रैल को नई दिल्ली में।
- **आयोजक** - राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU)
- **थीम**- 'नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन और आतंकवाद से निपटने में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका।'

- *राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय दुनिया का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है जो फोरेंसिक विज्ञान के लिए समर्पित है।*
- ***स्थापना** - 01 अक्टूबर 2020 को।*

मेघयान-25

- भारतीय नौसेना के मौसम विज्ञान और महासागर विज्ञान संगोष्ठी का तीसरा संस्करण।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के गठन और WMO दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 25 को नई दिल्ली के नौसेना भवन में आयोजित।
- **उद्घाटन** - नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी द्वारा।
- यह सेमिनार इस वर्ष के WMO दिवस के विषय- 'प्रारंभिक चेतावनी अंतराल को एक साथ पाटना' के अनुरूप आयोजित किया गया था।
- मौसत विज्ञान और समुद्र विज्ञान उपग्रह डेटा अभिलेखीय केन्द्र-भारतीय नौसेना (MOSDAC-IN) का शुभारंभ-वेब सेवाओं, नौसेना समुद्र विज्ञान और मौसम विज्ञान निदेशालय (DNOM) और स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (SAC), अहमदाबाद द्वारा प्रारंभ।

पीएम विश्वकर्मा-राष्ट्रीय एससी-एसटी हब कॉन्क्लेव

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME), भारत सरकार द्वारा 16 अप्रैल, 2025 को महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव विश्वविद्यालय, बारीपदा, मयूरभंज ओडिशा में आयोजित।

पीएम विश्वकर्मा योजना

- *17 सितंबर, 2023 को प्रारंभ।*
- ***नोडल मंत्रालय** - सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)।*
- ***उद्देश्य** - पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास सहायता और टूलकिट के साथ सहायता प्रदान करना।*

राष्ट्रीय एससी-एसटी हब

- *अक्टूबर 2016 में प्रारंभ।*
- ***उद्देश्य** - क्षमता निर्माण, बाजार संपर्क और प्रौद्योगिकी और ऋण तक पहुँच के माध्यम से एससी/एसटी उद्यमियों को सशक्त बनाना।*
- *एमएसएमई क्षेत्र, जिसमें 6.25 करोड़ से अधिक उद्यम शामिल है और 26.7 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है, भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30% और निर्यात में 45% से अधिक का योगदान देता है।*

डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन

- 21 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान (IGIDR), मुंबई के सहयोग से मुंबई में आयोजित।

CSIR स्टार्टअप कॉन्क्लेव

- **आयोजन** - 22-23 अप्रैल को हैदराबाद में।
- **आयोजक** - वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

सुफलम 2025

- Start-Up Forum for Aspiring Leaders and Mentors.
- खाद्य प्रसंस्करण स्टार्टअप कॉनक्लेव।
- **संस्करण** - दूसरा।
- **आयोजन** - 25-26 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (NIFTEM-K) परिसर में (सोनीपत, हरियाणा)।
- **आयोजक** - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, NIFTEM कुंडली के सहयोग से।
- **उद्देश्य** - लक्षित पहलों के माध्यम से नवाचार, स्थिरता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूत करना।

इंडिया स्टील 2025

- 24 अप्रैल को मुंबई में आयोजित ।
- 6वीं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन।
- भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक।
- राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत भारत ने 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य रखा है।
- 2047 तक उत्पादन क्षमता को 500 मिलियन टन तक बढ़ाने का लक्ष्य।
- भारत में वर्तमान में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत लगभग 98 किलोग्राम है और 2030 तक इसके 160 किलोग्राम तक बढ़ने की उम्मीद है।

विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन (WHS) क्षेत्रीय बैठक 2025

- **आयोजन** - 25-27 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में।
- **थीम** - 'स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित करने के लिए पहुंच बढ़ाना (Scaling Access to Ensure Health Equity)'।
- WHS क्षेत्रीय बैठक 2025 की मेजबानी NIMS विश्वविद्यालय द्वारा की गई और इसकी सह-मेजबानी मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन और अशोका विश्वविद्यालय द्वारा की गई।

तटीय राज्य मत्स्य सम्मेलन 2025

- 28 अप्रैल को मुंबई में आयोजित।
- **आयोजक**-भारत सरकार का मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय।
- **एक्वा (एक्वाकल्चर) बीमा का औपचारिक शुभारंभ-**
  - प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना (PM-MKSSY), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत शुरू की गई एक उप-योजना एक व्यापक जलीय कृषि बीमा प्रदान करती है।
  - सरकार द्वारा पहली बार एक्वा बीमा की शुरुआत।
- **5 वीं समुद्री मत्स्य पालन गणना अभियान का प्रारंभ-**
  - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMSSY) के तहत मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्य पालन विभाग (DOF) द्वारा समन्वित।
  - डिजिटल डेटा संग्रह के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन VyAS-NAV लॉन्च।
  - VyAS-NAV, ICAR-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (CMFRI) द्वारा विकसित।
  - भारत दुनिया भर में दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक।

YUGM इनोवेशन कॉन्क्लेव

- **आयोजन** - 29 अप्रैल को नई दिल्ली में।
- युगम (संस्कृत में जिसका अर्थ है "संगम") अपनी तरह का पहला रणनीतिक सम्मेलन है जिसमें सरकार, शिक्षा जगत, उद्योग और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के नेता शामिल होते हैं।

- यह वाधवानी फाउंडेशन और सरकारी संस्थानों के संयुक्त निवेश के साथ लगभग 1,400 करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित भारत की नवाचार यात्रा में योगदान देगा।
- आईआईटी कानपुर (एआई और इंटेलिजेंट सिस्टम) और आईआईटी बॉम्बे (बायोसाइंसेज, बायोटेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य और चिकित्सा) में सुपरहब की शुरुआत।
- 'अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन' और वाधवानी फाउंडेशन' ने अनुसंधान को वास्तविक दुनिया के समाधानों में बदलने के लिए समझौता (सरकार समर्थित शीर्ष शोध संस्थान और एक परोपकारी निजी फाउंडेशन के बीच अपनी तरह का पहला सहयोग)।

सेना कमांडरों का सम्मेलन

- 01 से 04 अप्रैल, 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा महाराष्ट्र सरकार के मध्य मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (IICT) की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवजीसी-एक्सआर) क्षेत्र को समर्पित एक विश्व स्तरीय अपनी तरह का पहला संस्थान।
- दादा साहब फाल्के फिल्म सिटी, गोरेगांव में स्थापित।
- AVGC-XR क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के लिए उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में कार्य।
- गैर-लाभकारी धारा 8 कंपनी के रूप में स्थापित-कुल सरकारी इक्विटी भागीदारी 48% जिसमें भारत सरकार की 34% और महाराष्ट्र सरकार (MFSCDCL के माध्यम से) की 14% हिस्सेदारी।
- शेष 52% हिस्सेदारी प्रमुख उद्योग निकायों के पास है, जिसमें फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) की 26-26% हिस्सेदारी है।

महाराष्ट्र द्वारा थोरियम आधारित लघु मॉड्यूलर रिएक्टर विकसित करने के लिए रूस के रोसाटॉम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भारत में पहली बार किसी राज्य सरकार ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में इस तरह का समझौता किया है।
- केन्द्र सरकार की मंजूरी के बाद लागू होगा।

वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (FIU-IND) और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के मध्य बेहतर समन्वय और सूचना आदान-प्रदान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए।

वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (FIU-IND)

- *स्थापना-भारत सरकार द्वारा 18 नवंबर 2004 को केन्द्रीय राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में।*
- *संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, प्रसंस्करण, विश्लेषण और प्रसार के लिए जिम्मेदार।*
- *FIU-IND मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को आगे बढ़ाने में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय खुफिया, जांच और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयासों को समन्वित करने और मजबूत करने के लिए भी जिम्मेदार है।*
- *FIU-IND एक स्वतंत्र निकाय है जो सीधे वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली आर्थिक खुफिया परिषद (EIC) को रिपोर्ट करता है।*

महाराष्ट्र सरकार द्वारा AI के माध्यम से प्रशासनिक परिवर्तन के लिए IBM टेक्नोलॉजी (इंडिया) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- मुंबई, पुणे और नागपुर में 3 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) केन्द्र स्थापित।
- IBM के शैक्षिक और प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म की मदद से सरकारी कर्मचारियों और छात्रों को AI, साइबर सुरक्षा और क्लाउड तकनीकों में प्रशिक्षण।

तेलंगाना सरकार द्वारा एआई डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए जापानी कंपनी नेयसा नेटवर्क्स के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- हैदराबाद में 10 हजार 500 करोड़ रुपये के निवेश से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए।

- 400 मेगावाट का डेटा सेंटर क्लस्टर 25,000 GPU (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) के साथ देश के सबसे शक्तिशाली AI सुपरकंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की मेजबानी के लिए डिजाइन।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और स्विगी के मध्य नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर

- राष्ट्रीय कैरियर सेवा (NCS) पोर्टल पर गिग और लॉजिस्टिक्स रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और 2-3 वर्षों में 12 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए।

गिग वर्कर

- *सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अनुसार गिग वर्कर का अर्थ ऐसे व्यक्ति से है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है।*
- *सामाजिक सुरक्षा संहिता के अलावा राजस्थान राज्य स्तर पर गिग वर्कर्स की नियुक्ति को विनियमित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।*
- *24 जुलाई 2023 को राजस्थान प्लेटफार्म आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) अधिनियम, 2023 पारित।*

इंडिया पोस्ट द्वारा पूरे भारत में निवेशकों के लिए केवाईसी सत्यापन सेवाओं को सरल बनाने के लिए एसबीआई म्यूचुअल फंड के साथ साझेदारी

- इंडिया पोस्ट के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से SBI म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए डोरस्टेप KYC सत्यापन सेवाएँ उपलब्ध करवाना।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और रैपिडो के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर

- राष्ट्रीय कैरियर सेवा (NCS) पोर्टल पर लॉजिस्टिक्स रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और 1-2 वर्षों में 50 लाख से अधिक आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए।
- नेशनल करियर सर्विस पोर्टल एक गतिशील मंच है जो पूरे भारत में नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक साथ लाता है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य महिलाओं के लिए AI करियर शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर

- **उद्देश्य** – उच्च शिक्षा संस्थानों में महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में करियर बनाने के लिए सशक्त बनाना।
- माइक्रोसॉफ्ट महिलाओं के लिए एआई कौशल और नवाचार ढांचे के तहत 240 घंटे का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करेगा, जो उद्योग मानकों के अनुरूप होगा और राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (NCVET) के परामर्श से विकसित किया जाएगा।
- यह प्रशिक्षण छह राज्यों के टियर-2 और टियर-3 शहरों में 30 उत्कृष्टता केंद्र हब और 150 शैक्षणिक संस्थानों स्पोक के नेटवर्क में उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार के विभागों -के साथ साझेदारी में हब और स्पोक मॉडल में दिया जाएगा।

सहकारी डेयरी और अन्य उत्पादों को शामिल करने के लिए सहकारिता मंत्रालय और स्विगी इंस्टामार्ट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भारत ऑर्गेनिक्स और अन्य सहकारी डेयरी उत्पाद अब स्विगी के ई-कॉमर्स और क्यू-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे।
- स्विगी के प्लेटफार्म पर समर्पित 'सहकारी' श्रेणी बनाई जाएगी, जिसमें ऑर्गेनिक्स, डेयरी, बाजरा और हस्तशिल्प जैसे उत्पादों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित करने के मद्देनजर, स्विगी, सहकारिता मंत्रालय के साथ मिलकर, देश भर में सहकारी आंदोलनों, संगठनों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा।
- 24 अप्रैल 2025 को सचिव सहकारिता डॉ. आशीष कुमार भूटानी द्वारा नोएडा, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (NCOAL) की अत्याधुनिक पैकेजिंग सुविधा का उद्घाटन किया गया।

निवेशक शिक्षा और सुरक्षा निधि प्राधिकरण (IEPFA) द्वारा डिजिटल पहुंच के माध्यम से निवेशक शिक्षा को बढ़ाने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- इस सहयोग के तहत IEPFA द्वारा तैयार निवेशक शिक्षा सामग्री को कोटक महिंद्रा बैंक के एटीएम, कियोस्क, वेबसाइट, मोबाइल ऐप और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रमुखता से दिखाया जाएगा।
- भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर और निवेशक अधिकारों की रक्षा करके निवेशकों के हितों की रक्षा करता है।
- IEPFA द्वारा मई 2025 में मुंबई और अहमदाबाद में 'निवेशक शिविर' का पायलट चरण प्रारंभ किया जाएगा।
- 'निवेशक शिविर' समर्पित कंपनी कियोस्क के साथ एक पहल है, जो निवेशकों को दावा न किए गए लाभांश का दावा करने में मदद करेगी।

भारतीय नौसेना और किर्लोस्कर ऑयल इंजंस लिमिटेड के मध्य 6 मेगावाट मध्यम गति के समुद्री डीजल इंजन के डिजाइन एवं विकास के लिए मेक-1 श्रेणी के अंतर्गत परियोजना स्वीकृति आदेश पर हस्ताक्षर

- **कुल लागत** – 270 करोड़ रूपये।
- 50% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग।
- 70% वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा।

पुरस्कार

स्ट्रीम-स्टोरी

- भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) द्वारा निर्मित फिल्म।
- पेरिस में आयोजित फिल्म समारोह सिनेमा डू रील में "मेंशन स्पेशल - प्रिक्स डू पैट्रिमोइन कल्चरल इमैटेरियल 2025 (विशेष उल्लेख - अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार 2025)" से सम्मानित।
- **निर्माता** – अमित दत्ता।
- **स्ट्रीम स्टोरी (कुहल कथा)** – हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी की पारंपरिक जल प्रबंधन प्रणाली 'कुहल' (हाथ से बनायी गई जल नलिकाएं) के प्राचीन नेटवर्क पर आधारित।
- फ्रांसीसी संस्कृति मंत्रालय के डायरेक्शन जनरल डेस पैट्रिमोइनेस एट डेल आर्किटेक्चर द्वारा प्रायोजित यह पुरस्कार उन सिनेमाई कार्यों को मान्यता देता है जो मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत-मौखिक परंपराओं, अनुष्ठानों, प्रदर्शन कलाओं और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण को बढ़ावा देते है।

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार वर्ष (NYA) 2021-22 और 2022-23

- 3 अप्रैल को विकासशील भारत युवा संसद के अवसर पर केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा प्रदान।
- व्यक्तिगत और संगठन श्रेणियों में कुल 24 राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (NYA 2021-22 के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में कुल 11 पुरस्कार और NYA 2022-23 के लिए कुल 13 पुरस्कार-व्यक्तिगत श्रेणी में 12 पुरस्कार और संगठन श्रेणी में 1 पुरस्कार)।
- राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2021-22 (व्यक्तिगत) - डॉ. महेन्द्र मीणा (राजस्थान)
- राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2022-23 (संगठन) - लेट्स बी द चेंज (कर्नाटक)।

विकसित भारत युवा संसद पुरस्कार 2025

- 3 अप्रैल को विकासशील भारत युवा संसद के अवसर पर केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा प्रदान।
- **विजेता**
  1. सर्वश्रेष्ठ उद्‌घाटन वक्ता पुरस्कार - धीरेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश
  2. सर्वश्रेष्ठ प्रश्न - हर्षिता शर्मा, राजस्थान
  3. सर्वश्रेष्ठ उत्तर - लास्या प्रिया, आंध्र प्रदेश
  4. सर्वश्रेष्ठ वक्ता - रिया गुप्ता, झारखंड

विकसित भारत युवा संसद 2025

- *__आयोजन__ – 1 से 3 अप्रैल, 2025 तक नई दिल्ली में।*
- *__आयोजक__ – केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय।*
- *पारंपरिक युवा संसद का नया रूप, जो युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ने तथा शासन और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य करता है।*

गेल (GAIL) पीपीएसी ग्रीनफिंच डेटा एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) भारत में विभिन्न तेल एवं गैस कंपनियों से देश के तेल एवं प्राकृतिक गैस के उत्पादन, आयात, खपत और निर्यात से संबंधित उद्योग डेटा एकत्र करने के लिए जिम्मेदार है।
- डेटा का उपयोग आवधिक रिपोर्ट बनाने के लिए किया जाता है जिसका उपयोग तेल एवं गैस उद्योग द्वारा किया जाता है।

बानू मुश्ताक का कहानी संग्रह ''हार्ट लैंप'' 2025 अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक

- बानू मुश्ताक की अनुवादित कन्नड़ कहानियों के संग्रह, हार्ट लैंप को (8 अप्रैल, 2025) को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।
- दीपा भस्थी द्वारा अनुवादित हार्ट लैंप, 1990 और 2023 के बीच बानू मुश्ताक द्वारा लिखी गई 12 लघु कथाओं का संग्रह है।
- इससे पहले, उनकी लघु कथाओं के संग्रह, हसीना और अन्य कहानियाँ के अंग्रेजी अनुवाद ने वर्ष 2024 के लिए अंग्रेजी पेन अनुवाद पुरस्कार जीता था। इसका अनुवाद भी दीपा भस्थी ने किया था।

अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार

- *यह पुरस्कार अनुवादकों के महत्वपूर्ण कार्य को मान्यता देता है, जिसमें £ 50,000 की पुरस्कार राशि बराबर-बराबर बांटी जाती है : £ 25,000 लेखक के लिए और £ 25,000 अनुवादक के लिए (या कई अनुवादकों के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है)।*
- *शॉर्टलिस्ट की गई प्रत्येक पुस्तक के लिए £ 5,000 का पुरस्कार है : £ 2,500 लेखक के लिए और £ 2,500 अनुवादक के लिए (या कई अनुवादकों के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है।)*

राजेश उन्नी राष्ट्रीय समुद्री वरूण पुरस्कार से सम्मानित

- समुद्री क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान।
- अग्रणी जहाज प्रबंधक सिनर्जी मरीन ग्रुप के संस्थापक।
- 5 अप्रैल, 2025 को आयोजित 62 वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस समारोह के दौरान प्रदान।
- शिपिंग महानिदेशक (डीजीएस) द्वारा दिया जाने वाला राष्ट्रीय समुद्री वरूण पुरस्कार, उन सतत और असाधारण योगदानों को मान्यता देता है, जिन्होंने देश के समुद्री परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है।

सेना प्रमुख द्वारा जालंधर में 4 भूतपूर्व सैनिक 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित

- समाज, युवा सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए-
  - कर्नल जगदीप सिंह
  - कमांडर गुरचरण सिंह
  - मानद कैप्टन गुरमेल सिंह
  - हवलदार सिमरनजीत सिंह
- ये सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए काम कर रहे है, साथ ही राज्य के युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रशिक्षित कर रहे है, पर्यावरण जागरूकता लड़कियों की शिक्षा और पंजाब में नशा विरोधी अभियान चला रहे है।

पांच सशस्त्र बल कर्मियों को सैन्य खुफिया टोही कार्यों जाँच पड़ताल और साहसिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल पुरस्कार

- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान द्वारा 16 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया में आयोजित मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल अवार्ड समारोह के दौरान प्रदान।

❑ **वर्ष 2023 के पुरस्कार विजेता–**
1. विंग कमांडर डी पांडा, भारतीय वायु सेना
2. ईए (आर)राहुल कुमार पांडे, भारतीय नौसेना

❑ **वर्ष 2024 के पुरस्कार विजेता–**
1. सीएचईएए (आर) राम रतन जाट, भारतीय नौसेना
2. सार्जेंट झूमर राम पूनिया, भारतीय वायु सेना
3. NIMAS - National Institute of Mountaineering and Adventure Sports, Dirang (Arunachal Pradesh) के निदेशक कर्नल रणवीर सिंह जामवाल

❑ 3 जुलाई 1888 को स्थापित मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल, 1870 में स्थापित यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के संस्थापक मेजर जनरल सर चार्ल्स मेटकाफ मैकग्रेगर की स्मृति में दिया जाता है।

विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025

❑ भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदान।

❑ राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2025 का मुख्य समारोह बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित।

❑ पहली बार विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2025 प्रदान किये गए–

➢ **जलवायु कार्रवाई विशेष पंचायत पुरस्कार** (CASPA) पंचायतों को जलवायु-उत्तरदायी स्थानीय सरकारों के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना।

❖ **विजेता–**
- ✓ **रैंक 1 :** दव्वा एस ग्राम पंचायत, गोंदिया जिला, महाराष्ट्र
- ✓ **रैंक 2 :** बिरदाहल्ली ग्राम पंचायत, हासन जिला, कर्नाटक
- ✓ **रैंक 3 :** मोतीपुर ग्राम पंचायत, समस्तीपुर जिला, बिहार

➢ **आत्मनिर्भर पंचायत विशेष पुरस्कार** (ANPSA) पंचायतों द्वारा स्वयं के स्रोत राजस्व (OSR) में वृद्धि के जरिये आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना।

❖ **विजेता–**
- ✓ **रैंक 1 :** मॉल ग्राम पंचायत, रंगारेड्डी जिला, तेलंगाना
- ✓ **रैंक 2 :** हटबद्रा ग्राम पंचायत, मयूरभंज जिला, ओडिशा
- ✓ **रैंक 3 :** गोलापुडी ग्राम पंचायत, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश

➢ **पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार (PKNSSP)** पंचायती राज प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण में उत्कृष्टता को पहचानना।
- ✓ यह पुरस्कार मंत्रालय द्वारा 2023 में स्थापित किया गया था और पहले पुरस्कार 2024 में प्रदान किए गए थे।

❖ **विजेता–**
- ✓ **रैंक 1 :** केरल स्थानीय प्रशासन संस्थान (केआईएलए), केरल
- ✓ **रैंक 2 :** राज्य ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, ओडिशा
- ✓ **रैंक 3 :** राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, असम

❑ प्रत्येक पुरस्कार में क्रमश: 1 करोड़ रुपये (रैंक 1), 75 लाख रुपये (रैंक 2) और 50 लाख रुपये (रैंक 3) की वित्तीय प्रोत्साहन राशि शामिल है।

❑ पुरस्कार विजेताओं को विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

❑ 6 पुरस्कार विजेता ग्राम पंचायतों में से 3 बिहार (मोतीपुर ग्राम पंचायत), महाराष्ट्र (दव्वा -एस ग्राम पंचायत) और ओडिशा (हटबद्रा ग्राम पंचायत) की मुखिया महिला सरपंच हैं।

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (NICDC) उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित

❑ केरल राज्य के प्रमुख समाचार दैनिक, जन्मभूमि डेली द्वारा आयोजित उद्योग विकास कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (NICDC) को उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम पर केंद्रित एक तकनीकी सत्र भी शामिल था, जिसमें आगामी पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी की रणनीतिक दृष्टि, योजना और प्रगति के बारे में गहन जानकारी दी गई।
- पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी केरल के पुडुसेरी सेंट्रल, पुडुसेरी वेस्ट और कन्नम्बरा में 1,710 एकड़ में फैली हुई है।
- पलक्कड़ शहर से 21 किमी, कोचीन से 120 किमी और कोयंबटूर से 50 किमी दूर स्थित ।

आकाशवाणी को इंडिया ऑडियो समिट एंड अवार्ड्स (IASA) 2025 में विभिन्न श्रेणियों में कुल छह पुरस्कार

1. वर्ष की सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला-नई सोच नई कहानी - स्मृति ईरानी के साथ एक रेडियो यात्रा।
2. स्वास्थ्य और फिटनेस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्मित ऑडियो स्ट्रीमिंग कार्यक्रम-साप्ताहिक फोन-इन शो पब्लिक स्पीक।
3. सर्वश्रेष्ठ लेट नाइट शो-छायागीत।
4. सर्वश्रेष्ठ सेलिब्रिटी शो ऑन एयर उजाले उनकी यादों के।
5. सर्वश्रेष्ठ ट्रैवल शो-सफरकास्ट।
6. सर्वश्रेष्ठ इंटरस्टिशियल का पुरस्कार-शॉर्ट-फॉर्म ऑडियो कंटेंट में अपनी रचनात्मक उत्कृष्टता का प्रदर्शन के लिए।

- रेडियो और ऑडियो सामग्री उत्पादन में उत्कृष्टता को मान्यता देने वाले पुरस्कारों का तीसरा संस्करण 25 अप्रैल, 2025 को मुंबई में आयोजित किया गया।

लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2025

- आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला को।
- इस पुरस्कार के पिछले प्राप्तकर्ताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गायिका आशा भोसले और अभिनेता अमिताभ बच्चन शामिल हैं।
- लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना 2022 में दिवंगत लता मंगेशकर की याद में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा की गई थी।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) लोक प्रशासन में उत्कृटता के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित

- 21 अप्रैल को फेस ऑथेंटिकेशन मोडैलिटी के लिए इनोवेशन श्रेणी के अंतर्गत प्रदान।
- सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में 100 से अधिक संस्थाएँ लाभ और सेवाओं के सुचारू वितरण के लिए फेस ऑथेंटिकेशन का उपयोग कर रही हैं।

कर्नाटक के मधुसूदन साई फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित

- फिजी में श्री सत्य साई संजीवनी बाल अस्पताल की स्थापना के लिए।
- फिजी के राष्ट्रपति रातू नाइकामा लालबालावु द्वारा राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास, स्टेट हाउस ऑफ फिजी में आयोजित एक समारोह में प्रदान।
- 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' के पूर्व प्राप्तकर्ताओं में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हैं।

पायल कपाड़िया को फ्रांसीसी सम्मान

- मुंबई की फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को फ्रेंच सरकार द्वारा ऑफिसर डान एल 'ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रस' सम्मान से सम्मानित किया गया है।
- अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और लता मंगेशकर को भी यह पुरस्कार मिल चुका है।
- कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की निर्देशक।

उत्सव/महोत्सव

37वां कथक महोत्सव 2025

- **आयोजन** - 25 से 30 मार्च तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक**-भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय, संगीत नाटक अकादमी की घटक इकाई, कथक केन्द्र, नई दिल्ली।
- विश्व के पहले कथक साहित्य महोत्सव का आयोजन।

कथक नृत्य

- *भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक।*
- *मुख्य रूप से उत्तर भारत में प्रचलित।*
- *कथक शब्द की उत्पत्ति कथा शब्द से, जिसका अर्थ एक कहानी से है।*
- *दंतकथाओं, पौराणिक कथाओं और महाकाव्यों की उपकथाओं के विस्तृत आधार पर कहानियों का वर्णन।*
- *एक मौखिक परंपरा के रूप में शुरू, स्वांग और मुद्राएं बाद में जोडी गई।*
- *संगीत, नृत्य और व्याख्या का संयोजन।*
- *मुस्लिम संस्कृति से जुड़ा भारत का एकमात्र शास्त्रीय नृत्य।*
- *मुगल दरबार में संरक्षण।*
- *अवध के अंतिम नवाब वाजिद अली शाह के संरक्षण में एक प्रमुख कला के रूप में विकसित।*
- *प्रमुख घराना-जयपुर घराना और बनारस घराना।*

अयोध्या पर्व 2025

- 11 से 13 अप्रैल तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA), जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) और श्री अयोध्या न्यास की पहल।

खुबानी फूल महोत्सव, 2025

- **उद्घाटन** - 11 अप्रैल को कारगिल के संजाक गांव में। (चूली मेंडोक के नाम से प्रसिद्ध)।
- **आयोजक** - केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख का पर्यटन विभाग।
- लेह और कारगिल दोनों क्षेत्रों के विभिन्न खुबानी उत्पादक क्षेत्रों में आयोजन।
- **उद्देश्य** - लद्दाख में पर्यटन को बढ़ावा देना।
- **समापन** - 4 मई को तार गांव में (केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा जिम्मेदार पर्यटन श्रेणी के तहत 2024 में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता)।
- लद्दाख, देश में खुबानी के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

रक्षा साहित्य महोत्सव 'कलम और कवच 2.0'

- **संस्करण** - दूसरा।
- **आयोजन** - 15 अप्रैल को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में।
- रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (HQ-IDS) के तत्वाधान में संयुक्त युद्ध अध्ययन केन्द्र (CENJOWS) द्वारा पेंटागन प्रेस के सहयोग से।
- **थीम** - (रक्षा सुधारों के माध्यम से भारत के उत्थान को सुरक्षित करना')।
- भारत सरकार ने वर्ष 2025 को 'रक्षा सुधारों का वर्ष' घोषित किया है।

पर्यावरण

भारत और इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) के मध्य नई दिल्ली में मुख्यालय समझौते पर हस्ताक्षर

- समझौते में भारत में आईबीसीए मुख्यालय और सचिवालय की स्थापना करने का प्रावधान है।
- समझौते के तहत सरकार आईबीसीए को एक कोष बनाने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और पांच साल के लिए आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए 150 करोड़ रूपये का बजटीय समर्थन प्रदान करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में ''प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में'' मैसूर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस की शुरूआत की थी।
- IBCA का मुख्य उद्देश्य सात बड़ी बिल्लियों, अर्थात बाघ, शेर तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

गांधी सागर अभयारण्य में दो दक्षिण अफ्रीकी चीते छोड़े गए

- पावक और प्रभाष कुनो राष्ट्रीय उद्यान (म.प्र.) से मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित।
- मूल रूप से प्रोजेक्ट चीता के तहत फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से कुनो नेशनल पार्क में लाया गया।

प्रोजेक्ट चीता

- *वर्ष 2022 में प्रारंभ।*
- ***उद्देश्य*** *– 1940 के दशक के अंत और 1950 के दशक के प्रारंभ में विलुप्त हो चुके चीतों को भारत में पुन: लाना।*
- ***कार्यान्वयन एजेंसी*** *– राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)*
- ***तकनीकी सहायता*** *– भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा।*

महाराष्ट्र द्वारा नवी मुंबई में DPS वेटलैंड फ्लेमिंगो संरक्षण रिजर्व घोषित

- DPS झील संरक्षण रिजर्व नवी मुंबई।
- अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भविष्य में हवाई दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगा।

मध्यप्रदेश सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर एक नए वन्यजीव अभयारण्य की घोषणा की

- मध्य प्रदेश के सागर जिले में 258.64 वर्ग क्षेत्र में घोषित।

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मानव-बाघ संघर्ष को रोकने के लिए 145 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी

- राज्य के नौ बाघ अभयारण्यों के बफर जोनों में चेन-लिंक बाड़ लगाने के लिए।
- योजना तीन वित्तीय वर्षों - 2025-26, 2026-27 और 2027-28 में लागू की जाएगी।
- राज्य में बाघों की आबादी 2018 में 526 से बढ़कर 785 हो गई है (भारत में सर्वाधिक)।
- 2022 में किए गए अखिल भारतीय बाघ अनुमान के अनुसार बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसकी अनुमानित संख्या 3682 (रेंज 3167-3925) है।
- विश्व में बाघों की सर्वाधिक आबादी भारत में निवास करती है।

हरियाणा के पिंजौर से 34 क्रिटिकली एंडेंजर्ड गिद्धों का महाराष्ट्र स्थानांतरण

- लांग बिल्ड और वाइट रम्प्ड वल्चर (दोनों क्रिटिकली एंडेंजर्ड)।
- पिंजौर स्थित जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र से महाराष्ट्र स्थानांतरित, जहां उन्हें पुन: जंगल में छोड़ा जाएगा।
- वल्चर रीइंट्रोडक्शन प्रोग्राम के तहत महाराष्ट्र के मेलघाट, पेंच और ताडोबा-अंधेरी टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित।

अक्षवी

- भारत द्वारा आपदाओं के लिए अपनी तरह का एक अनूठा ई-डिजिटल वॉलेट -अक्षवी लॉन्च।
- अक्षवी आपदा क्षति विवरण का संक्षिप्त रूप है।
- एक समुदाय संचालित मंच, जिसे SEEDS (सस्टेनेबल एनवायरनमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवलपमेंट सोसाइटी) इंडिया द्वारा बनाया गया है।
- इस मंच का उपयोग करते हुए, प्रभावित समुदाय हर बार किसी घटना (बाढ़, सूखा, लू, भूस्खलन, बिजली, ओलावृष्टि आदि) का सामना करने पर नियमित रूप से एक निश्चित समयावधि तक अपने नुकसान और परिसंपत्तियों का विवरण दर्ज करते हैं।
- इसकी रिपोर्ट करने के तीन तरीके हैं -
  - (i) आईवीआरएस (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम) हेल्पलाइन नंबर,
  - (ii) व्हाट्सएप पर चैटबॉट,
  - (iii) किसी व्यक्ति की सहायता से डेटा भरकर।
- वर्तमान में यह पायलट परियोजना के रूप में तीन राज्यों (उत्तर प्रदेश, असम और पश्चिम बंगाल) के पांच जिलों में संचालित है।

सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान

- ओडिशा सरकार ने हाल ही में सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व को राज्य का दूसरा राष्ट्रीय उद्यान (पहला-भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान) घोषित किया है।
- भारत का 107 वां राष्ट्रीय उद्यान ।
- ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित सिमिलिपाल, जंगली मेलेनिस्टिक बाघों (सिमिलिपाल के बाघों में मेलेनिन का स्तर सामान्य से अधिक होता है, जिससे उनके बाल पीले रंग की धारियों के साथ अधिक काले होते हैं) का विश्व का एकमात्र घर है। इसके अलावा 40 रॉयल बंगाल टाइगर, ओडिशा की 25% हाथी आबादी और 104 आर्किड प्रजातियां निवास करती हैं, जिनमें से कई इस क्षेत्र के लिए स्थानिक हैं।

❐ सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान में बरेहिपानी और जोरंडा झरने स्थित है।

पोर्टल/एप

एनसीईआर राज्य आर्थिक मंच

❐ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 अप्रैल, 2025 को नई दिल्ली में ''नीति एनसीईआर राज्य आर्थिक मंच'' पोर्टल लॉन्च।

❐ नीति आयोग तथा नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीईआर) द्वारा विकसित।

❐ लगभग 30 वर्षों (यानी 1990-91 से 2022-23) की अवधि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों, शोध रिपोर्टों, शोधपत्रों और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ टिप्पणियों पर डेटा का एक व्यापक भंडार।

❐ **पोर्टल के चार मुख्य घटक** –

1. **राज्य रिपोर्ट**– 28 भारतीय राज्यों के वृहद और राजकोषीय परिदृश्य का सारांश, जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर आधारित।
2. **डेटा रिपोजिटरी** – पांच क्षेत्रों अर्थात जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा में वर्गीकृत संपूर्ण डेटाबेस तक सीधी पहुंच प्रदान करता है।
3. राज्य राजकोषीय और आर्थिक डैशबोर्ड।
4. रिसर्च एंड कॉमेंट्री।

❐ मैक्रो, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रूझानों को समझने में मददगार।

❐ एक व्यापक शोध केन्द्र के रूप में कार्य।

जल संसाधन जनगणना एप्लीकेशन और पोर्टल का शुभारंभ

❐ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में।

❐ **निम्नलिखित जनगणना योजनाओं में सहायक**–

- 7 वीं लघु सिंचाई जनगणना
- जल निकायों की दूसरी जनगणना
- झरनों की पहली जनगणना
- प्रमुख और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की पहली जनगणना।

❐ यह 100% केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसका संदर्भ वर्ष सिंचाई जनगणना योजना के तहत कृषि वर्ष 2023-24 (जुलाई 2023 - जून 2024) होगा।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) द्वारा अत्याधुनिक, पूर्णत: स्वदेशी रूप से विकसित संसाधन पर्याप्तता मॉडल (STELLAR) का शुभारंभ

❐ एकीकृत उत्पादन, पारेषण और भंडारण विस्तार योजना मॉडल।

❐ यह सॉफ्टवेयर पूरी तरह से भारत में ही सीईए के सक्रिय मार्गदर्शन में विकसित किया गया है।

❐ जून 2023 में विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी संसाधन पर्याप्तता दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक संसाधन पर्याप्तता योजना को क्रियान्वित करने में राज्यों की सहायता के लिए डिजाइन।

भू भारती (Bhu Bharathi) राजस्व पोर्टल

❐ तेलंगाना सरकार द्वारा राज्य में भूमि सुरक्षा को मजबूत करने और भूमि अभिलेखों में पारदर्शिता लाने के लिए प्रारंभ।

❐ भू-स्वामियों को भू-धार कार्ड जारी।

❐ राज्य के चार मंडलों-खम्मम, मुलुगु, कोडंगल और कामारेड्डी ब्लॉको में पायलट आधार पर शुल्क।

वित्त वर्ष 2024-25 में GeM के माध्यम से 1.3 करोड़ से अधिक व्यक्तियों का बीमा

❐ सरकारी खरीद के लिए भारत के सबसे बड़े ई-मार्केटप्लेस, गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM) द्वारा स्वास्थ्य, जीवन और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसियों को कवर करते हुए 1.3 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के बीमा की सफलतापूर्वक सुविधा प्रदान।

❐ वित्त वर्ष 24-25 में 1 मिलियन मैनपावर संसाधनों की भर्ती की सुविधा।

❐ जनवरी 2022 में GeM पर बीमा सेवा श्रेणी शुरू।

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM)

- *गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस, जिसे संक्षेप में GeM के नाम से जाना जाता है, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो सरकारी विभागों में और संस्थान में वस्तुओं और सेवाओं की खरीद और बिक्री को सक्षम बनाता है।*
- *यह पोर्टल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अगस्त 2016 में लॉन्च किया गया था।*
- ***उद्देश्य** – सार्वजनिक खरीद में दक्षता, पारदर्शिता और गति बढ़ाना है।*

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुला द्वारा सुलभ डिजिटल हेल्थकेयर के लिए ई-सेहत ऐप लॉन्च

- लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया एक व्यापक वन-स्टॉप डिजिटल समाधान।
- टेली-डायग्नोसिस की सुविधा देने वाला एक स्मार्ट ई-हेल्थ समाधान।

रिपोर्ट/सूचकांक

राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025

- नीति आयोग द्वारा जारी।
- **उद्देश्य** – भारत में राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य के बारे में समझ विकसित करना।
- देश के 18 प्रमुख राज्य शामिल।
- नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के डेटा का उपयोग करके विकसित।
- **प्रमुख संकेतक**–
  - (i) राजस्व सृजन और संग्रहण
  - (ii) व्यय प्रबंधन और प्राथमिकता
  - (iii) ऋण प्रबंधन
  - (iv) राजकोषीय घाटा प्रबंधन
  - (v) समग्र राजकोषीय स्थिरता
- राज्यों को 4 श्रेणियों- अचीवर, फ्रंट रनर, परफॉर्मर और अस्पाइरेशनल में रैंकिंग प्रदान।
- **प्रमुख निष्कर्ष**–

अचीवर	फ्रंट रनर	परफॉर्मर	अस्पाईरेशनल
1. ओडिशा-67.8	6. महाराष्ट्र	11. तमिलनाडु	15. केरल
2. छत्तीसगढ़-55.2	7. उत्तर प्रदेश	12. राजस्थान-28.6	16. पश्चिम बंगाल
3. गोवा-53.6	8. तेलंगाना	13. बिहार	17. आंध्र प्रदेश
4. झारखंड-51.6	9. मध्यप्रदेश	14. हरियाणा	18. पंजाब
5. गुजरात-50.5	10. कर्नाटक		

डिजिटल थ्रेट रिपोर्ट 2024

- सीईआरटी-इन (MeitY) सीएसआईआरटी-फिन और एसआईएसए, एक वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी द्वारा जारी।
- बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (BFSI) क्षेत्र में साइबर सुरक्षा का समर्थन करने के लिए भारत की पहली रिपोर्ट।
- BFSI के लिए 2024 डिजिटल खतरा रिपोर्ट वित्तीय संस्थानों, विनियामकों और सुरक्षा पेशेवरों के लिए साइबर खतरों के खिलाफ सक्रिय रूख अपनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है।
- चूंकि यह क्षेत्र एआई-संचालित हमलों, परिष्कृत धोखाधड़ी रणनीति और अनुपालन जटिलताओं से बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए यह रिपोर्ट उभरत साइबर सुरक्षा परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए एक रणनीतिक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करती है।

पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI)

- भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पहली बार जारी (वित्त वर्ष 2022-23 के लिए)।
- देश भर में 2 लाख 50 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों (जीपी) की प्रगति को मापने का परिवर्तकारी उपकरण।
- **उद्देश्य** – स्थानीय सतत विकास लक्ष्य हासिल करने में जमीनी स्तर की संस्थाओं द्वारा की गई प्रगति का आकलन और मापन करना, जिससे एसडीजी 2030 की प्राप्ति में योगदान प्राप्त हो सके।
- स्थानीयकृत एसडीजी (एलएसडीजी) के नौ विषयों में पंचायतों का प्रदर्शन दर्शाता है–
  - ➢ गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल अनुकूल पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला-अनुकूल पंचायत।

- पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) एक समग्र सूचकांक है और इसे 435 स्थानीय संकेतको (331 अनिवार्य और 104 वैकल्पिक) के आधार पर संकलित किया गया है।
- अब तक इसकी अंतर-राज्यीय तुलना नहीं की गई है।
- गुजरात 346 ग्राम पंचायतों के साथ अग्रणी है, उसके बाद 270 ग्राम पंचायतों के साथ तेलंगाना दूसरे स्थान पर है।
- **प्रदर्शन श्रेणियाँ** –

श्रेणी	स्कोर सीमा	पंचायतों की संख्या (%)
अचीवर (A+)	90-100	0 (0%)
फ्रंट रनर (A)	75-89.99	699 (0.3%)
परफॉर्मर (B)	60-74.99	77,298 (35.8%)
एस्पिरेंट (C)	40-59.99	1,32,392 (61.2%)
बिगनर (D)	0-39.99	5,896 (2.7%)

नीति आयोग द्वारा ''ऑटोमोटिव उद्योग : वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना'' शीर्षक से रिपोर्ट जारी

- 2023 में वैश्विक ऑटोमोबाइल उत्पादन लगभग 94 मिलियन यूनिट।
- वैश्विक ऑटोमोटिव घटक बाजार का मूल्य दो ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर, जिसमें निर्यात हिस्सेदारी लगभग 70 बिलियन डॉलर)।
- भारत, चीन, अमेरिका और जापान के बाद चौथा सबसे बड़ा वैश्विक उत्पादक।
- भारत का वार्षिक उत्पादन लगभग छह मिलियन वाहन।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक को जारी करने की तिथि में बदलाव

- अप्रैल 2025 से, अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) हर महीने की 28 तारीख को संदर्भ महीने से 28 दिनों के भीतर (पहले 42 दिन) शाम 4:00 बजे जारी किया जाएगा।
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) देश में औद्योगिक विकास का एक महत्वपूर्ण अल्पकालिक संकेतक है।
- यह किसी चयनित आधार वर्ष के संदर्भ में एक निश्चित समयावधि में औद्योगिक उत्पादन के व्यवहार में प्रवृत्तियों के मापन के लिए आर्थिक विकास के प्रमुख संकेतकों में से एक है।
- इसकी गणना और प्रकाशन केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) द्वारा मासिक आधार पर किया जाता है।
- भारत में आईआईपी का संकलन और रिलीज आधार वर्ष 1937 से शुरू हुआ, जो वर्तमान में वर्ष 2011-12 है।

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025

- भारत में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एकमात्र राष्ट्रीय रैंकिंग जो न्याय को प्रभावी और समान रूप से प्रदान करने की उनकी क्षमता पर आधारित है।
- टाटा ट्रस्ट सीएचआरआई, दक्ष, विधि सेंटर, फॉर लीगल पालिसी टीआईएसएस-प्रयास आदि जैसे भागीदारों के सहयोग से जारी।
- रिपोर्ट में चार स्तंभों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया है-पुलिस, न्यायपालिका, जेल और कानूनी सहायता। मानवाधिकार आयोग को एक पूरक क्षेत्र के रूप में जोड़ा गया है।
- प्रदर्शन को पांच संकेतकों के आधार पर मापा जाता है : मानव संसाधन, बजट, बुनियादी ढांचा, कार्यभार और विविधता।
- **निष्कर्ष**–
  - कर्नाटक ने 6.78/10 स्कोर के साथ समग्र रूप से प्रथम रैंक हासिल की।
  - कर्नाटक पुलिस और न्यायपालिका दोनों में अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी तीनों कोटा को पूरा करने वाला एकमात्र राज्य।
  - जिला न्यायालय स्तर पर प्रति न्यायाधीश कार्यभार की औसत संख्या-2200 मुकदमें।
  - जिला न्यायपालिका ने महिला न्यायाधीशों की हिस्सेदारी-38%।
  - बिहार में राज्य पुलिस में महिलाओं का अनुपात सबसे अधिक है।
  - राजस्थान समग्र रूप से 14 वें स्थान पर (न्यायपालिका में सुधार हुआ लेकिन समग्र न्याय प्रदर्शन में पिछड़ा)।

समिति/आयोग

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) द्वारा सभी शैक्षणिक धाराओं में एआई को एकीकृत करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन

- **अध्यक्षता** – परसिस्टेंड सिस्टम के प्रबंध निदेशक आनंद देशपांडे द्वारा।
- **उद्देश्य** – एआई और संबंधित पाठ्यक्रमों को सभी स्ट्रीम में फैलाना ताकि हर छात्र- चाहे वह किसी भी विषय का क्यों न हो – आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का बुनियादी ज्ञान प्राप्त कर सके।''
- AICTE ने 2025 को ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वर्ष'' घोषित किया है, जिसमें जागरूकता बढ़ाने और क्षमता निर्माण के लिए कई पहल शुरू की गई है।

तमिलनाडु द्वारा केंद्र-राज्य संबंधों की समीक्षा के लिए कुरियन जोसेफ समिति गठित

- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति (पूर्व आईएएस अधिकारी अशोक वर्धन शेट्टी और राज्य योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम नागनाथन-सदस्य)।
- 1969 में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी.वी. राजमन्नार की अध्यक्षता में एक ऐसी ही समिति गठित की थी।

केंद्र-राज्य संबंधों की जांच के लिए गठित विभिन्न समितियां और आयोग

- *एम.सी. सीतलवाड़ समिति 1966-1966 में एम.सी. सीतलवाड़ के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा गठित।*
- *राजमन्नार समिति (1969)-1969 में तमिलनाडु की एम. करुणानिधि सरकार द्वारा गठित।*
- *सरकारिया आयोग (1983)-इंदिरा गांधी सरकार द्वारा वर्ष 1983 में गठित ।*
- *एम.एम. पुंछी आयोग (2007)-2007 में मनमोहन सिंह सरकार द्वारा।*
- *संविधान की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आयोग (2000)-अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा 22 फरवरी 2000 को गठित (अध्यक्षता न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचलैया)।*

नियुक्तियाँ

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को भारत का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है।
- 52वें मुख्य न्यायाधीश।
- नियुक्ति 14 मई से प्रभावी।
- वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 13 मई को समाप्त होगा।

पूनम गुप्ता

- RBI की डिप्टी गवर्नर नियुक्त होने वाली चौथी महिला।
- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य।
- अन्य तीन महिला डिप्टी गवर्नर-केजे उदेशी, श्यामला गोपीनाथ, उषा थोराट।

निधि तिवारी

- प्रधानमंत्री की निजी सचिव नियुक्त।
- 2014 बैच की भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी।

न्यायमूर्ति अरूण पल्ली

- जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त।

भारत के पूर्व वित्त सचिव अजय भूषण पांडे एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) के उपाध्यक्ष नियुक्त

- एआईआईबी एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका उद्देश्य एशिया में आर्थिक और सामाजिक परिणामों में सुधार करना है।
- **मुख्यालय** – बीजिंग, चीन।
- **परिचालन** – जनवरी 2016 में शुरू।
- चीन 26.5% वोटिंग शेयर के साथ AIIB का सबसे बड़ा शेयरधारक है।

- भारत 7.5% वोटिंग शेयर के साथ दूसरे नंबर पर है, जबकि रूस 5.97% वोटिंग शेयर के साथ तीसरे नंबर पर है।

दिनेश माहेश्वरी 23वें विधि आयोग के अधयक्ष नियुक्त

- उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश।
- हितेश जैन और डीपी वर्मा पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त।

23वाँ विधि आयोग

- *विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2027 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए गठित*
- *एक गैर-सांविधिक निकाय।*
- *प्रथम विधि आयोग की स्थापना 1833 के चार्टर एक्ट के तहत 1834 में लॉर्ड मैकाले की अध्यक्षता में।*
- *स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग एम.सी. सीतलवाड़ की अध्यक्षता में गठित।*

के. रामकृष्ण राव तेलंगाना के नये मुख्य सचिव नियुक्त

- वित्त विभाग के विशेष मुख्य सचिव ।

मैथिली मृणालिनी

- पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ की पहली महिला अध्यक्ष (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद-ABVP) निर्वाचित।

निधन

के. कस्तूरी रंगन

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के पूर्व अध्यक्ष।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की मसौदा समिति के अध्यक्ष रहे।

मनोज कुमार

- देशभक्ति से ओतप्रोत भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार का निधन।
- भारत कुमार के नाम से प्रसिद्ध।
- **प्रमुख फिल्में** - उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970), और शहीद (1965), रोटी कपड़ा और मकान (1974)
- पद्म श्री (1992) और दादा साहब फाल्के पुरस्कार (2015) से सम्मानित।

राई लोकनृत्य कलाकार राम सहाय पांडे का निधन

- मध्यप्रेदश निवासी।
- राई लोकनृत्य मध्यप्रदेश के बेदिया समुदाय का पारंपरिक लोकनृत्य है।
- 2022 से पद्म श्री से सम्मानित।

दादी रतन मोहिनी का निधन

- आध्यात्मिक नेता और ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख।

भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना कुमुदिनी लाखिया का निधन

- गुजरात निवासी कथक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर।
- पद्म पुरस्कार विजेता।
- 1964 में कदम्ब नृत्य एवं संगीत केन्द्र की स्थापना।

तेलंगाना के हरित योद्धा ट्री मैन दरिपल्ली रामैया का निधन

- 'वनजीवी रामैया' के नाम से प्रसिद्ध।
- पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित।

भौतिक विज्ञानी-दार्शनिक रंजीत नायर का निधन

- सेंटर फॉर फिलॉसफी एंड फाउंडेशन ऑफ साइंस (CPFS) के संस्थापक।
- स्टीफन हॉकिंग सहित विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिकों को भारत में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत में 'एंजियोप्लास्टी के जनक' हृदय रोग विशेषज्ञ मैथ्यू सैमुअल कलरिकल का निधन

- 1986 में भारत में पहली एंजियोप्लास्टी की।
- 1996 में प्रतिष्ठित डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार प्राप्त।
- 2000 में पद्मश्री से सम्मानित ।

पूर्व उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस पट्टाभिरामन का निधन

- पूर्व उप सेना प्रमुख और बॉम्बे सैपर्स के कर्नल कमांडेंट।

फिल्म निर्माता शाजी एन करुण का निधन

- मलयालम फिल्म निर्माता और सिनेमेटोग्राफर।
- **प्रमुख फिल्मे–**
  - पिरवी (1988)–लगभग 70 अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शन।
  - स्वाहम (1994)–कान फिल्म समारोह में पाल्मे डी' ओर के लिए नामांकित।
  - वानप्रस्थम (1999)–कान में प्रदर्शन।
- हाल ही में मलयालम सिनेमा में आजीवन योगदान के लिए राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले सर्वोच्च फिल्म सम्मान जे.सी. डैनियल पुरस्कार से सम्मानित।

प्रख्यात इतिहासकार एम जी एस नारायणन का निधन

- भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (ICHR) के पूर्व अध्यक्ष।

विविध

गीता और नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियाँ यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल

- ऋषि व्यास द्वारा रचित भगवद् गीता एक संस्कृत ग्रंथ है जिसमे 18 अध्यायों में व्यवस्थित 700 श्लोक (कृष्ण और अर्जुन के बीच संवाद) है।
- नाट्यशास्त्र भरतमुनि द्वारा नाट्यकला (प्रदर्शन कला) पर रचित ग्रंथ है।
- गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करने के साथ ही मैमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में भारत की कुल 14 प्रविष्टियाँ हो गई है।
- वर्ष 2024 में रामचरितमानस (गोस्वामी तुलसीदास), पंचतंत्र (पं. विष्णु शर्मा) और सहृदयलोक-लोकन (आचार्य आनंदवर्द्धन) को इस रजिस्टर में शामिल किया गया था।
- मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 1992 में प्रारम्भ किया गया था।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानवता की बहुमूल्य दस्तावेजी विरासत-अभिलेखीय सामग्री, पांडुलिपियों और दुर्लभ संकलनों का संरक्षण करना और उनका व्यापक प्रसार सुनिश्चित करना है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रिकॉर्ड रक्षा निर्यात

- **वित्त वर्ष 2024-25 में कुल रक्षा निर्यात–**
  - 23,622 करोड़ रूपये (लगभग 2.76 बिलियन अमेरिकी डॉलर)।
  - 2,539 करोड़ रूपये की वृद्धि (12.04% की वृद्धि)।
- रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (DPSU) के निर्यात में वृद्धि-वित्त वर्ष 2023-24 के 5,874 करोड़ रूपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 8,839 करोड़ रूपये (42.85% की) उल्लेखनीय वृद्धि।
- निजी क्षेत्र का निर्यात-वित्त वर्ष 2023-24 के 15, 209 करोड़ रूपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 15,233 करोड़ रूपये।
- लगभग 80 देशों में रक्षा निर्यात।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में रिकॉर्ड वृद्धि

- वित्त वर्ष 2024-25 में 25 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि जो पिछले वर्ष की 18.57 गीगावाट वृद्धि से लगभग 35% अधिक है।
- सौर ऊर्जा क्षेत्र में क्षमता वृद्धि-वित्त वर्ष 24 में 15 गीगावाट से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में लगभग 21 गीगावाट (38% की वृद्धि)
- भारत ने वर्ष 2025 में 100 गीगावाट स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के आंकड़े को पार कर लिया।

घरेलू सौर विनिर्माण

- सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता-मार्च 2024 में 38 गीगावाट से लगभग दोगुनी होकर मार्च 2025 में 74 गीगावाट।
- सौर पीवी सेल विनिर्माण क्षमता-9 गीगावाट से तीन गुना बढ़कर 25 गीगावाट।

- देश की पहली इंगोट-वेफर विनिर्माण सुविधा (2 गीगावाट) में वित्त वर्ष 25 में उत्पादन शुरू।
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना-31 मार्च 2025 तक 11.01 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित।

पीएम कुसुम योजना

- *घटक B -वित्त वर्ष 25 से 4.4 पंप स्थापित (पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 गुना अधिक)*
- *घटक C-2.6 लाख पंप स्थापित (वित्त वर्ष 24 की तुलना में 25 गुना अधिक)।*
- *इस योजना के तहत स्थापित/सौर ऊर्जा से जोड़े गए कुल सौर पंपों की संख्या 10 लाख से अधिक।*

वित्त वर्ष 2024-25 में गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM) के माध्यम से 1 मिलियन से अधिक नियुक्तियाँ

- गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस मैनपावर आउटसोर्सिंग सेवा के माध्यम से।
- 33000 से अधिक सेवा प्रदाता संगठनों/कंपनियों/विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन और निश्चित पारिश्रमिक सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर भर्ती।
- 330 से अधिक सेवाओं का पोर्टफोलियो।

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस

- *भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अगस्त 2016 में प्रारंभ डिजिटल प्लेटफार्म।*
- *केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और स्वायत् निकायों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए प्रारंभ।*

जल स्तर सुधारने के लिए प्रतियोगिता की घोषणा करने वाला भारत का पहला जिला

- महाराष्ट्र का धाराशिव (उस्मानाबाद)।
- इस तरह की पहली पहल में, धाराशिव के 734 गांवों को अपने जल प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुलाया गया और संभावित रूप से, सर्वोत्तम प्रथाओं का ज्ञान अपनाया जा सकता है।
- प्रतियोगिता, जिसमें गांवों को 100 में से ग्रेड किया जाएगा, धाराशिव जिला प्रशासन, महाराष्ट्र सरकार के जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग और वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट (WOTR) द्वारा आयोजित की गई, जो पुणे स्थित एक संगठन है जो ग्रामीण गरीबी और पारिस्थितिकी तंत्र के क्षेत्र में काम करता है।
- शीर्ष तीन विजेता गांवों को 5 लाख, 3 लाख और 1 लाख का नकद पुरस्कार दिया गया।

हरित योग

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के 10 प्रमुख कार्यक्रमों (सिग्नेचर इवेंट्स)में से एक।
- ओडिशा के भुवनेश्वर में आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव द्वारा 07 अप्रैल को शुभारंभ।
- योग प्रेमियों के बीच 5000 से अधिक औषधीय पौधे वितरित।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 10 अनोखे कार्यक्रम

- ***योग संगम*** *– 1,00,000 स्थानों पर समन्वित योग प्रदर्शन, जिसका लक्ष्य विश्व रिकार्ड बनाना है।*
- ***योग बंधन*** *– प्रतिष्ठित स्थलों पर योग सत्र आयोजित करने के लिए 10 देशों के साथ वैश्विक साझेदारी।*
- ***योग पार्क*** *– दीर्घकालिक सामुदायिक सहभागिता के लिए 1000 योग पार्कों का विकास।*
- ***योग समावेश*** *– दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और हाशिए पर पड़े समूहों के लिए विशेष योग कार्यक्रम।*
- ***योग प्रभाव*** *– सार्वजनिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर एक दशकीय प्रभाव मूल्यांकन।*
- ***योग कनेक्ट*** *– एक वर्चुअल वैश्विक योग शिखर सम्मेलन जिसमें प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर शामिल होंगे।*
- ***हरित योग*** *– एक स्थिरता-संचालित पहल जिसमें योग को वृक्षारोपण और सफाई अभियान के साथ जोड़ा गया है।*

- *योग अनप्लग्ड – युवाओं को योग के प्रति आकर्षित करने के लिए एक कार्यक्रम*
- *योग महाकुंभ – 10 स्थानों पर एक सप्ताह तक चलने वाला उत्सव, जिसका समापन माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक केंद्रीय समारोह के साथ होगा।*
- *सम्योगम् – समग्र स्वास्थ्य के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के साथ योग को एकीकृत करने वाली 100 दिवसीय पहल।*

समुद्र प्रदक्षिणा

- तीनों सेनाओं का महिला जलयात्रा अभियान।
- 07 अप्रैल, 2025 को भारतीय नौसेना जलयात्रा प्रशिक्षण केन्द्र, कोलाबा, मुंबई से कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमई) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल ए.के. रमेश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना।
- भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के 12 सदस्यीय महिला चालक दल के साथ यह अभियान आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर मुंबई से सेशेल्स और वापस 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण 55 दिवसीय यात्रा पर निकलेगा।
- **उद्देश्य** –
  1. समुद्री प्रयासों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
  2. यह अभियान 2026 के लिए नियोजित एक और भी अधिक महत्वकांक्षी जलयात्रा नौकायन अभियान के लिए एक प्रारंभिक चरण के रूप में कार्य करेगा।

ट्रूथटेल हैकाथॉन

- तकनीक के माध्यम से गलत सूचना और हेरफेर किए गए मीडिया से निपटने के लिए एक वैश्विक चुनौती।
- आगामी विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) 2025 के लिए 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' का हिस्सा।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (MIB) के सहयोग से इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (ICEA) ने आज ट्रूथटेल हैकाथॉन के शीर्ष पाँच विजेताओं की घोषणा।
- **कुल 10 लाख रूपये का नकद पुरस्कार–**
  1. दिल्ली की टीम यूनिक्रॉन
  2. देहरादून की टीम अलकेमिस्ट
  3. बेंगलुरू की टीम हूशिंग लायर्स
  4. दिल्ली की टीम बग स्मैशर्स
  5. बेंगलुरू की टीम वोर्टेक्स स्क्वाड

अंतर दृष्टि

- राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून ने राष्ट्रीय दृष्टि बाधित संघ (एनएबी), नई दिल्ली के सहयोग से 7 अप्रैल, 2025 को 'अंतर दृष्टि' एक अद्वितीय संवेदी डार्क रूम का उद्घाटन किया।
- 'अंतर दृष्टि' एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया संवेदी अनुभव स्थान है जिसका उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और संवेदनशील बनाना है। इस अंधेरे कमरे में, व्यक्ति पूर्ण अंधकार का अनुभव करते हैं और ऐसी गतिविधियों में संलग्न होते हैं जो अंधे या कम दृष्टि वाले व्यक्तियों के रोजमर्रा के अनुभवों को अनुकरण करने में मदद करती है।

iCAST-25 (Integrated Cyber Advanced Security Techniques-2025)

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD) द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन विभाग, हिमाचल प्रदेश और सीआईडी, पुलिस विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से 3 से 4 अप्रैल, 2025 तक पुलिस मुख्यालय, शिमला में हिमाचल प्रदेश सरकार के राज्य पुलिस प्रमुखों के लिए दो दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के तहत NeGD ने देशभर में राज्य क्षमता निर्माण कार्यशालाओं की एक व्यापक श्रृंखला शुरू की है।

26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) का विलय

- भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) द्वारा ''एक राज्य एक आरआरबी'' के सिद्धांत पर।

- 10 राज्यों और 1 केन्द्र शासित प्रदेश में।
- RRB के विलय का चौथा चरण।
- वर्तमान में, 26 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 43 आरआरबी कार्यरत है। विलय के बाद, 26 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 28 आरआरबी होंगे, जिनकी 700 जिलों में 22000 से अधिक शाखाएँ होगी।
- इनके संचालन का मुख्य का मुख्य क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है, जिसमें लगभग 92% शाखाएँ ग्रामीण/अर्ध शहरी क्षेत्रों में है।

ब्लैक बॉक्स लैब

- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू द्वारा नई दिल्ली के उड़ान भवन में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (DFDR और CVR) प्रयोगशाला का उद्घाटन।

थीम म्यूजिक प्रतियोगिता, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय संगीत उद्योग के साथ मिलकर 11 अप्रैल को थीम संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की, जो 32 वेव्स - क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीरीज में से एक है।
- थीम संगीत प्रतियोगिता के विजेता-कुणाल कुंडू और अल्लाप सरदार, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)।
- पहला विश्व ऑडियो और वीडियो मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) 01 से 04 मई 2025 तक मुंबई में आयोजित होने वाला है।

भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र में डॉ.बी.आर.अम्बेडकर की जयंती पर कार्यक्रम

- डॉ. बीआर अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक स्मारक कार्यक्रम का आयोजन।
- संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले द्वारा भागीदारी।
- न्यूयॉर्क शहर के मेयर ने 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया है।

तेलंगाना एससी उप-वर्गीकरण (आरक्षण के भीतर आरक्षण) लागू करने वाला भारत का पहला राज्य

- तेलंगाना अनुसूचित जाति (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम, 2025 को 8 अप्रैल को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त।
- राज्य की अनुसूचित जातियों (एससी) का अलग-अलग आरक्षण प्रतिशत के साथ तीन समूहों में विभाजन -

  समूह I : 15 सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़ी जातियों को 1% आरक्षण।

  समूह II : 18 जातियों को 9% आरक्षण आवंटित किया गया।

  समूह III : 26 जातियों को 5% आरक्षण दिया गया।

केरल पूर्ण डिजिटल साक्षरता हासिल करने वाला भारत का पहला राज्य बना

- स्थानीय स्वशासन विभाग की 'डिजी केरल' पहल के तहत 21 लाख से अधिक लोगों को 'डिजिटल रूप से निरक्षर' के रूप में चिन्हित किया गया और उन्हें स्मार्टफोन का उपयोग करके वॉयस और वीडियो कॉल करना, सरकारी सेवाओं तक पहुंच बनाना, इंटरनेट बैंकिंग करना और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करना सिखाया गया।

चुनाव आयोग द्वारा पहली बार राजनीतिक दलों की जमीनी स्तर पर भागीदारी को मजबूत करने के लिए बूथ स्तरीय एजेंटों (BLA) का प्रशिक्षण

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा बिहार में आगामी चुनावों के मद्देनजर 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़ें राज्य के लगभग 280 बूथ लेवल एजेंटों (BLA) को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, (IIIDEM), नई दिल्ली में प्रशिक्षण।
- बीएलए को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किया जाता है और ये जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अनुसार त्रुटि-रहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) दिल्ली 2024 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में 97वें स्थान पर

- न्यूजवीक और स्टेविस्टा द्वारा विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की 2024 रैंकिंग में वैश्विक स्तर पर 97वाँ सर्वश्रेष्ठ अस्पताल नामित।
- चंडीगढ़ में पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER) को सूची में 228 वां स्थान मिला है।

सेंट्रल रेलवे द्वारा अपनी तरह के पहले कदम के तहत मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस के अंदर ऑटोमेटेड टेलर मशीन (ATM) शुरू

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा एटीएम स्थापित।
- पहल की तकनीकी व्यवहार्यता का आकलन करने के बाद, इस सुविधा को अन्य ट्रेनों में भी बढ़ाया जा सकता है।

महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस द्वारा दक्षिण पूर्व एशिया के सबसे बड़े पायलट प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन

- विदर्भ के अमरावती शहर में स्थापित होने वाला फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (FTO) अपने 34 प्रशिक्षण विमानों के बेड़े के माध्यम से हर साल 180 पायलटों को प्रशिक्षित करेगा।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डे का वर्ष 2024 में दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में नौवां स्थान

- कुल 77.8 मिलियन यात्रियों की आवाजाही।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 2024 में एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) की विश्व सूची में शीर्ष स्थान पर रहा।
- एसीआई वर्ल्ड की रैंकिंग कुल यात्रियों की संख्या पर आधारित है, जिसमें विमान में चढ़ने और उतरने वाले यात्री भी शामिल हैं, जबकि ट्रांजिट यात्रियों की गिनती सिर्फ एक बार की जाती है।
- वर्ष 2018 में, आईजीआई एयरपोर्ट को दुनिया के 16 वें सबसे व्यस्त एयरपोर्ट का दर्जा दिया गया था।

बेंगलूरु एयरपोर्ट एशिया में लेवल 5 कार्बन मान्यता प्राप्त करने वाला पहला एयरपोर्ट बना

- एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) एशिया-प्रशांत और मध्य पूर्व क्षेत्रीय असेंबली में लेवल 5 मान्यता प्रदान।
- स्कोप 1 और 2 ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 95.6% की कमी हासिल करने के लिए।
- स्कोप 1 और 2 क्रमश: कंपनी के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उत्सर्जन को दर्शाते है।

कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) के हरित ऊर्जा नवाचार को ग्रीन एयरपोर्ट्स रिकॉग्निशन अवॉर्ड्स 2025

- एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) एशिया-प्रशांत और मध्य पूर्व द्वारा स्थापित ग्रीन एयरपोर्ट्स रिकॉग्निशन 2025 अवार्ड्स द्वारा पयन्नूर में अपने भू-आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए सम्मानित ।
- प्रति वर्ष 6-15 मिलियन यात्रियों की श्रेणी में।
- विश्व का पहला पूर्णत: सौर ऊर्जा चालित हवाई अड्डा।

तेलंगाना ने हीटवेव को 'राज्य-विशिष्ट आपदा' घोषित किया

- हीट वेव, सनस्ट्रोक और सनबर्न शामिल।
- पीड़ितों के परिवारों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के तहत 4 लाख रूपये प्रति व्यक्ति की अनुग्रह राशि प्राप्त करने की अनुमति।

विश्व की पहली और सबसे बड़ी गीगावाट पैमाने की एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना

- आंध्र प्रदेश में कुरनूल के निकट पिन्नापुरम में विश्व की अग्रणी ऊर्जा संक्रमण और डीकार्बोनाइजेशन समाधान कंपनी ग्रीनको द्वारा स्थापित।
- 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर की परियोजना में 4000 मेगावाट सौर, 1000 मेगावाट पवन और 1680 मेगावाट पंप जलविद्युत उत्पादन शामिल।
- एक चक्र में प्रतिदिन 10,080 मेगावाट की भंडारण क्षमता।

- यह परियोजना सालाना 3.3 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन से बचने के लिए स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में मदद करेगी और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाएगी।

बनारसी शहनाई और बनारसी तबला को जीआई टैग

- बनारसी शहनाई एक पारंपरिक वायु वाद्य यंत्र है, जिसकी जड़ें भारतीय शास्त्रीय संगीत के बनारस घराने में गहराई से जुड़ी हुई हैं।
- राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के माध्यम से मिली, जिन्होंने भारत के प्रथम स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर शहनाई बजाई थी।
- बनारस तबला घराना, जिसे पूरब घराना के नाम से भी जाना जाता है, तबला वादन की एक अद्वितीय और प्रभावशाली शैली का प्रतिनिधित्व करता है जिसकी उत्पत्ति वाराणसी (बनारस) में हुई थी।
- कथक नृत्य के साथ संगत।
- भारतीय शास्त्रीय संगीत में छह प्रमुख तबला घरानों में से एक।
- प्रसिद्ध तबलावादक-पंडित अनोखेलाल मिश्र, पंडित किशन महाराज, पंडित समता प्रसाद।

कन्नडिप्पया को जीआई टैग

- केरल की पारंपरिक जनजातीय चटाई।
- जीआई टैग प्राप्त करने वाला केरल का पहला आदिवासी हस्तशिल्प उत्पाद।
- कन्नडिप्पया का शाब्दिक अर्थ - दर्पण चटाई, जो इसके अनूठे परावर्तक पैटर्न से लिया गया है।
- ईख बांस की नरम आंतरिक परतों से बना यह चटाई अपने अनूठें गुणों-सर्दियों के दौरान गर्म और गर्मियों में ठंडी के लिए प्रसिद्ध है।
- केरल के इडुक्की, त्रिशूर एर्नाकुलम और पलक्कड़ जिलों के आदिवासी समुदायों मुख्य रूप से ओराली, मन्नान, मुथुवा, मलायन, उल्लादन ओर कादर द्वारा तैयार।

वारंगल चपाता मिर्च को जीआई टैग

- तेलंगाना का 18 वां जीआई-टैग वाला उत्पाद है और बंगनापल्ली आम और तंदूर रेड ग्राम के बाद तीसरा कृषि जीआई टैग वाला तीसरा कृषि उत्पाद।
- चमकीले रंग और गोल आकार के कारण टमाटर मिर्च भी कहा जाता है।
- कम तीखी होती है लेकिन इसमें मौजूद कैप्सिकम ओलियोरेसिन गुणों के कारण इसका रंग चमकीला लाल होता है और इसका स्वाद भी बहुत अच्छा होता है।
- वारंगल चपाता मिर्च में तीन प्रकार के फल होते है, जैसे सिंगल पट्टी, डबल पट्टी और ओडालू।
- खेती जम्मीकुंटा मंडल के नगरम गांवों में 80 वर्षों से अधिक समय से।
- अनूठी विशेषताओं का श्रेय इस क्षेत्र की लाल और काली मिट्टी को।

भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग)

- *जीआई टैग एक बौद्धिक संपदा लेबल है जो किसी उत्पाद की उत्पत्ति और गुणवत्ता को उसके भौगोलिक स्त्रोत के आधार पर प्रमाणित करता है।*
- *भारत में जीआई टैग वस्तुओं के भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 द्वारा शासित होते है।*
- *जारी करने वाला प्राधिकरण-वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के अंतर्गत भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री।*
- *भारत में पहला जीआई टैग 2004-05 में दार्जिलिंग चाय को प्रदान किया गया था।*
- *हाल ही में जीआई टैग प्राप्त अन्य उत्पाद वर्ष 2024 में बनारस ठंडाई (उत्तर प्रदेश) और असम बिहू ढोल।*

टाइप 5 डायबिटीज को आधिकारिक तौर पर मान्यता

- बैंकॉक में 75वें मधुमेह विश्व सम्मेलन में, अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ (IDF) ने।
- आधिकारिक तौर पर टाइप 5 मधुमेह को निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दुबले-पतले, कुपोषित युवा वयस्कों को प्रभावित करने वाली बीमारी के एक अलग प्रकार के रूप में वर्गीकृत किया।
- टाइप 5 डायबिटीज मुख्य रूप से दुबले-पतले किशोरों और युवा वयस्कों को प्रभावित करती है जिनका बॉडी मास इंडेक्स (BMI) 18.5 kg/m^2 से कम होता है।

- टाइप 5 अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की कुपोषण से प्रेरित क्षति से उत्पन्न होता है। इससे स्वस्थ व्यक्तियों की तुलना में इंसुलिन स्त्राव का स्तर 70% तक कम हो जाता है।
- टाइप 5 मधुमेह अक्सर गर्भ में उत्पन्न होता है, जहाँ मातृ कुपोषण भ्रूण के अग्नाशय के विकास को बाधित करता है।

मुंबई में भारत के सबसे बड़े क्रूज टर्मिनल, मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल (MICT) से क्रूज संचालन प्रारंभ

- 21 अप्रैल को केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (MoSPW) सर्बानंद सोनोवाल द्वारा हरी झंडी।
- विक्टोरिया डॉक्स में पुनर्निर्मित फायर मेमोरियल का उद्घाटन।
- ग्रीन पोर्ट पहल के तहत शोर टू शिप इलेक्ट्रिक सप्लाई के साथ सागर उपवन उद्यान का भी उद्घाटन।
- MICT को प्रतिदिन लगभग 10,000 यात्रियों के साथ 1 मिलियन यात्रियों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। यह 11 मीटर ड्राफ्ट और 300 मीटर तक की लंबाई के साथ एक साथ 5 जहाजों को भी संभाल सकता है।

भारत में क्रूज पर्यटन

- *भारत में तटीय और नदी क्षेत्र के लिए क्रूज पर्यटन की महत्वपूर्ण क्षमताएँ हैं। ऐसा निम्नलिखित की उपस्थिति के कारण है-*
- *पश्चिम और पूर्व में 7500 किमी लंबी तटरेखा पर 12 प्रमुख और 200 छोटे बंदरगाह 20000 किलोमीटर से अधिक लम्बा नौगम्य 110 जलमार्गों का नेटवर्क जो लगभग 400 नदियों को जोड़ता है।*
- *भारत में कई राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और 1300 द्वीप हैं जो समुद्र तट के किनारे या राज्यों और अंतरराज्यीय नदियों या राष्ट्रीय जलमार्गों के किनारे स्थित हैं।*

स्किल डेवलपमेंट के लिए उत्कृष्टता केंद्र

- केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) और पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय (PDEU) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित उत्कृष्टता केंद्र (COE) का शुभारंभ।
- सेमीकंडक्टर विनिर्माण, नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल एज, स्मार्ट विनिर्माण आदि जैसे क्षेत्रों में 40 से अधिक ऑनलाइन और हाइब्रिड पाठ्यक्रम।

RBI द्वारा 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को भारत में स्वतंत्र रूप से बैंक खाते संचालित करने की अनुमति

- आरबीआई ने 21 अप्रैल को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को भारत में स्वतंत्र बचत और सावधि जमा बैंक खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति प्रदान की है।
- यदि कोई नाबालिग 10 वर्ष से कम आयु का है, तो भी वह अपना बैंक खाता खोल सकता है, लेकिन ऐसा उसके प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से ही किया जाना चाहिए।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) और स्ट्राइड वेंचर्स द्वारा भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज 2025 के विजेता की घोषणा

- प्लास्टिक फॉर चेंज रिसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड (10 करोड़ रुपये तक का वित्त पोषण)।
- भारत स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज 2025 का उद्देश्य उच्च प्रभाव वाले घरेलू स्टार्टअप को मान्यता देना और उन्हें सशक्त बनाना है।
- प्लास्टिक फॉर चेंज, की स्थापना 2015 में हुई थी, और इसका ध्यान फेयर ट्रेड सत्यापित रीसाइकिल प्लास्टिक आपूर्ति श्रृंखला बनाने पर है।
- स्ट्राइड वेंचर्स भारत में सबसे बड़ा वेंचर डेट फंड है, जिसने पिछले पांच सालों में 170 से ज्यादा नए जमाने के स्टार्टअप्स को 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है।

वेव्स 2025 में भारत पैवेलियन का अनावरण

- ''कला से कोड तक'' थीम पर आधारित ।
- भारत मंडप के केंद्र में चार ऐसे क्षेत्र हैं जो आगंतुकों को भारत की कहानी कहने की परम्परा की निरंतरता से परिचित कराएंगे-

1. **श्रुति** – वैदिक मंत्रों और लोकगीतों से लेकर शास्त्रीय संगीत, रेडियो और बोले गए शब्दों तक मौखिक परंपराओं पर प्रकाश डालती है।
2. **कृति** – लिखित विरासतों पर प्रकाश डालते हुए, गुफा उत्कीर्णन और ताड़-पत्र पांडुलिपियों से लेकर प्रिंट मीडिया, साहित्य और आधुनिक प्रकाशन के विकास तक की यात्रा का पता लगाना।
3. **दृष्टि** – प्राचीन नृत्य शैलियों, कठपुतली और लोक रंगमंच से लेकर भारत के फलते-फूलते सिनेमा, टेलीविजन, डिजिटल और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग पारिस्थितिकी तंत्र तक दृश्य अभिव्यक्ति की खोज ।
4. **क्रिएटर लीप** – अत्याधुनिक तकनीक के साथ कहानी कहने के भविष्य को प्रदर्शित करना।

- प्रथम विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का आयोजन मई 2025 में मुंबई में किया जाएगा।

अरुण-3 जलविद्युत परियोजना

- केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल द्वारा नेपाल यात्रा के दौरान अरुण-3 परियोजना पर इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्यों का शुभारंभ।
- पूर्वी नेपाल के संखुवासभा जिले में कोशी नदी की सहायक नदी अरुण पर निर्मित 900 मेगावाट की रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजना।
- भारतीय सहायता से 144 अरब रुपए की लागत से विकसित ।
- विकास-सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) अरुण-III पावर डेवलपमेंट कंपनी (एसएपीडीसी), जो भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उद्यम है, द्वारा बिल्ड-ओन-ऑपरेट-एंड-ट्रांसफर (बीओओटी) आधार पर।
- पूरा हो जाने पर यह नेपाल की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी।

भारत की डीबीटी प्रणाली से 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत

- ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा वित्त मंत्रालय के समर्थन से जारी रिपोर्ट के अनुसार।
- 2009 से 2024 तक के डेटा के आधार पर कल्याण दक्षता सूचकांक (WEI) जारी।
- राजकोषीय और सामाजिक परिणामों को ट्रैक करने वाला समग्र सूचकांक ।
- कल्याण दक्षता सूचकांक डीबीटी बचत को 50%, सब्सिडी में कमी को 30% और लाभार्थी वृद्धि को 20% महत्व देता है।
- सूचकांक में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है 2014 में 0.32 से 2023 में 0.91 तक जो समावेशन और वित्तीय दक्षता दोनों में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है।
- सरकारी सब्सिडी 2009-2013 में कुल व्यय के 16% से घटकर 2023-24 में 9% हो गई, जबकि लाभार्थी कवरेज 11 करोड़ से बढ़कर 176 करोड़ हो गया।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि, 1960 निलंबित

- भारत और पाकिस्तान के बीच 19 सितंबर, 1960 को कराची में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- संधि के प्रावधानों के अनुसार, सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों' – सतलुज, व्यास और रावी का सारा पानी भारत के 'अप्रतिबंधित उपयोग' के लिए उपलब्ध होगा।
- पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों' सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी मिलेगा।
  - **सिंधु नदी** – यह तिब्बत से निकलती है, भारत (लद्दाख) से होकर बहती है और फिर पाकिस्तान में प्रवेश करती है।
  - **झेलम और चिनाब** – पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले जम्मू और कश्मीर से होकर बहती हैं।
  - **सतलुज, ब्यास और रावी** – पाकिस्तान में प्रवेश करने से पहले उत्तरी भारत और पंजाब से होकर बहती हैं।
- सिंधु जल संधि में निकास खंड का अभाव है, जिसका अर्थ है कि न तो भारत और न ही पाकिस्तान कानूनी रूप से इसे एकतरफा रद्द कर सकते हैं।
- इस संधि की कोई समाप्ति तिथि नहीं है तथा इसमें किसी भी संशोधन के लिए दोनों पक्षों की सहमति आवश्यक है।

- यद्यपि संधि से बाहर नहीं निकला जा सकता, फिर भी इसमें विवाद समाधान तंत्र मौजूद है : अनुच्छेद IX, शिकायतें दर्ज कराने की प्रक्रिया निर्धारित करता है -
  - पहले स्थायी सिंधु आयोग के समक्ष, फिर एक तटस्थ विशेषज्ञ के समक्ष, अंततः मध्यस्थों के एक मंच के समक्ष।

पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते का निलंबन

- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के बाद, पाकिस्तान द्वारा 1972 के शिमला समझौते के निलंबन की घोषणा।
- शिमला समझौता एक द्विपक्षीय संधि है जिस पर 2 जुलाई 1972 को शिमला, हिमाचल प्रदेश में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तानी राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच हस्ताक्षर किए गए थे।
- **प्रमुख प्रावधान**
  1. **विवादों का शांतिपूर्ण समाधान** – कश्मीर सहित सभी विवादों को तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के बिना द्विपक्षीय रूप से सुलझाने का संकल्प।
  2. **संप्रभुता का सम्मान** – एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने पर सहमत।
  3. **युद्ध विराम रेखा का पुनः निर्धारण** – जम्मू और कश्मीर में 1971 की युद्ध विराम रेखा को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के रूप में पुनः नामित किया गया, तथा दोनों पक्षों ने मतभेदों के बावजूद, इसे एकतरफा रूप से नहीं बदलने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
  4. राजनयिक संबंधों का सामान्यीकरण।
  5. युद्धबंदियों की रिहाई।

विश्व आर्थिक मंच की यंग ग्लोबल लीडर्स 2025 सूची में 7 भारतीय शामिल

1. अनुराग मालू-पर्वतारोही, उद्यमी
2. निपुण मल्होत्रा-निपमैन फाउंडेशन के संस्थापक
3. रितेश अग्रवाल-ओयो होटल्स एंड होम्स के संस्थापक
4. आलोक मेडिकेपुरा अनिल नेक्स्ट बिग इनोवेशन लैब्स के संस्थापक
5. किंजरापु राम मोहन नायडू-नागरिक उद्यान मंत्री, भारत सरकार
6. मानसी सुब्रमण्यम-पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया की प्रधान संपादक
7. नटराजन शंकर-बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के प्रबंध निदेशक।

- विश्व आर्थिक मंच की इस सूची में 40 वर्ष से कम आयु के कुल 116 यंग लीडर शामिल है।,

बिहार ने मधुबनी पेंटिंग और बौद्ध भिक्षु गायन वादन में दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए

- पद्मश्री जगदंबा देवी को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रसिद्ध कलाकार बउआ देवी और अन्य के मार्गदर्शन में मधुबनी पेंटिंग संस्थान में 18.69 वर्ग मीटर की एक बड़ी मधुबनी पेंटिंग बनाई गई।
- विभिन्न मठों से आए 375 भिक्षु, जिनकी आयु पांच वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक है, ने गायन बाउल समूह के लिए बौद्ध भिक्षुओं की सबसे बड़ी सभा का विश्व रिकॉर्ड बनाया।

टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

- भारत का IISc (बेंगलुरू) 38 वें स्थान पर (2024 में 32 वां स्थान), भारत में सर्वोच्च रैंकिंग वाला संस्थान।
- अन्ना विश्वविद्यालय-111वें स्थान पर।
- IIT इंदौर-131वें स्थान पर।
- महात्मा गांधी विश्वविद्यालय 140वें स्थान पर।
- चीन का सिंघुआ विश्वविद्यालय प्रथम स्थान पर।
- एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन प्लेटफॉर्म और पत्रिका टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) द्वारा जारी की जाती है।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के अंतर्गत शामिल

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 की धारा 66 के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (IC) को शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी की।

- भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक पहल।
- आधिकारिक तौर पर 2020 में उद्घाटन ।
- साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नोडल बिंदु के रूप में कार्य करने के लिए प्रारंभ ।
- जुलाई 2024 में केंद्रीय गृह मंत्रालय का संलग्न कार्यालय बना।

ज्ञान पोस्ट

- शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पुस्तकों की किफायती डिलीवरी के लिए भारतीय डाक की नई सेवा।
- 'ज्ञान पोस्ट' के तहत भेजी जाने वाली पुस्तकों और मुद्रित शैक्षिक सामग्रियों को ट्रैक किया जा सकेगा और लागत प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए सतही माध्यम से परिवहन किया जा सकेगा।
- 'ज्ञान पोस्ट' के अंतर्गत केवल गैर-वाणिज्यिक, शैक्षणिक सामग्री ही पात्र होगी।
- व्यावसायिक या वाणिज्यिक प्रकृति के प्रकाशन, या विज्ञापन (आकस्मिक घोषणाओं या पुस्तक सूचियों के अलावा) वाले प्रकाशन इस सेवा के अंतर्गत स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
- प्रत्येक पुस्तक पर निर्धारित शर्तों के अनुसार मुद्रक या प्रकाशक का नाम होना चाहिए।
- 1 मई, 2025 से पूरे भारत में सभी विभागीय डाकघरों में प्रारम्भ।

भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा पंडित चतुर लाल के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर स्मारक टिकट जारी

- 1950 के दशक में पश्चिम में तबला पेश करने वाले पहले भारतीय तबलावादक।
- **जन्म** - उदयपुर।
- भारतीय शास्त्रीय लय को पश्चिमी संगीत के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे शक्ति जैसे इंडो-जैज समूहों के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ।
- 1957 में कनाडाई लघु फिल्म ए चेयरी टेल में अपने काम के लिए ऑस्कर में नामांकित होने वाले पहले भारतीय तबलावादक।

फिल्म और टेलीविजन संस्थान (FTII) पुणे तथा सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा

- यूजीसी अधिनियम की धारा 3 के तहत।
- दोनों संस्थान डॉक्टरेट, अनुसंधान और नवीन शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करेंगे। वे NIRF रैंकिंग में भी भाग लेंगे और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के साथ एकीकृत होंगे।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- कैप्टेन श्रद्धा भारतीय सेना को चीता हेलीकॉप्टर फ्लीट की पहली महिला पायलट बनी है।
- **स्पेशल हैंडलूम एक्सपो** - 17 अप्रैल को भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम द्वारा नोएडा स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में "विशेष हथकरघा प्रदर्शनी" का शुभारंभ।
  - ➢ 13 राज्यों के हथकरघा बुनकरों ने भाग लिया।
- **हरियाणा विधानसभा द्वारा पहली बार विधायी प्रारूपण पर 36 वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 13 देशों के प्रतिनिधियों के लिए अध्ययन दौरे की मेजबानी** - 13 देशों के 27 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में कोटे डी आइवर, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया और जिम्बाब्वे के सदस्य शामिल है।
- **कर्नाटक ग्राम-स्तरीय पुरावशेष सर्वेक्षण करने वाला भारत का पहला राज्य** - कर्नाटक भारत का पहला राज्य है जो गांव स्तर पर पुरावशेष सर्वेक्षण पूरा करेगा, जिसमें संरक्षण और सुरक्षा के लिए शिलालेखों, मूर्तियों और स्मारकों की जियो-टैगिंग शामिल है।
  - ➢ अब तक 119 तालुका शामिल।
- **कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) द्वारा महाराष्ट्र से अमेरिका तक भारतीय अनार (भगवा किस्म) की पहली वाणिज्यिक समुद्री खेप भेजी गई** - आईसीएआर-राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र, सोलापुर के सहयोग से एपीडा द्वारा अनार के शेल्फ लाइफ को 60 दिनों तक बढ़ाने के लिए किए गए स्थैतिक परीक्षण की सफलता के कारण संभव।

- **पीवी मॉड्यूल परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला** – केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE), ग्वाल पहाड़ी, बंधवारी, हरियाणा में उद्घाटन।
- **चेन्नई द्वारा उपनगरीय मार्ग पर दक्षिण भारत की पहली एसी ईएमयू ट्रेन प्रारंभ** – चेन्नई बीच-चेंगलपट्टू कॉरिडोर पर।
  - ➢ दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन द्वारा संचालित।
- वित्त वर्ष 2024-25 में, इलेक्ट्रॉनिक्स भारत से निर्यात की जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी वस्तु बन गई।
- भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल विनिर्माण देश बन गया है।
- सर्वम एआई को भारत का पहला स्वदेशी एआई आधारभूत मॉडल बनाने के लिए चुना गया।
- **सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (SRFTI) की फिल्म ''ए डॉल मेड अप ऑफ क्ले'' कान्स 2025 में शामिल** – 78वें फेस्टिवल डी कान्स 2025 में प्रतिष्ठित ला सिनेफ सेक्शन में आधिकारिक चयन हासिल।
  - ➢ निर्माता-साहिल मनोज इंगले।
- बियोंड द कोर्टरूम-प्रसिद्ध अधिवक्ता फली एस नरीमन पर सुभाष शर्मा द्वारा संकलित पुस्तक।
- एक्सरसाइज आक्रमण-भारतीय वायु सेना का वार्षिक अभ्यास।
- असम राइफल्स की पहली महिला डॉग हैंडलर राइफलवुमन श्रीलक्ष्मी पीवी।

❖❖❖

03 अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

चर्चित यात्राएँ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की विदेश यात्राएँ

- **पुर्तगाल की यात्रा**
  - यह 27 वर्षों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की पुर्तगाल की पहली यात्रा है।
  - राष्ट्रपति ने लिस्बन के मेयर से 'लिस्बन की सिटी की ऑफ ऑनर' प्राप्त की।

  - पुर्तगाल के राष्ट्रपति के साथ उन्होंने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी किए।
- **स्लोवाकिया की यात्रा**
  - यह 29 वर्षों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की स्लोवाक गणराज्य की पहली यात्रा है।
  - यह यात्रा ब्रातिस्लावा में भारतीय दूतावास की 30वीं वर्षगांठ का प्रतीक है।
  - राष्ट्रपति मुर्मू को कॉन्स्टेंटाइन द फिलॉसफर यूनिवर्सिटी, नित्रा, स्लोवाकिया द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएँ

- **थाईलैंड यात्रा**
  - थाई प्रधानमंत्री शिनावात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी को पाली भाषा में बौद्ध धर्मग्रंथ त्रि-पिटक का एक विशेष संस्करण भेंट किया।
  - प्रधानमंत्री मोदी ने थाई प्रधानमंत्री को एक डोकरा पीतल की मयूर नौका भेंट की, जिस पर एक आदिवासी सवार था।
  - प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के उपलक्ष्य में थाईलैंड ने 18वीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों वाला एक विशेष डाक टिकट जारी किया।
  - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने थाईलैंड प्रधानमंत्री शिनावात्रा के पति, पिटक सुकसावत को "मीनाकारी से सजाए गए बाघ के स्वरूप वाले कफलिंक" उपहार में दिए।
  - सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात से भगवान बुद्ध के अवशेष थाईलैंड भेजने का प्रस्ताव रखा।

- **मुख्य परिणाम**
  - **भारत-थाईलैंड रणनीतिक साझेदारी** की स्थापना।
  - **विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनः** लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का विकास, पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, एमएसएमई, समुद्री विरासत आदि हस्ताक्षर किए गए। ।
  - **लोगों से लोगों के बीच संपर्क को सुविधाजनक बनानाः** भारत-थाईलैंड कांसुलर डायलॉग की स्थापना।
  - **व्यापार सुविधाः** स्थानीय मुद्रा-आधारित निपटान तंत्र की स्थापना की संभावना पर विचार किया गया।

श्रीलंका यात्रा

- प्रधानमंत्री मोदी को श्रीलंका 'मित्र विभूषण' पुरस्कार प्रदान किया। यह विदेशी नेताओं को दिया जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान है।
- **रक्षा सहयोग:** एक पांच वर्षीय रक्षा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य संयुक्त अभ्यास, समुद्री निगरानी और रक्षा उद्योग सहयोग की संरचना करना है।
- **ऊर्जा सहयोग:** बिजली व्यापार के लिए ग्रिड कनेक्शन और यूएई के साथ त्रिंकोमाली ऊर्जा हब का विकास।
- **वित्त:** भारत ने 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के ऋणों को अनुदान में परिवर्तित किया और ऋणों पर ब्याज दरों को कम किया।
- **विकास:** पीएम मोदी ने श्रीलंका में प्रमुख परियोजनाओं जैसे-माहो-ओमानथाई रेलवे लाइन, सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना आदि का शुभारंभ किया।
- **ऊर्जा एवं अवसंरचना:** दोनों पक्षों ने विद्युत व्यापार के लिये भारत-श्रीलंका ग्रिड इंटरकनेक्शन पर सहमति व्यक्त की।
- **सांस्कृतिक कूटनीति:** गुजरात से भगवान बुद्ध के अवशेषों को मई 2025 में वेसाक दिवस समारोह पर श्रीलंका भेजे जाएंगे।

सऊदी अरब की राजकीय यात्रा

- दूसरी भारत-सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद (एसपीसी) की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की सह-अध्यक्षता में जेद्दा में हुई।
  - परिषद ने राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा क्षेत्रों में एसपीसी के तहत समितियों के काम की समीक्षा की।
- रक्षा भागीदारी को गहरा करने के लिए रक्षा सहयोग पर मंत्रिस्तरीय समिति और संस्कृति तथा लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग पर मंत्रिस्तरीय समिति बनाई गई।
- सऊदी अरब द्वारा भारत में कई क्षेत्रों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता के आधार पर, निवेश पर संयुक्त उच्च स्तरीय टास्क फोर्स ने भारत में दो रिफाइनरियों की स्थापना पर सहयोग की सुविधा प्रदान की।
- अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, एंटी-डोपिंग और डाक सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

दुबई के क्राउन प्रिंस की भारत यात्रा

- दुबई के क्राउन प्रिंस और संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री महामहिम शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम, भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर है।

- **मुख्य परिणाम**
  - दुबई में आईआईएम अहमदाबाद का पहला विदेशी परिसर स्थापित करने के लिए समझौता (2025 में एमबीए कार्यक्रम शुरू होगा)।
  - एक्सपो सिटी दुबई में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) परिसर का शुभारंभ।
  - भारत मार्ट का निर्माण कार्य शुरू होगा और परिसर का 3-डी रेंडरिंग लॉन्च किया जाएगा।

- ➢ दुबई में यूएई-भारत मैत्री अस्पताल के लिए भूमि का आवंटन।
- ➢ कोच्चि और वाडिनार में जहाज मरम्मत क्लस्टरों का विकास।
- ➢ दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स के लिए भारत में कार्यालय की स्थापना।

चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की भारत यात्रा

- ❐ उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 76 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।
- ❐ **प्रमुख परिणाम** –
  - ➢ **अंटार्कटिका सहयोग पर आशय पत्र:** चिली भारत के लिए अंटार्कटिका का प्रवेशद्वार है।
  - ➢ **भारत-चिली सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम:** चिली ने 4 नवंबर को अपना राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया।
  - ➢ **खनन:** चिली के राष्ट्रीय कॉपर कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के बीच सहयोग के लिए समझौता।
  - ➢ **लोगों के बीच संपर्क:** भारतीय व्यापारियों के लिए बहु-प्रवेश परमिट।

चर्चित व्यक्तित्व

पोप फ्रांसिस (जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो)

- ❐ रोमन कैथोलिक चर्च के एक आध्यात्मिक नेता (266वें पोप) का निधन हो गया है।
- ❐ पोप फ्रांसिस का जन्म अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में हुआ था।
- ❐ 2013 में पोप बेनेडिक्ट सोलहवें के अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद, 13 मार्च 2013 को इन्हें पोप चुना गया।
- ❐ इन्होंने संट फ्रांसिस ऑफ असीसी के सम्मान में फ्रांसिस नाम अपनाया और रोमन कैथोलिक चर्च के 266वें पोप बने।
- ❐ वे दक्षिण अमेरिका और जेसुइट संप्रदाय से पहले पोप थे।
- ❐ 1200 से अधिक वर्षों में पहले गैर-यूरोपीय पोप।

- *पोप रोम के बिशप और कैथोलिक चर्च के दृश्यमान प्रमुख हैं , जो ईसा मसीह को अपना अदृश्य प्रमुख मानते हैं।*
- *वह वेटिकन सिटी में रहते हैं और कैथोलिकों पर उनका सर्वोच्च अधिकार है।*
- *उनका चुनाव कार्डिनल्स कॉलेज (वरिष्ठ अधिकारी) द्वारा एक कॉन्क्लेव (मतदान) के माध्यम से किया जाता है।*

अंबरीश मिथल

- ❐ एक प्रसिद्ध भारतीय एंडोक्रिनोलॉजिस्ट को ऑस्टियोपोरोसिस अनुसंधान में उनके असाधारण योगदान के लिए इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन द्वारा 2025 वैज्ञानिक सलाहकार समिति मेडल ऑफ अचीवमेंट से सम्मानित किया गया है।

कुमुदिनी लाखिया

- ❐ प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना हाल ही में निधन।
- ❐ भारतीय शास्त्रीय नृत्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 1987 में पद्म श्री, 2010 में पद्म भूषण और 2024 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

मारियो वर्गास लोसा

- ❐ पेरू के एक प्रसिद्ध उपन्यासकार, निबंधकार और पत्रकार का हाल ही में निधन।
- ❐ सत्ता की संरचनाओं और इसके खिलाफ व्यक्ति के संघर्ष की गहन खोज के लिए उन्हें 2010 में साहित्य में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

जीन मार्श

- ❐ एक ब्रिटिश अभिनेत्री, जिन्हें 'अपस्टेयर, डाउनस्टेयर' में उनकी भूमिका के लिए उत्कृष्ट मुख्य अभिनेत्री का एमी पुरस्कार मिला, का हाल ही में निधन।

यूं सूक येओल

- ❐ दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने राष्ट्रपति यून के महाभियोग को बरकरार रखा है।
- ❐ इससे पहले, मार्शल लॉ की उनकी विवादास्पद घोषणा के बाद सांसदों द्वारा उन पर महाभियोग लगाया गया था, जिसके कारण बड़े पैमाने पर सार्वजनिक आक्रोश और संवैधानिक संकट पैदा हो गया था।

ओलांटा हुमाला

- पेरू के पूर्व राष्ट्रपति को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

शर्ली बोचवे

- राष्ट्रमंडल राष्ट्रों की 7वीं महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया, इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली अफ्रीकी महिला बनीं।
- उन्होंने डोमिनिका की पैट्रिशिया स्कॉटलैंड का स्थान लिया, जो राष्ट्रमंडल महासचिव के रूप में सेवा करने वाली पहली महिला थीं।

राष्ट्रमंडल के बारे में

- ***कुल सदस्य:*** *56 देश*
- ***मुख्यालय:*** *लंदन, यूनाइटेड किंगडम*
- ***राष्ट्रमंडल का प्रमुख:*** *ब्रिटिश सम्राट*
- ***भारत*** *भी इसका सदस्य है*
- ***विशिष्ट सदस्य:*** *चार देश (मोजाम्बिक, रवांडा, गैबॉन और टोगो) कभी ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब राष्ट्रमंडल के सदस्य हैं।*

क्लॉस श्वाब

- विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक रहे क्लॉस ने अध्यक्ष और इसके न्यासी बोर्ड के सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया है।
- पीटर ब्रेबेक-लेटमैथ को विश्व आर्थिक मंच का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

डेनियल नोबोआ

- उन्हें इक्वाडोर के राष्ट्रपति चुनाव में पूरे चार साल के कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया है।
- उन्होंने मादक पदार्थों से जुड़ी हिंसा और आर्थिक अस्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच वामपंथी लुइसा गोंजालेज को निर्णायक रूप से हराया।

आमिर खान

- चीन में आयोजित मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल 2025 में मास्टर ह्यूमर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

चर्चित स्थान

म्यांमार भूकंप

- म्यांमार (विशेष रूप से मांडले शहर में) और थाईलैंड में 7.7 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया, जिससे व्यापक विनाश हुआ।
- यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, यह एक उथला भूकंप (10 किमी गहराई) था, और पिछले दो वर्षों में दुनिया में कहीं भी सबसे शक्तिशाली भूकंप था।
- **कारण:**
  - यह सागाइंग फॉल्ट के साथ "स्ट्राइक-स्लिप फॉल्टिंग" के कारण हुआ था।
  - भूकंप भारतीय प्लेट के यूरेशियन प्लेट के सापेक्ष उत्तर की ओर बढ़ने के कारण हुआ।
- भारत ने एक मानवीय मिशन 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया जिसमें बचाव दल, चिकित्सा सहायता और राहत आपूर्ति शामिल है।

- *फॉल्ट दो चट्टानों के बीच एक दरार है, जो चट्टानों को एक दूसरे के सापेक्ष हिलने देती है, जिससे कभी-कभी भूकंप भी आते हैं*
- *म्यांमार में 1,500 किलोमीटर लंबा सागाइंग फॉल्ट भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के बीच की सीमा को चिह्नित करता है और यह दुनिया के सबसे लंबे, सबसे सक्रिय स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट में से एक है।*



आर्कटिक क्षेत्र

- यह भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन और संसाधन प्रतिस्पर्धा के बढ़ने के कारण वैश्विक फ्लैशपॉइंट बन गया है।
- **इसका महत्व क्यों बढ़ रहा है?**
  - बर्फ पिघलने से पहले से दुर्गम क्षेत्र अन्वेषण और व्यापार के लिए खुल रहे हैं।
  - यह दुर्लभ पृथ्वी तत्वों, तांबे से समृद्ध है, दुनिया के 13% अज्ञात तेल और 30% अप्रयुक्त प्राकृतिक गैस का भंडार है।
  - रूस, अमेरिका और चीन इस क्षेत्र में सैन्य गतिविधियाँ बढ़ा रहे हैं, जिससे संभावित संघर्ष हो रहे हैं।
  - यह स्वेज नहर के लिए वैकल्पिक व्यापार मार्ग [पूर्वोत्तर मार्ग (रूस) और उत्तरपश्चिमी मार्ग (कनाडा)] प्रदान करता है, जिससे यात्रा की दूरी हजारों किलोमीटर कम हो जाती है।

आर्कटिक परिषद के बारे में

- *आर्कटिक का शासन आर्कटिक परिषद द्वारा किया जाता है, जो 1996 में ओटावा घोषणा के माध्यम से गठित एक अंतर-सरकारी निकाय है।*
- ***सदस्य देश (8):***
  - *कनाडा, डेनमार्क (ग्रीनलैंड), फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूस, स्वीडन और अमेरिका।*
  - *ये देश भूमि क्षेत्रों को नियंत्रित करते हैं और अपने विशेष आर्थिक क्षेत्रों के भीतर संसाधनों पर अधिकार रखते हैं।*
- ***पर्यवेक्षक :***
  - *13 देश (भारत, चीन, जापान, यूके, फ्रांस), 13 अंतर-सरकारी संगठन और 12 गैर-सरकारी संगठन।*

गैस हाइड्रेट्स के लिए अनुसंधान स्टेशन

- चीन वर्तमान में विश्व का पहला स्थायी समुद्र के नीचे अनुसंधान स्टेशन बना रहा है, जिसे गैस हाइड्रेट्स के अध्ययन के लिए डिजाइन किया गया है।
- गैस हाइड्रेट्स क्रिस्टलीय ठोस पदार्थ होते हैं जो पानी और गैस, मुख्य रूप से मीथेन से बने होते हैं।
- इन यौगिकों को अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन माना जाता है क्योंकि इन्हें निकालने के लिए उन्नत, गैर-पारंपरिक तकनीकों की आवश्यकता होती है।

मॉरीशस

- सौर सहयोग को मजबूत करने और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के देश साझेदारी रूपरेखा (सीपीएफ) पर हस्ताक्षर करने वाला मॉरीशस पहला अफ्रीकी देश और विश्व स्तर पर चौथा (बांग्लादेश, भूटान और क्यूबा के बाद) है।
- सीपीएफ सौर परियोजनाओं और नीति समर्थन पर सहयोग के लिए एक संरचित, रणनीतिक दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।
- सीपीएफ तीन साल के लिए वैध है, जिसमें आपसी समझौते के आधार पर नवीनीकरण का प्रावधान है।

बुलेट ट्रेन परियोजना

- नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मुंबई और अहमदाबाद के बीच एक हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर कार्यान्वित किया जा रहा है।
- यह परियोजना जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) द्वारा वित्त पोषित है, जो लगभग 80% लागत को कवर करती है।
- परियोजना को 2022 तक पूरा करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन संशोधित समय सीमा अब 2028 है।
- जापान 2026 में भारत को दो शिंकानसेन ट्रेन सेट (E5 और E3 श्रृंखला) निःशुल्क प्रदान करने के लिए तैयार है।

थोरियम आधारित लघु मॉड्यूलर रिएक्टर

- महाराष्ट्र ने रूस की रोसाटॉम के साथ थोरियम-आधारित स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो किसी भी भारतीय राज्य द्वारा परमाणु ऊर्जा में पहला कदम है।
- एसएमआर कॉम्पैक्ट, स्केलेबल परमाणु रिएक्टर होते हैं, जिसे सुरक्षित, प्रभावी और लचीला बिजली उत्पादन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

- थोरियम आधारित एसएमआर, रूपांतरण के माध्यम से यूरेनियम-233 ईंधन उत्पन्न करने के लिए थोरियम-232 (उपजाऊ पदार्थ) है, का उपयोग करते हैं।

सम्मेलन/बैठक/समझौते

पारस्परिक शुल्क

- राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2 अप्रैल, 2025 को 'मुक्ति दिवस' के रूप में घोषित किया, जिसका उद्देश्य व्यापार असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से पारस्परिक शुल्कों की शुरूआत करना था।
- **बेसलाइन टैरिफ:** सभी देशों के विरुद्ध सभी आयातों पर एक सार्वभौमिक 10% टैरिफ लगाया गया।
- **देश-विशिष्ट टैरिफ:** भारत को 26% छूट वाले पारस्परिक टैरिफ का सामना करना पड़ा, जबकि चीन (34%), यूरोपीय संघ (20%), जापान (24%), ताइवान (32%), वियतनाम (46%)।
  - राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत सहित अधिकांश देशों के लिए पारस्परिक टैरिफ के 90-दिवसीय निलंबन की घोषणा की थी, लेकिन विशेष रूप से चीन को बाहर रखा।
  - चीन के साथ 295 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार घाटे के कारण, राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ को 34% से बढ़ाकर 145% कर दिया। जवाबी कार्रवाई में, चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ को 125% तक बढ़ा दिया।
- **आर्थिक तर्क:** टैरिफ की गणना व्यापार घाटे को संतुलित करने और मुद्रा हेरफेर और नियामक मतभेदों जैसे गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए की गई थी।

6वां बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल)

- **मेजबान:** थाईलैंड (वर्तमान अध्यक्ष)
- **विषय:** बिम्सटेक: समृद्ध, लचीला और खुला
- **मुख्य परिणाम**
  - **बिम्सटेक बैंकॉक विजन 2030:** 2030 तक एक समृद्ध, लचीले और खुले या "प्रो बिम्सटेक" के निर्माण के लिए रणनीतिक योजना की रूपरेखा तैयार करने वाला पहला विजन, जिसमें आर्थिक एकीकरण, कनेक्टिविटी और मानव सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
  - **समुद्री परिवहन सहयोग पर समझौता:** दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच समुद्री परिवहन में सुधार करना, जिससे लोजिस्टिक्स दक्षता मे सुधार और व्यापार लागत में कमी आ सके।
- **भारत के नेतृत्व वाली पहल**
  - **बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र:** आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
  - **बोधि [मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक]:** भारत ने बिम्सटेक देशों के विभिन्न पेशेवरों के लिए कौशल विकास, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और क्षमता निर्माण प्रदान करने का कार्यक्रम।
  - **लोगों के बीच आपसी संपर्क को मजबूत करना:** भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट और 2027 में पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी करेगा।
  - **बिम्सटेक चौंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना:** प्रतिवर्ष बिम्सटेक बिजनेस समिट का आयोजन।
  - भारत के यूपीआई को बिम्सटेक भुगतान प्रणालियों से जोड़ने तथा बेंगलुरु में बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र को चालू करने की पहल की गई।
- **बांग्लादेश** ने अगले दो वर्षों के लिए बिम्सटेक की **अध्यक्षता** ग्रहण की।

15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक

- ब्राजील के ब्रासीलिया में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाग लिया।
- **थीम:** ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना

- **मुख्य बातें**
    - वैश्विक कृषि-खाद्य प्रणाली को निष्पक्ष, समावेशी, अभिनव और टिकाऊ बनाने के लिए टिकाऊ कृषि पर एक संयुक्त घोषणा की गई।
    - भूमि क्षरण, मरुस्थलीकरण और मिट्टी की उर्वरता के नुकसान को संबोधित करने के लिए ब्रिक्स भूमि बहाली साझेदारी शुरू की गई।

ट्रांसशिपमेंट समझौता

- भारत ने बांग्लादेशी निर्यात के लिए भारत से ट्रांसशिपमेंट सुविधा को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया है।
- 2020 के समझौते ने यूरोप, पश्चिम एशिया और उससे आगे के तीसरे देशों के गंतव्यों के लिए भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से बंदरगाहों तक बांग्लादेशी सामानों के निर्यात की सुविधा प्रदान की।
- **इसे क्यों रद्द किया गया?**
    - भारत ने लॉजिस्टिक चुनौतियों को प्राथमिक कारण (भारतीय हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर भारी भीड़भाड़ का उत्पन्न होना) बताया, जिससे देरी, अधिक लागत और भारत की अपनी निर्यात प्रक्रियाएँ बाधित हुई।
    - तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों
    - मुहम्मद यूनुस (मुख्य सलाहकार, बांग्लादेश सरकार) की टिप्पणी कि बांग्लादेश हिंद महासागर क्षेत्र में सभी के लिए एकमात्र संरक्षक है।

वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक सम्मेलन

- **अयोजान स्थल:** कैट्रागेन, कोलंबिया।
- **आयोजक:** डब्ल्यूएचओ और कोलंबिया तथा अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां (यूएनईपी, डब्ल्यूएमओ आदि)।
- **उद्देश्य:** स्वच्छ वायु, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और जलवायु परिवर्तन शमन के लिए कार्रवाई में तेजी लाना।

यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड (एमओडब्ल्यू) कार्यक्रम

- 2025 में यूनेस्को ने भगवद गीता और भारत के नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियाँ को एमओडब्ल्यू रजिस्टर में शामिल किया।
- 1992 में यूनेस्को द्वारा लॉन्च किया गया, यह वैश्विक दस्तावेजीय धरोहर को संरक्षित करता है, जिसमें पांडुलिपियाँ, मौखिक परंपराएँ और ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल हैं।
- रजिस्टर में कुल 570 प्रविष्टियाँ हैं, जिनमें से 13 भारत की हैं।

सिएरा लियोन में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए आर्थिक स्वतंत्रता को सक्षम बनाना

- भारत द्वारा सिएरा लियोन को 990,000 डॉलर देने की पहल की घोषणा की गई।
- यह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से क्रियान्वित किया गया है।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण सिएरा लियोन में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आर्थिक स्वतंत्रता और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना है।

इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA)

- IBCA ने भारत सरकार के साथ एक आधिकारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत औपचारिक रूप से भारत को इस गठबंधन का मुख्यालय और सचिवालय बनाया गया।

IBCA के बारे में

- *प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ के दौरान अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लॉन्च किया गया। (फरवरी 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा औपचारिक रूप से अनुमोदित।)*
- ***कार्यान्वयन एजेंसी:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण।*
- ***उद्देश्य:** दुनिया भर में सात प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियों का संरक्षण करना: बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता।*
- ***सदस्यता:** सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के लिए खुली है।*
- *यह एक वैश्विक कानूनी इकाई है।*

विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2025

- रैंकिंग यूके स्थित टाइम्स हायर एजुकेशन पत्रिका द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है।
- वैश्विक स्तर पर, हार्वर्ड विश्वविद्यालय शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दूसरे स्थान पर हैं।
- भारतीय संदर्भ में, आईआईएससी बैंगलोर भारतीय रैंकिंग में सबसे आगे है, उसके बाद आईआईटी दिल्ली और आईआईटी मद्रास हैं।

रिपोर्ट/सूचकांक

गरीबी और समानता पर संक्षिप्त रिपोर्ट

- **जारीकर्ता:** विश्व बैंक
- **भारत के संदर्भ में मुख्य निष्कर्ष:**
  - अत्यधिक गरीबी 16.2% (2011-12) से घटकर मात्र 2.3% (2022-23) रह गई, जिससे लगभग 171 मिलियन लोग वैश्विक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए।
  - अत्यधिक गरीबी, 2011-12 और 2022-23 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में 18.4% से घटकर 2.8% हो गई तथा शहरी क्षेत्रों में यह 10.7% से घटकर 1.1% हो गई।
  - बहुआयामी गरीबी (एमपीआई) 53.8% (2005-06) से घटकर 16.4% (2019-21) हो गई।
  - उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में भारत के 65 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग रहते थे, 2022-23 तक इन राज्यों ने अत्यधिक गरीबी में समग्र गिरावट में दो-तिहाई योगदान दिया।
  - शहरी बेरोजगारी वित्त वर्ष 24-25 की पहली तिमाही में 6.6 प्रतिशत तक गिर गई, जो 2017-18 के बाद सबसे कम है।
  - 2018-19 के बाद पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पुरुष श्रमिकों का स्थानांतरण हुआ है, जबकि कृषि में ग्रामीण महिला रोजगार में वृद्धि हुई है।



2025 विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट: अ क्रिटिकल जंक्चर अमीड पॉलिसी शिफ्ट्स

- **जारीकर्ता** – अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
- **मुख्य निष्कर्ष**
  - 2025 के लिए वैश्विक विकास का अनुमान 2.8% बताया है और 2026 के लिए 3.0% वृद्धि का अनुमान लगाया है।
  - वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं तेजी से वृद्ध हो रही हैं, जिसका कारण प्रजनन दर में गिरावट और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है।
  - भारत के 2025 के विकास पूर्वानुमान को 6.5% से घटाकर 6.2% कर दिया गया है, लेकिन यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है।
  - भारत 2025 में जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

एजुकेशन एंड नुट्रिशन – लर्न टू ईट वेल रिपोर्ट

- फ्रांस द्वारा आयोजित 'नूट्रिशन फॉर ग्रोथ' शिखर सम्मेलन के दौरान यूनेस्को द्वारा जारी किया गया।
- **निष्कर्ष:**
  - **वैश्विक पहुंच:** 161 देशों में 418 मिलियन बच्चे वैश्विक स्तर पर स्कूली भोजन से लाभान्वित होते हैं।
  - **पोषण संबंधी अंतराल:** वैश्विक स्तर पर 2 में से 1 से अधिक स्कूली भोजन कार्यक्रमों में पर्याप्त फल और सब्जियाँ नहीं हैं।
  - **भारत संदर्भ:** पीएम-पोषण योजना प्रतिदिन 118 मिलियन बच्चों को भोजन उपलब्ध कराती है – जो वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े स्कूली भोजन कार्यक्रमों में से एक है।

➢ खराब आहार विविधता के कारण सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी व्यापक रूप से बनी हुई है।

विश्व सामाजिक रिपोर्ट 2025

❒ **जारीकर्त्ता :** संयुक्त राष्ट्र

❒ **निष्कर्ष**

1. वैश्विक आबादी का 60%, आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करता है, 690 मिलियन से अधिक लोग अभी भी अत्यधिक गरीबी में हैं।
2. 1995 से अब तक 1 बिलियन से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आ चुके हैं।
3. आर्थिक विकास के बावजूद दो-तिहाई देशों में आय असमानता बढ़ी है।
4. सबसे अमीर 1% लोगों के पास विश्व की 95% आबादी से अधिक संपत्ति है।
5. अनौपचारिक और अनिश्चित रोजगार प्रमुख बना हुआ है।
6. वैश्विक स्तर पर 50% से अधिक लोग आर्थिक संकट, गलत सूचना और शासन विफलताओं के कारण सरकारों पर कम या कोई भरोसा नहीं करते हैं।
7. 2024 में पाँच में से एक व्यक्ति को जलवायु झटकों का सामना करना पड़ा।
8. वैश्विक स्तर पर 60% श्रमिकों को नौकरी छूटने का डर है।
9. कमजोर सामाजिक सुरक्षा, अनुचित कराधान और सार्वजनिक वस्तुओं में कम निवेश के कारण अमीर और गरीब देशों के बीच की खाई बढ़ती जा रही है।

❒ रिपोर्ट में निष्पक्ष कराधान, सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा और नए सिरे से बहुपक्षवाद के जरिए समावेशी, न्यायसंगत और लचीले समाजों के निर्माण पर जोर दिया गया है।

स्पेशल 301 रिपोर्ट

❒ भारत को चीन, इंडोनेशिया, रूस, वेनेजुएला और अर्जेंटीना, मैक्सिको और चिली के साथ प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा गया है।

❒ 2020 और 2021 में भी भारत को प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा गया था।

❍ *यह अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि द्वारा जारी की जाने वाली एक वार्षिक रिपोर्ट है, जिसे 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम (धारा 182) द्वारा अनिवार्य किया गया है।*

❍ *इसका उद्देश्य उन देशों की पहचान करना है, जिनकी आईपीआर व्यवस्थाएं अमेरिकी व्यवसायों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं और वैश्विक आईपी वातावरण में सुधार को प्रोत्साहित करती हैं।*

❍ ***पदनाम मानदंड***

➢ *प्राथमिकता निगरानी सूची-अपर्याप्त आईपी संरक्षण और प्रवर्तन के सबसे गंभीर आरोप।*

➢ *निगरानी सूची-आईपी प्रथाओं के संबंध में, लेकिन मुद्दे उतने गंभीर नहीं हो सकते हैं।*

प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025

❒ UNCTAD - व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा प्रकाशित।

❒ यह एक वैश्विक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट है जो मूल्यांकन करती है कि देश AI, रोबोटिक्स, IOT और जैव प्रौद्योगिकी सहित अग्रणी प्रौद्योगिकियों के लिए कैसे तैयार हैं और उनमें कैसे निवेश कर रहे हैं।

❒ भारत को निजी AI निवेश में वैश्विक स्तर पर 10वां स्थान और अग्रणी प्रौद्योगिकियों के लिए तत्परता में 36वां स्थान दिया गया है।

❒ वैश्विक स्तर पर, 2033 तक AI का बाजार मूल्य +4.8 ट्रिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है।

❒ AI दुनिया भर में 40% नौकरियों को प्रभावित कर सकता है, जिससे उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ स्वचालन और नौकरी विस्थापन के बारे में चिंताएँ भी बढ़ सकती हैं।

❒ वैश्विक AI निजी निवेश में अमेरिका का हिस्सा 70% है।

विश्व के स्वदेशी लोगों की स्थिति पर रिपोर्ट

❒ संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा जारी।

- स्वदेशी लोग वैश्विक आबादी का लगभग 6% प्रतिनिधित्व करते हैं।
- वे पारंपरिक भूमि और संसाधन प्रबंधन के माध्यम से पृथ्वी की शेष 80% जैव विविधता की रक्षा करते हैं।
- जैव विविधता संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण होने के बावजूद स्वदेशी समुदायों को वैश्विक जलवायु वित्त का 1% से भी कम प्राप्त होता है।
- रिपोर्ट जलवायु निर्णय लेने में स्वदेशी समुदायों की अधिक भागीदारी और जलवायु वित्त तक समान पहुँच का आग्रह करती है।

AIM4NatuRe

- प्रकृति बहाली के लिए अभिनव निगरानी में तेजी लाना (AIM4NatuRe) पारिस्थितिकी तंत्र बहाली प्रयासों की निगरानी और रिपोर्टिंग में सुधार करने के लिए एक वैश्विक पहल है।
- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा लॉन्च।
- **वित्तपोषण साझेदार:** यूनाइटेड किंगडम, £7 मिलियन का योगदान।
- **अवधि:** 2025-2028
- **उद्देश्य:**
  - पुनर्बहाली की प्रगति की निगरानी और रिपोर्ट करने की देशों की क्षमता को मजबूत करना।
  - कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता ढांचे के लक्ष्य 2 की प्राप्ति में सहायता करना - 2030 तक कम से कम 30% क्षीण पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना।

ग्लोबल विंड रिपोर्ट

- ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल द्वारा जारी
- **निष्कर्ष:**
  - दुनिया ने 2023 में 117 गीगावाट की नई पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50% की वृद्धि है।
  - चीन ने रिकॉर्ड 75 गीगावाट की नई स्थापनाएँ कीं।
  - **शीर्ष बाजार:** चीन, अमेरिका, ब्राजील, जर्मनी, भारत।

भारत का व्यापार घाटा

- वित्त वर्ष 2024-25 में, चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर $99.2 बिलियन हो गया है।
- इलेक्ट्रॉनिक सामान, ईवी बैटरी, सौर सेल और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के आयात में वृद्धि के कारण चीन से कुल आयात बढ़कर $113.5 बिलियन हो गया।
- इसके विपरीत, भारत का निर्यात घटकर $14.3 बिलियन रह गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

प्रोजेक्ट कुईपर

- अमेजन ने अंतरिक्ष से इंटरनेट नेटवर्क की स्थापना के लिए अपने प्रोजेक्ट कुइपर के अंतर्गत पहले 27 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया।
- यह अमेजन का निम्न पृथ्वी कक्षा उपग्रह ब्रॉडबैंड नेटवर्क है।
- **उद्देश्य:** असेवित एवं अल्पसेवित क्षेत्रों में उच्च गति, कम विलंबता, किफायती वैश्विक ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराना।

आयरनवुड TPU

- गूगल द्वारा विकसित एक नई कंप्यूटर चिप।
- यह 7वीं पीढ़ी का टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट (TPU) है, जिसे विशेष रूप से उच्च-प्रदर्शन वाले कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यभार के संचालन हेतु डिजाइन किया गया है।
- इसे टेंसर ऑपरेशन (मशीन लर्निंग मॉडल में उपयोग की जाने वाली मुख्य डेटा संरचनाएँ) को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

⇨

विशेषता	CPU (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट)	GPU (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट)	TPU (टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट)
प्रकृति	विभिन्न कंप्यूटिंग कार्यों के लिए सामान्य प्रयोजन प्रोसेसर।	समानांतर प्रोसेसर, मुख्य रूप से ग्राफिक्स रेंडरिंग और मशीन लर्निंग कार्यों के लिए।	विशेष रूप से एआई और डीप लर्निंग के लिए मशीन लर्निंग कार्यों को तेज करने के लिए गूगल द्वारा डिजाइन किया गया विशिष्ट प्रोसेसर।
प्रदर्शन	अनुक्रमिक प्रसंस्करण के कारण AI कार्यों के लिए धीमा।	समानांतर कार्यों के लिए CPU से तेज	मैट्रिक्स गुणन जैसे AI कार्यों के लिए सबसे तेज
उदाहरण	वर्ड प्रोसेसिंग, ब्राउजिंग, ओएस नियंत्रण	गेमिंग, वीडियो एडिटिंग, एमएल मॉडल ट्रेनिंग	गूगल सर्च एआई, यूट्यूब, एआई, डीपमाइंड मॉडल

मेनिंजाइटिस

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मेनिंजाइटिस पर पहली वैश्विक दिशानिर्देश जारी किए हैं ताकि निदान, उपचार और देखभाल को बेहतर बनाया जा सके।
- मेनिंजाइटिस मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली सुरक्षात्मक झिल्लियों की सूजन है, जो वायरल या बैक्टीरियल संक्रमणों के कारण होता है।
- **संक्रमण:** यह खाँसी या छींक से फैलता है।
- **लक्षण:** गर्दन में अकड़न, बुखार, भ्रम, सिरदर्द।
- यह एक चिकित्सा आपातकाल है, जो 24 घंटों के भीतर जानलेवा हो सकता है। रोकथाम में टीके और एंटीबायोटिक्स शामिल हैं।

ब्लाइंडसाइट चिप

- एलोन मस्क की न्यूरालिंक ने अपनी दृष्टि सुधारने वाली कृत्रिम अंग डिवाइस के मानव परीक्षण शुरू करने की योजना की घोषणा की है।
- यह एक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस है, जिसका उद्देश्य पूरी तरह से अंधे लोगों में दृष्टि बहाल करना है।
- इसे पिछले साल यूएस FDA से मनुष्य जीवन के लिए घातक हालातों के उपचार के लिए ''ब्रेकथ्रू'' स्थिति प्राप्त हुई थी।

स्पेसएक्स फ्रैम 2 मिशन

- स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किया गया, जिसने चार निजी अंतरिक्ष यात्रियों को ध्रुव-से-ध्रुव कक्षा में भेजा।
- नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से लॉन्च किया गया, जिसमें क्रू ड्रैगन कैप्सूल 'रेसिलिएंस' को ध्रुवीय कक्षा में भेजा गया।
- यह पहली बार है जब मानव पृथ्वी के चारों ओर ध्रुवीय कक्षा में यात्रा कर रहा है - एक ऐसी कक्षा जिसे पहले कभी मानव यात्रियों के साथ नहीं आजमाया गया।
- **उद्देश्य**
  - मानव शरीर पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभावों (भारहीनता और मोशन सिकनेस) पर शोध।
  - अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों की पहली एक्स-रे तस्वीरें कैप्चर करना।
  - लंबी अवधि के मिशनों के लिए एक स्थायी खाद्य स्रोत के रूप में अंतरिक्ष में मशरूम उगाने की क्षमता की खोज करना।

ध्रुवीय कक्षा के बारे में:

- *यह एक प्रकार की निम्न पृथ्वी कक्षा (200-1000 किमी ऊँचाई) है जहाँ उपग्रह उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के ऊपर से गुजरकर पृथ्वी की परिक्रमा करते हैं।*
- *भूमध्यरेखीय कक्षाओं के विपरीत, ध्रुवीय कक्षा में उपग्रह पश्चिम से पूर्व की ओर जाने के बजाय एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव की ओर यात्रा करते हैं।*

महत्व:

- *ध्रुवों के ऊपर परिक्रमा करने वाला अंतरिक्ष यान पूरे ग्रह का निरीक्षण कर सकता है।*
- *इन कक्षाओं का व्यापक रूप से पृथ्वी अवलोकन, जलवायु निगरानी और टोही मिशनों के लिए उपयोग किया जाता है।*



युद्धाभ्यास

छठा डस्टलिक अभ्यास

- भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास, पुणे में विदेशी प्रशिक्षण नोड में आयोजित किया गया।

अभ्यास डेजर्ट फ्लैग-10

- भारतीय वायु सेना की एक टुकड़ी ने संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय वायु युद्ध अभ्यास में भाग लिया।

अभ्यास इंद्र

- भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास का 14वां संस्करण चेन्नई के तट पर आयोजित किया गया।

चौथा अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ

- यह भारत-अमेरिका त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास है।
- इसका आयोजन विशाखापत्तनम में किया गया।

इनीयोकॉस-25

- भारतीय वायु सेना ने ग्रीस में बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास में भाग लिया।
- यह ग्रीस की हेलेनिक एयर फोर्स द्वारा आयोजित एक वार्षिक बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास है।

ऑपरेशन अटलांटा

- यूनावफोर अटलांटा (ऑपरेशन अटलांटा) के कमांडर ने पश्चिमी हिंद महासागर और लाल सागर में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास का प्रस्ताव रखा।
- ऑपरेशन अटलांटा यूरोपीय संघ का समुद्री सुरक्षा अभियान है, जिसे 2008 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य सोमालिया और पश्चिमी हिंद महासागर के तट पर अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्गों की सुरक्षा करना है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में विश्व का सबसे पुराना ज्ञात उल्कापिंड प्रभाव गड्ढा खोजा है, जो अनुमानत: 3.47 अरब वर्ष पुराना है।
- इंडोनेशिया के माउंट मारापी में हाल ही में विस्फोट हुआ, जिससे इसकी चोटी से 1.5 किमी (4,900 फीट) ऊपर राख का एक गुब्बारा उठा।
- चीन ने ताइवान जलसंधि में 'स्ट्रेट थंडर-2025ए' नाम से नया सैन्य अभ्यास शुरू किया।
- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने प्लास्टिक प्रदूषण, महासागर संरक्षण और स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के बीच संबंध को मान्यता देने वाला पहला प्रस्ताव अपनाया।
- कजाकिस्तान ने कारागांडा क्षेत्र के कुइरेक्तीकोल स्थल पर एक प्रमुख रेयर अर्थ एलीमेंट के अनुमानित 1 मिलियन टन भंडार की खोज की है।
- हाल ही में फिलीपींस के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक माउंट कानलाओन के विस्फोट से आसमान में 4000 मीटर ऊंचा राख का गुबार उठा।
- जापान ने दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड रेलवे स्टेशन (हात्सुशिमा स्टेशन) का निर्माण किया है, जिसे एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3डी प्रिंटिंग) तकनीक का उपयोग करके केवल 6 घंटे में पूरा किया गया।

- जलवायु परिवर्तन के कारण लंबे समय से जारी समुद्री गर्मी की लहरों के कारण ऑस्ट्रेलिया के निंगालू रीफ और ग्रेट बैरियर रीफ अपने सबसे खराब सामूहिक प्रवाल विरंजन का अनुभव कर रहे हैं।
- चेक गणराज्य के ओलोमौक क्षेत्र ने दुनिया के सबसे बड़े बेंजीन संदूषण के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी।
- लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संसदीय प्रतिनिधि मंडल के साथ उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित अंतर-संसदीय संघ की 150वीं बैठक में भाग लिया।
- बोलीविया में, एंडीज पर्वतमाला के भीतर स्थित उटुरून्कू ज्वालामुखी को इसकी निरंतर लेकिन गैर-विस्फोटक गतिविधि के कारण ''जॉम्बी'' ज्वालामुखी के रूप में जाना जाता है।
- मेक्सिको और अमेरिका ने रियो ग्रांडे बेसिन से जल वितरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण समझौता किया।
- बांग्लादेश आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 54वां देश बन गया, जो शांतिपूर्ण और सहकारी अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाली पहल है।
- ब्रिटेन सरकार ने एक नई कार्बन कैप्चर परियोजना - सीक्योर - शुरू की है, जो समुद्र के पानी का उपयोग करके वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को बड़े पैमाने पर हटाने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है
- फिजी का सर्वोच्च सम्मान, 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी', कर्नाटक स्थित मानवतावादी मधुसूदन साई को प्रदान किया गया।
- हंगरी ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से हटने का फैसला किया है, क्योंकि उसके अनुसार यह अत्यधिक राजनीतिक हो गया है, खासकर इजरायल के खिलाफ अपने कार्यों के संबंध में।
- प्रसिद्ध जर्मन फिल्म निर्देशक वर्नर हर्जोग को वेनिस फिल्म फेस्टिवल के 82वें संस्करण में मानद गोल्डन लायन फॉर लाइफटाइम अचीवमेंट से सम्मानित किया जाएगा।
- भारत और नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने दोनों देशों के बीच न्यायिक सहयोग को विकसित और मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- 13,500 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया।
- चीन ने दुनिया का पहला वाणिज्यिक 10 गीगाबिट ब्रॉडबैंड नेटवर्क लॉन्च किया है।
- भारत को 2025-2027 के लिए अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन और रिपोर्टिंग मानकों (आईएसएआर) पर संयुक्त राष्ट्र अंतर-सरकारी विशेषज्ञ कार्य समूह में नियुक्त किया गया है। ड्यूरो मैकट को सर्बिया का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।
- यूनेस्को ने अपने ग्लोबल जियोपार्क नेटवर्क में 11 देशों से 16 अतिरिक्त साइटें जोड़ी हैं, जिससे यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क नेटवर्क में 50 देशों में कुल साइटों की संख्या 229 हो गई है। (भारत में कोई नहीं)।
- मेटा ने अपना सबसे सक्षम लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम), मेटा लामा 3 पेश किया।
- हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा जारी नई विश्व संपत्ति रिपोर्ट 2025 के अनुसार, मोंटे कार्लो (मोनाको) दुनिया का सबसे महंगा शहर है।

❖❖❖

04 महत्वपूर्ण पुरस्कार

क्र. सं.	पुरस्कार	विजेता
1.	ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स (फ्रांस सरकार)	पायल कपाड़िया
2.	गुरुदेव कालीचरण ब्रह्मा पुरस्कार 2025	अच्युत सामंत
3.	लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024–नवाचार श्रेणी	पोषण ट्रैकर – महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित
4.	शांति और स्थिरता के लिए गोल्ड मर्करी पुरस्कार	दलाई लामा
5.	फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार	सुदर्शन पटनायक (रेत कलाकार और मूर्तिकार)
6.	वर्चोल दलित साहित्य पुरस्कार 2025	पी. शिवाकामी (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी)
7.	राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (युवा मामले और खेल मंत्रालय)	आकर्ष श्रॉफ (युवास्पार्क संस्थापक)
8.	लीजेंड्स ऑफ एंडोस्कोपी (जापान)	डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी
9.	भारतीय प्रमुख बंदरगाहों में कार्गो हैंडलिंग में नंबर 1 का दर्जा	पारादीप बंदरगाह
10.	उगादी पुरस्कार	मायना स्वामी
11.	वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर 2025	समर अबू अलऊफ
12.	स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवार्ड्स 2025	सिंगापुर चांगी हवाई अड्डा (विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा)
13.	पुलिस और सुरक्षा श्रेणी में स्कॉच पुरस्कार	जांच, अभियोजन और सजा पोर्टल उत्तर प्रदेश पुलिस

05 महत्वपूर्ण पुस्तकें

महत्वपूर्ण पुस्तकें		
पुस्तक का नाम	**लेखक**	**श्रेणी**
रामानुजन : एक महान गणितज्ञ की यात्रा	अरुण सिंघल और देवेंद्र कुमार शर्मा	आत्मकथा
द कश्मीर शॉल	रोजी थॉमस	राजनीति
आई एम सर्कुलर (कॉफी टेबल बुक)	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना मंत्रालय	राजनीति
संस्कृति का पांचवा अध्याय	डॉ. प्रभात ओझा	कला और संस्कृति
केयरलेस पीपल : ए कॉशनरी टेल ऑफ पावर, ग्रीड, एंड लॉस्ट आइडियलिज्म	सारा व्यान विलियम्स	राजनीति
ऑन एसकेलेशन : मेटाफर्स एंड सिनेरियोस	हरमन काह्न	अंतरराष्ट्रीय संबंध
भारत जो मैंने देखा : एस. अम्बुजम्मल के जीवन की एक झलक	श्रीराम वी.	आत्मकथा
महान मध्यस्थ लाल बहादुर शास्त्री	संजीव चोपड़ा	इतिहास
कर्त्तव्य पथ	पूर्व आईपीएस-हरि प्रसाद शर्मा	आंतरिक सुरक्षा
राजनेताओं के साथ मुठभेड़	अनिल स्वरूप	लोक प्रशासन
हार्ट लैंप : लघु कथाओं का संग्रह	बानू मुश्ताक	सामाजिक मुद्दे
व्हाट द वाइल्ड सी कैन बी	हेलेन स्केल्स	महासागर इतिहास और भविष्य
फंडामेंटली	नुसैबा यूनिस	राजनीति
द पर्शियन्स	सनम महलौदजी	राजनीति
रैजिंग हेअर : एक संस्मरण	क्लो डाल्टन	प्रकृति और मानवीय संबंध
ए थाउजेंड थ्रेड्स	नेनेह चेरी	संगीत संस्मरण और पहचान
द स्टोरी ऑफ ए हार्ट	रेचेल क्लार्क	चिकित्सा, शोक और अंग दान
प्राइवेट रिवोल्यूशन्स	युआन यांग	सामाजिक मुद्दे
एजेंट ज़ो	क्लेयर मुले	द्वितीय विश्व युद्ध प्रतिरोध और भूली हुई नायिकाएँ
एक अनर्मित पथ मेरा	मनीशा चौगांवकर	सामाजिक मुद्दे
हाईजैक्ड	प्रलव ध्यानी	अंतरराष्ट्रीय संबंध
एक क्रिकेटर की पत्नी की डायरी	पूजा पूजारा	खेल

06 विज्ञान और प्रौद्योगिकी

लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) और जनरेटिव एआई पर हैकथॉन

- **आयोजन** - 28 से 29 मार्च तक आईआईटी कानपुर में।
- **आयोजक** - नेशनल फाइनेंसियल रिपोटिंग अथॉरिटी और आईआईटी कानपुर।
- **विजेता** – वीआईटी वेल्लोर, एमएनएनआईटी इलाहाबाद, आईआईटी लखनऊ और राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉलेज टेक्नोलॉजीज की टीमें।

लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) और जनरेटिव एआई

- *लार्ज लैंग्वेज मॉडल एक प्रकार का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एल्गोरिदम है जो नई सामग्री को समझने, सारांशित करने, जनरेट करने और अनुमान लगाने के लिए डीप लर्निंग तकनीकों और बड़े पैमाने पर बड़े डेटा सेट का उपयोग करता है।*
- *जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या GenAI, किसी क्वेरी या प्रॉम्प्ट के जवाब में टेक्स्ट, इमेज और ऑडियो सहित नई सामग्री बनाने के लिए बड़े, जटिल डेटा सेट को सूचना के सार्थक समूहों में व्यवस्थित करने के लिए परिष्कृत एल्गोरिदम का उपयोग करता है।*
- *ओपनएआई के चैटजीपीटी और गूगल के जेमिनी जैसे लोकप्रिय इंटरफेस के माध्यम से उपयोगकर्ताओं के लिए परिचित, जनरेटिव एआई जटिल प्रश्नों का उत्तर दे सकता है, बड़ी मात्रा में जानकारी को सारांशित कर सकता है, और मनुष्यों द्वारा पहले किए गए कई कार्यों को स्वचालित कर सकता है।*

ओजस (यार्ड 339)

- 5वाँ 25 टी बोलार्ड पुल टग।
- 31 मार्च 2025 को टीटगढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड, कोलकाता में लांच।
- **निर्माण** - टीटगढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (TRSL), कोलकाता (कुल 6 टग)।
- भारतीय नौवहन रजिस्टर (IRS) के प्रासंगिक नौसेना नियमों और विनियमन के अनुसार स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित।
- **उपयोग**– नौसैनिक जहाजों और पनडुब्बियों को सीमित जल में बर्थिंग, अनबर्थिंग और युद्धाभ्यास के दौरान सहायता प्रदान करने, लंगर में खड़े जहाजों में आग बुझाने और सीमित खोज तथा बचाव ऑरेशन चलाने में सक्षम।

चंद्रयान-3 का सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट (ChaSTE)

- चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास तापमान मापने वाला पहला उपकरण।
- ChaSTE ऐसा पहला मिशन बन गया है जिसने किसी खगोलीय पिंड की मिट्टी में सफलतापूर्वक प्रवेश कर तापीय जाँच यंत्र तैनात किया।
- 10 सेमी तक खुदाई।

चंद्रयान-3

- *भारत का तीसरा चंद्र मिशन।*
- *14 जुलाई, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल मार्क 3 (LMV3) का उपयोग करके लांच।*
- *23 अगस्त, 2023 को चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान द्वारा दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक लैंडिंग।*
- *भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना।*

हंसा-3 (एनजी)

- केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज आधिकारिक तौर पर वाणिज्यिक पायलट लाइसेंसिंग (सीपीएल) के लिए स्वदेशी ''ट्रेनर एयरक्राफ्ट'' तकनीक का शुभारंभ किया और इस विमान के निर्माण में सहयोग करने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल करने की भी घोषणा की।

- वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (CSIR-NAL), बेंगलुरू के स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हंसा-3 (NG) प्रशिक्षण विमान को वाणिज्यिक पायलट लाइसेंसिंग (CPL) के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया। हंसा-3 (NG) दो सीटों वाले ट्रेनर विमान का लाइसेंस पायनियर क्लीन एम्प्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया।
- हंसा-3 (NG) विमान एक डिजिटल डिस्प्ले (ग्लास कॉकपिट) प्रणाली से लैस है और एक उन्नत ईंधन-कुशल रोटैक्स 912 आईएससी 3 स्पोर्ट्स इंजन द्वारा संचालित है।
- यह 620 समुद्री मील की सीमा, 7 घंटे की उड़ान अवधि और 98 समुद्री मील कैलिब्रेटेड एयरस्पीड की अधिकतम क्रूज गति के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदान करता है।

डीआरडीओ और भारतीय सेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के सेना संस्करण के चार सफल उड़ान परीक्षण

- 03 और 04 अप्रैल, 2025 को ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से।
- MRSAM को भारतीय सेना द्वारा उपयोग के लिए डीआरडीओ और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- MRSAM सेना हथियार प्रणाली में मल्टी-फंक्शन रडार, कमांड पोस्ट, मोबाइल लॉन्चर सिस्टम और अन्य वाहन शामिल है।

रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय वायुसेना के लिए इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (EW) सूट और एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट के अधिग्रहण तथा एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर उनकी स्थापना के लिए भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, बेंगलुरू के साथ 2,385 करोड़ रूपये का अनुबंध

- Mi-17V-5 (घरेलू नाम Mi-8MTV-5) हेलीकॉप्टरों के Mi-8/17 परिवार का एक सैन्य परिवहन संस्करण है। इसका निर्माण रूसी हेलीकॉप्टर की सहायक कंपनी कजान हेलीकॉप्टर द्वारा किया जाता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के सचिव एस कृष्णन द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय विद्युत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी मिशन (NaMPET) के अंतर्गत विकसित प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण के लिए उद्योगों के बीच ToT/MoA/MoU पर हस्ताक्षर की घोषणा।

1. इलेट्रिक्स वाहन के लिए वायरलेस चार्जर-सी-डैक (टी) और VNIT नागपुर द्वारा विकसित स्वदेशी 1.5 किलोवाट वायरलेस चार्जर प्रौद्योगिकी के लिए मेसर्स ग्लोबल बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण।
   - 4.8 KWh ऑनबोर्ड बैटरी पैक को 48V पर 30A करंट के साथ लगभग 3 घंटे में चार्ज।
2. विद्युत इंजनों के लिए स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विकास के लिए समझौता ज्ञापन-भारतीय रेलवे प्रणोदन प्रणाली के स्वदेशीकरण के लिए सी-डैक, चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) और उद्योग भागीदारों के बीच समझौता।
3. हरित और संधारणीय ग्रिड समाधानों की तैनाती के लिए सी-डैक और केरल विकास एवं नवाचार रणनीतिक परिषद (K-DISC) के बीच सी-डैक द्वारा विकसित 48V लो वोल्टेज डायरेक्ट करंट (LVDC) प्रणाली के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

- केरल विकास एवं नवाचार रणनीतिक परिषद (K-DISC) ने अपने मुख्यालय में इस प्रणाली को लागू किया है, जिससे यह केरल का पहला प्रशासनिक भवन बन गया है जो 48V डीसी द्वारा संचालित है।

हिमालय हाई अल्टीट्यूड्स एटमॉस्फेरिक एंड क्लाइमेट रिसर्च सेंटर

- नत्थाटॉप, जम्मू और कश्मीर में स्थापित।
- **उद्घाटन** - 8 अप्रैल को केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह द्वारा।

- नत्थाटॉप केन्द्र बहु-स्तरीय सहयोग का परिणाम है-भारत सरकार (विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के माध्यम से), जम्मू और कश्मीर सरकार (भूमि), जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय (वैज्ञानिकों द्वारा अनुसंधान) और स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन (अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता) के बीच।
- समुद्र तल से 2,250 मीटर की ऊँचाई पर स्थित।
- केन्द्र द्वारा माप का पहला सेट ICE-CRUNCH के तहत आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय और स्विस वैज्ञानिकों को बर्फ नाभिकीय कणों और बादल संघनन नाभिक का अध्ययन करने के लिए एक साथ लाया जाएगा। ये अध्ययन बादल सूक्ष्मभौतिकी में एरोसोल की भूमिका और हिमालयी क्षेत्र में जलवायु प्रणालियों और वर्षा पर उनके व्यापक प्रभावों को समझने में महत्वपूर्ण है।
- यह केन्द्र विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के वैश्विक वायुमंडलीय निगरानी (GAW) कार्यक्रम से संबद्ध एक दीर्घकालिक अनुसंधान केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। भारतीय मौसम विभाग के साथ साझेदारी में, इसका उद्देश्य निरंतर वायुमंडलीय निगरानी करना और अंततः डेटा को वैश्विक जलवायु मॉडल में एकीकृत करना है।

डीआरडीओ द्वारा सुखोई-30 एमकेआई विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' का सफल परीक्षण

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 08-10 अप्रैल, 2025 के बीच सुखाई-30 एमकेआई विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम (LRGB) 'गौरव' के सफलतापूर्वक परीक्षण किए।
- 'गौरव' एक सटीक निर्देशित, लंबी दूरी का ग्लाइड बम है, जिसे दुश्मन की हवाई रक्षा सीमा से बाहर, जमीन पर स्थित लक्ष्यों पर हमला करने के लिए विकसित किया गया है।
- **वजन** – 1,000 किलोग्राम
- **रेंज** - 30 किमी से 150 किमी (100 किमी के करीब प्रदर्शित)
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला ''रिसर्च सेंटर इमारत'' (आरसीआई), आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित।
- इस प्रणाली को विकास-सह-उत्पादन भागीदारों-अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, भारत फोर्ज और विभिन्न सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यमों के सहयोग से साकार रूप दिया गया।

स्वदेशी रूप से विकसित अंडरवाटर एकॉस्टिक टेस्ट फैसिलिटी को अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन

- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नई में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत 2004 में स्थापित।
- सीएसआईआर-एनपीएल के माध्यम से पेरिस के अंतर्राष्ट्रीय बाट और माप ब्यूरो (BIPM) के तहत पानी के नीचे वनिकी के क्षेत्र में भारत की ''नामित प्रयोगशाला'' के रूप में मान्यता दी गई है, जो 30 जनवरी, 2024 से प्रभावी है।
- सामरिक और नागरिक दोनों अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण (सूनामी का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका)।

भारत द्वारा उच्च शक्ति वाली लेजर डायरेक्टेड एनर्जी वेपन प्रणाली का विकास

- भारत द्वारा पहली बार 30 किलोवाट की लेजर-आधारित हथियार प्रणाली का उपयोग करके फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की क्षमता का प्रदर्शन।
- रक्षा अनसंधान और विकास संगठन DRDO के एक प्रमुख केन्द्र, सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम केन्द्र, सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम एंड साइंसेज CHESS, हैदराबाद द्वारा आंध्र प्रदेश के कुरनूल में व्हीकल माउंटेड लेजर डायरेक्टेड वेपन DEW MK-II (A) के लैंड वर्जन का सफल प्रदर्शन।
- भारत, अमेरिका, चीन और रूस जैसे लेजर आधारित हथियार प्रणाली विकसित करने वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है।

क्यूशील्ड (QShield)

- राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा चयनित स्टार्टअप्स में से एक, क्यूएनयू लैब्स ने विश्व का पहला प्लेटफॉर्म, क्यूशील्ड लॉन्च किया है, जो किसी भी वातावरण - क्लाउड, ऑन-प्रिमाइसेस या हाइब्रिड में सहज क्रिप्टोग्राफी प्रबंधन को सक्षम बनाता है।
- एक क्वांटम सिक्योरिटी प्लेटफार्म।
- क्यूशील्ड उद्यमों को अपने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने में सक्षम बनाता है-क्यूएनयू के पेटेंटेड क्वांटम कुंजी वितरण (आर्मोस), क्वांटम रैंडम नंबर जेनरेटर (ट्रोपोस), क्वांटम हार्डवेयर सुरक्षा मॉडयूल (क्यूएचएसएम) और एनआईएसटी-अनुरूप पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी (पीक्यूसी) के साथ निर्मित, क्यूशील्ड पारगमन और विज्ञान में संवेदनशील डेटा को सुरक्षित करने के लिए एक एंड टू एंड समाधान प्रदान करता है।

क्वांटम क्षेत्र के लिए भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सहभागिता रणनीति (आईटीईएस) का पहला संस्करण जारी

- भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा।
- ITES - Q का यह पहला संस्करण वैश्विक और राष्ट्रीय क्वांटम पारिस्थितिकी तंत्रों का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है, जिसमें निवेश, प्रतिभा विकास, संस्थागत ताकत, शोध प्रकाशन, बौद्धिक संपदा, स्टार्टअप, आपूर्ति श्रृंखला और औद्योगिक गतिविधि का विश्लेषण शामिल है।

भारत का पहला गैलियम नाइट्राइड (GaN) आधारित सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र

- छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा स्थापित किया जाएगा।
- एडवांस 5-नैनोमीटर और 3-नैनोमीटर चिप्स का उत्पादन।
- GaN चिप्स तेज, अधिक ऊर्जा कुशल और अत्यधिक टिकाऊ होते है।

ब्लू ओरिजिन का ऑल वूमेन स्पेस मिशन

- न्यू शेपर्ड प्रक्षेपण यान द्वारा 6 सदस्यीय दल अंतरिक्ष में 11 मिनट की सफल उड़ान।
- पॉप स्टार कैटी पेरी, लॉरेन सांचेज, सीबीएस होस्ट गेल किंग, नासा की पूर्व रॉकेट वैज्ञानिक आइशा बोवे, वैज्ञानिक अमांडा गूयेन और फिल्म निर्माता केरियन फ्लिन शामिल।
- यह सोवियत अंतरिक्ष यात्री वेलेंटिना तेरेश्कोवा (अंतरिक्ष में जाने वाली पहली महिला) के 1963 में लगभग तीन दिन की एकल उड़ान के दौरान पृथ्वी की परिक्रमा करने के बाद पहली पूर्ण महिला अंतरिक्ष उड़ान थी।

QpiAI-Indus

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा समन्वित राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत चयनित 8 स्टार्टअप्स में से एक, बेंगलुरू स्थित QPiAI द्वारा लॉन्च क्वांटम कंप्यूटर।
- 25 सुपरकंडक्टिंग क्यूबिट्स युक्त भारत के सबसे शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटरों में से एक।
- भारत का पहला फुल-स्टैक क्वांटम कंप्यूटिंग सिस्टम।
- उन्नत क्वांटम हार्डवेयर, स्केलेबल कंट्रोल और ट्रांसफॉर्मेटिव हाइब्रिड कंप्यूटिंग के लिए अनुकूलित सॉफ्टवेयर का संयोजन।
- इसका उन्नत क्वांटम प्रोसेसर, अगली पीढ़ी के क्वांटम-एचपीसी सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म और एआई-एन्हांस्ड क्वांटम समाधानों को एकीकृत करता है।

बैटइकोमोन: भारत की पहली स्वचालित चमगादड़ निगरानी और पहचान प्रणाली

- बैटइकोमोन का अर्थ है- ''बैट इकोलोकेशन मॉनिटरिंग''।
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन सेटलमेंट (IIHS) द्वारा विकसित।

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM) के अंतर्गत सिस्टम 5 एस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक विशेष अग्निशमन सूट का विकास

- एल्युमिनाइज्ड कोटेड ग्लास फैब्रिक, OPAN (ऑक्सीडाइज्ड पॉलीएक्रिलोनिट्राइल) नॉनवुवन बैटिंग और FR (फ्लेम रेसिस्टेंट) विस्कोस फैब्रिक का उपयोग करके विकसित।

- EN 1486 (एक यूरोपीय मानक जो अग्निशामकों के लिए सुरक्षात्मक कपड़ों की आवश्यकताओं और परीक्षण विधियों को निर्दिष्ट करता है) और ISO 15538 मानकों के अनुसार विकसित।
- **उपयोग** – अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं, रक्षा बलों, तेल और गैस उद्योग, एयरोस्पेस और विमानन, बिजली संयंत्रों और थर्मल उद्योग आदि द्वारा।

सी–डॉट और स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एसटीएल) द्वारा मल्टी कोर फाइबर पर भारत के पहले कुंजी वितरण (QKD) का सफल परीक्षण

- मल्टी–कोर फाइबर (MCF) तकनीक एक ही फाइबर के भीतर कई कोर में डेटा ट्रांसमिशन को सक्षम बनाती है, जिससे भौतिक स्थान और बुनियादी ढांचे की लागत में काफी बचत होती है।
- QKD, जिसे क्वांटम क्रिप्टोग्राफी भी कहा जाता है, सुरक्षित संचार विकसित करने का एक तंत्र है।
- यह क्रिप्टोग्राफिक प्रोटोकॉल के लिए आवश्यक गुप्त कुंजियों को वितरित और साझा करने का एक तरीका प्रदान करता है।
- क्रिप्टोग्राफी सुरक्षित संचार तकनीकों का अध्ययन है जो केवल संदेश के प्रेषक और इच्छित प्राप्तकर्त्ता को ही उसकी सामग्री देखने की अनुमति देता है।
- C-DOT ने उद्योग-ग्रेड क्वांटम कुंजी वितरण (QKD) सिस्टम को सफलतापूर्वक विकसित किया है।
- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) दूरसंचार विभाग (DoT), संचार मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भारत का प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केन्द्र है।

एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई (एपीएमयू)

- केन्द्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया द्वारा राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (NDTAL), नई दिल्ली में उद्घाटन।
- एनडीटीएल के एपीएमयू को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बनाया गया है।
- यह भारत में स्थापित दुनिया की 17 वीं एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई है।
- यह एथलीटों के बायोलॉजिकल पासपोर्ट की निगरानी और प्रबंधन के लिए एक विशेष संस्था होगी।

एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट

- *बायोलॉजिकल पासपोर्ट एक इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज है जो समय के साथ एथलीट के जैविक मार्करों पर आंकड़े संकलित करता है।*
- *रक्त मापदंडों हार्मोनल स्तरों और अन्य शारीरिक मार्करों को ट्रैक करके, एपीएमयू प्रतिबंधित पदार्थो की सीधे पहचान किए बिना डोपिंग के संकेत देने वाली किसी भी विसंगति या प्रवृत्ति की पहचान कर सकता है।*

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) कोयला खनन के लिए पेस्ट फिल प्रौद्योगिकी अपनाने वाला भारत का पहला कोयला सार्वजनिक उपक्रम

- टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 7040 करोड़ रुपये का समझौता।
- समझौते के तहत SECL के कोरबा क्षेत्र में स्थित सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में पेस्ट फिल तकनीक का उपयोग करके बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन।
- 25 वर्षों की अवधि में, इस परियोजना से लगभग 8.4 मिलियन टन (84.5 लाख टन) कोयला उत्पादन होने की उम्मीद।

पेस्ट फिल टेक्नोलॉजी

- *एक आधुनिक भूमिगत खनन विधि, जो सतही भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता को समाप्त करती है।*
- *कोयला निष्कर्षण के बाद, खनन से निकले रिक्त स्थान को फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से कुचले गए ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और बाइंडिंग रसायनों से बने विशेष रूप से तैयार पेस्ट से भर दिया जाता है।*
- *यह प्रक्रिया भूमि के धंसने को रोकती है और खदान की संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित करती है।*
- *पेस्ट में औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिससे यह प्रक्रिया पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बनती है और अपशिष्ट पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिलता है।*

इसरो ने पीएसएलवी के लिए स्वदेशी सैटेलाइट नोजल डाइवर्जेंट विकसित किया

- स्टेलाइट से बने नोजल डाइवर्जेंट का स्वदेशी रूप से विकास।
- स्टेलाइट, कोबाल्ट आधारित मिश्र धातु है जिसमें क्रोमियम, निकेल, टंगस्टन और आयरन मिलाया गया है।
- आयातित कोलंबियम सामग्री का विकल्प (आयातित कोलंबियम पर होने वाले खर्च की 90 प्रतिशत बचत)।
- तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉप्लेक्स में 1150 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान पर सफल परीक्षण।

भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के 50 वर्ष पूर्ण

- 19 अप्रैल 1975 में सोवियत रॉकेट वाहक इंटरकोस्मोस से रूस के कपुस्टिन यार कॉस्मोड्रोम से अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।
- देश का पहला स्वदेश निर्मित उपग्रह।
- 26 भुजाओं और 358 किलोग्राम वजन वाला अर्ध-गोलाकार उपग्रह।
- **आर्यभट्ट में तीन वैज्ञानिक प्रयोग शामिल थे-**
  1. एक्स-रे खगोल विज्ञान के लिए
  2. सौर न्यूट्रॉन और गामा किरणों के अवलोकन के लिए
  3. ऊपरी वायुमंडल का अधययन करने के लिए।
- सभी तीन वैज्ञानिक प्रयोग बिजली की विफलता के कारण रद्द।
- इसके सफल प्रक्षेपण के साथ, भारत कक्षा में उपग्रह भेजने वाला दुनिया का 11वाँ देश बन गया।

आईएनएस वर्षा

- भारत 2026 तक आंध्र प्रदेश में रामबिल्ली के पास पूर्वी तट पर परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों के लिए समर्पित नौसैनिक अड्डे आईएनएस वर्षा को चालू करने की तैयारी कर रहा है।
- यह एक रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया पनडुब्बी बेस है, जहां भारत की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों को रखा जा सकता है।
- इसमें परमाणु पनडुब्बियों को रखने के लिए भूमिगत बाड़े और सुरंगें होंगी, जिससे बंगाल की खाड़ी में गुप्त संचालन सुनिश्चित होगा।
- यह परियोजना 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली है और इसमें कम से कम 10 परमाणु पनडुब्बियां रखी जा सकेंगी।

एमएनडीएफ हुरावी

- 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति (महासागर)' और 'पड़ोसी पहले' नीति के दृष्टिकोण के तहत क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना ने मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में मालदीव के तट रक्षक जहाज एमएनडीएफ हुरावी का एक बड़ा रिफिट सफलतापूर्वक पूरा किया।

SpaDeX Mission : द्वितीय डॉकिंग और पावर ट्रांसफर का सफल प्रदर्शन

- इसरो द्वारा 20 अप्रैल, 2025 को दूसरी बार स्पैडेक्स उपग्रहों (एसडीएक्स 01-चेजर और एसडीएक्स 02-टारगेट) की डॉकिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन।
- दूसरे डॉकिंग प्रयास में, 15 मीटर की अंतर-उपग्रह दूरी से डॉकिंग तक डॉकिंग पूर्ण स्वायत्तता के साथ पूरी की गई, जबकि पहले डॉकिंग प्रयास में, 3 मीटर की अंतर-उपग्रह दूरी पर एक अतिरिक्त होल्ड प्वाइंट का मैन्युअल रूप से प्रयोग किया गया था।
- 21 अप्रैल को एसडीएक्स 02 से एसडीएक्स 01 उपग्रह के साथ-साथ इसके विपरीत भी बिजली हस्तांतरण का सफल प्रयोग।
- प्रयोग में एक उपग्रह में दूसरे उपग्रह से बिजली के माध्यम से हीटर एलीमेंट का संचालन करना शामिल था।
- बिजली हस्तांतरण की अवधि लगभग 4 मिनट थी।

स्पैडेक्स मिशन

- *एक लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है जिसे 62वें पीएसएलवी उड़ान द्वारा प्रक्षेपित दो छोटे अंतरिक्ष यानों का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग का प्रदर्शन करने के लिए डिजाइन किया गया है।*

- *इसरो द्वारा 30 दिसंबर 2024 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (PSLV)-C60 का उपयोग करके SpaDeX अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण।*
- *स्पैडेक्स मिशन में दो छोटे उपग्रह शामिल हैं, SDX01, (चेजर) और SDX02, (टारगेट) प्रत्येक का वजन लगभग 220 किलोग्राम है।*
- *डॉकिंग ऑपरेशन 16 जनवरी, 2025 को सफलतापूर्वक पूर्ण।*
- *भारत यह तकनीकी उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बना (अन्य तीन देश-अमेरिका, रूस और चीन)।*

भारत का पहला एयरोस्टेटिक ड्रोन

- भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत्त निकाय नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (NECTAR) के सहयोग से एयरबोटिक्स टेक्नोलॉजीज, गुड़गांव द्वारा विकसित ।
- यह भारत में अपनी तरह का पहला ड्रोन है, जिसे वन निगरानी, वन्यजीव निगरानी, सीमा और आपदा निगरानी अनुप्रयोग के लिए तैनात करने के लिए उच्च सहनशीलता और एयरो स्टेटिक रूप से स्थिर क्षमताओं के साथ डिजाइन किया गया है।
- एयरोस्टेटिक ड्रोन हवाई प्लेटफॉर्म हैं जो उछाल और वायुगतिकी दोनों से अपनी लिफ्ट प्राप्त करते हैं। यह उन्हें बहुत ऊर्जा कुशल बनाता है, जिससे वे टेथर्ड ड्रोन के लिए बेहतर विकल्प बन जाते हैं।
- एयरोस्टेटिक ड्रोन शांत होते हैं और उन्हें उड़ते रहने के लिए निरंतर ऊर्जा की आवश्यकता नहीं होती है (लगातार 4 घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने में सक्षम)।
- इसे किसी भी ग्राउंड वाहन के साथ एकीकृत किया जा सकता है या किसी भी साइट पर स्थापित किया जा सकता है।
- ड्रोन को दिन और रात दोनों कैमरों के साथ-साथ दूरसंचार रिले और एंटी-ड्रोन पेलोड जैसे किसी भी अन्य पेलोड से लैस करने की सुविधा।
- उपयोग-वन्यजीव निगरानी, वन निगरानी, भीड़ निगरानी, सीमा सुरक्षा और आपदा निगरानी, दूरदराज के इलाकों में या आपातकालीन स्थितियों के दौरान अस्थायी संचार सुविधा।

कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफॉर्म का विकास

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के तहत एक स्वायत्त संस्थान, गुवाहाटी में विज्ञान और प्रौद्योगिकी उन्नत अध्ययन संस्थान (IASST) के शोधकर्ताओं द्वारा फॉस्फोरिन क्वांटम डॉट्स का उपयोग करके रेशम फाइबर पर आधारित कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए विकसित।
- प्रयोगशाला में कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए एक पॉइंट-ऑफ-केयर (POC) डिवाइस विकसित की गई है।

भारत का पहला प्रोटोटाइप फास्ट-ब्रीडर रिएक्टर

- तमिलनाडु के कलपक्कम में भारत का 500 मेगावाट फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (FBR) प्रोटोटाइप मार्च 2026 तक पहली क्रिटिकैलिटी प्राप्त करेगा और सितंबर 2026 तक चालू हो जाएगा।
- भारत के तीन-चरणीय परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण के अंतर्गत ।
- **उद्देश्य**-रेडियोधर्मी कचरे के भंडार को कम करने के लिए प्रयुक्त ईंधन का पुनर्चक्रण करना।
- अपनी तरह का पहला परमाणु रिएक्टर जो ईंधन के रूप में प्लूटोनियम आधारित मिश्रित ऑक्साइड और शीतलक के रूप में तरल सोडियम का उपयोग करता है।
- विकास-भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम (भाविनी) द्वारा।

एम्स रायपुर द्वारा अपना पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूर्ण

- एम्स रायपुर स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट (किडनी पेयर्ड ट्रांसप्लांट-केपीटी) करने वाला नए एम्स संस्थानों में से पहला और छत्तीसगढ़ राज्य का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है।
- अनुमान है कि स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट से ट्रांसप्लांट की संख्या में 15% की वृद्धि होगी।

- राष्ट्रीय संगठन और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वैप डोनर ट्रांसप्लांटेशन के कार्यान्वयन की सिफारिश की है क्योंकि इस विकल्प से डोनर की संख्या बढ़ सकती है।
- NOTTO द्वारा देश भर में इन प्रत्यारोपणों को अधिक प्रभावी ढंग से सुविधाजनक बनाने के लिए 'यूनिफॉर्म वन नेशन, वन स्वैप ट्रांसप्लांट प्रोग्राम' शुरू।

- *स्वैप ट्रांसप्लांट में, गुर्दे की विफलता से पीड़ित एक मरीज जिसके पास एक इच्छुक जीवित दाता है - लेकिन असंगत रक्त समूह या एचएलए एंटीबॉडी की उपस्थिति के कारण किडनी प्राप्त करने में असमर्थ है, किसी अन्य असंगत जोड़ी के साथ-दाताओं का आदान-प्रदान करके प्रत्यारोपण करवा सकता है।*

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के तहत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (TDB) द्वारा स्वदेशी इनडोर वायु शोधन समाधान 'यूब्रीथ लाइफ' को वित्तीय सहायता

- गुरुग्राम स्थित अर्बन एयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रोजेक्ट।
- 'अर्बन मुन्नार इफेक्ट' और 'ब्रीदिंग रूट्स' नामक एक पेटेंटेड इनोवेशन पर आधाारित यह सिस्टम पत्तेदार इनडोर पौधों की प्राकृतिक वायु-शुद्धिकरण क्षमता को बढ़ाता है।
- कमरे से हवा को पौधो की पत्तियों की ओर खींचा जाता है, फिर मिट्टी-जड़ क्षेत्र में निर्देशित किया जाता है, जहाँ शुद्धिकरण प्रक्रिया तीव्र होती है। डिवाइस में एक केन्द्रापसारक पंखा होता है जिससे जड़ों के माध्यम से संसाधित शुद्ध हवा को इनडोर स्थान में 360 डिग्री में छोड़ा जा सकता है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के स्वायत्त संस्थान भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (IIA), बेंगलुरु द्वारा सूर्य में हीलियम की प्रचुरता की सटीक गणना के लिए नई विधि का विकास

- सूर्य के प्रेक्षित उच्च-रिजॉल्यूशन स्पेक्ट्रम में मैग्नीशियम और कार्बन विशेषताओं का उपयोग।

भारतीय सेना की महत्वपूर्ण पहल: न्यूनतम चीरफाड़ वाली ग्लूकोमा शल्य चिकित्सा के लिए आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में पहली बार उन्नत 3डी माइक्रोस्कोप का इस्तेमाल

- सेना के नई दिल्ली स्थित प्रमुख अस्पताल आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) के नेत्र विज्ञान विभाग ने सशस्त्र बलों के लिए पहली और अनूठी उपलब्धि के रूप में 3D माइक्रोस्कोप का उपयोग करते हुए ग्लूकोमा अर्थात काला मोतिया की न्यूनतम चीरफाड़ वाली शल्य चिकित्सा की है।
- यह त्रि-आयामी दृश्य प्रणाली विभिन्न नेत्र शल्य चिकित्साओं के लिए बहुत उपयोगी है, जिसमें भेंगापन, मोतियाबिंद, कॉर्निया, ग्लूकोमा और रेटिना संबंधी समस्याओं का उपचार शामिल है।
- इस प्रणाली में विशेष 3डी पोलराइजेशन चश्मा और 55 इंच का 4 के अल्ट्रा-एचडी डिस्प्ले का इस्तेमाल किया जाता है।

सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित HPV परीक्षण किट को मान्यता

- भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा मान्यता प्रदान।
- मायलैब डिस्कवरी सॉल्यूशंस और मोलबायो डायग्नोस्टिक्स द्वारा विकसित दो एचपीवी परीक्षण किटों को भारत में अग्रणी शोध संस्थानों में आयोजित बहु-केंद्रित नैदानिक अध्ययनों के माध्यम से मान्य किया गया।

ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV)

- *यौन संचरित संक्रमण।*
- *त्वचा, जननांग क्षेत्र और गला प्रभावित ।*
- *सर्वाइकल कैंसर HPV के कारण होने वाला सबसे सामान्य प्रकार का कैंसर है।*
- *वर्तमान में सर्वाइकल कैंसर का कोई उपचार उपलब्ध नहीं है।*

एक्सिओम 4 मिशन

- इसरो एक्सिओम-4 मिशन के भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर टार्डिग्रेड्स (जल भालू) भेजने के लिए तैयार है, जो इन सूक्ष्म जीवों का उपयोग करके सूक्ष्मगुरुत्व में भारत का पहला मानव प्रयोग होगा।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए 14 दिवसीय मानवयुक्त मिशन, जिसमें सूक्ष्मगुरुत्व जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और स्थिरता पर अनुसंधान शामिल है।
- इसरो (भारत), नासा (अमेरिका) और ईएसए (यूरोप) की संयुक्त पहल, जिसमें अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टार्डिग्रेड्स (जल भालू)

- *सूक्ष्म जीव जिन्हें 'जल भालू' या 'मॉस पिगलेट' के नाम से भी जाना जाता है।*
- *इसकी खोज 1773 में जर्मन प्राणी विज्ञानी जोहान गोएज ने की थी।*
- *ध्रुवीय बर्फ की चोटियों से लेकर गहरे महासागरों तक चरम आवासों में पाया जाता है।*

भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-मरीन विमानों के लिए फ्रांस के साथ अंतर-सरकारी समझौते (IGA) पर हस्ताक्षर

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू द्वारा 63 हजार करोड़ रुपये के IGA पर हस्ताक्षर।
- 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान की खरीद के लिए।
- इसमें प्रशिक्षण, सिम्युलेटर, संबंधित उपकरण, हथियार और प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक शामिल हैं।
- इसमें भारतीय वायु सेना (IAF) के मौजूदा राफेल बेड़े के लिए अतिरिक्त उपकरण भी शामिल हैं।
- समझौते में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, राफेल फ्यूजलेज के लिए उत्पादन सुविधा की स्थापना के साथ-साथ भारत में विमान इंजन, सेंसर और हथियारों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल सुविधाएं भी शामिल।
- फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित, राफेल-मरीन एक कैरियर बोर्न कॉम्बैट-रेडी एयरक्राफ्ट है।
- विमानों की डिलीवरी 2030 तक पूरी, चालक दल को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण।

भारत का पहला 3डी प्रिंटेड बंकर लेह में 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थापित

- सिम्पलीफोर्ज क्रिएशंस और IIT-हैदराबाद द्वारा प्रोजेक्ट प्रबल के तहत भारतीय सेना के साथ मिलकर लेह में 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थापित।
- विश्व का अब तक का सबसे ऊंचा इन-सीटू 3D प्रिंटेड निर्माण।

क्षुद्र-ग्रह 2024 बीए 20

- झालावाड़ के पंचपहाड़ स्थित महात्मा गांधी राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने नए क्षुद्र ग्रह की खोज की है।
- इस खोजे गए एस्टेरोइड को ''इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कोलेबोटेशन'' ने मान्यता दी है।
- जनवरी 2024 में विद्यालय के कक्षा 12 वीं विज्ञान के छात्र मोहित शर्मा, पोरवाल, जातिन जावाएनी, विवेक सोनी ने आयोजित कैपेन में गाइड शिक्षक डॉ. हित्येन्दु सेन के मार्गदर्शन में भाग लेकर इस क्षुद्रग्रह की खोज की।

❖❖❖

07 खेल

रणजीत गुर्जर

- **दिनाँक** – 28 से 30 मार्च तक।
- **आयोजनकर्ता** – विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के तत्वाधान में कंबोडिया एनपीसीसी
- पहला एशियन पैरा थ्रो बॉल चैम्पियनशिप में भारत के रणजीत गुर्जर ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- करौली जिले के गाँव कैमरी के निवासी।

वंदना कटारिया

- भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से सन्यास की घोषणा की।
- 320 अंतर्राष्ट्रीय मैचों और 158 गोल के साथ वंदना कटारिया भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी भी बन गई हैं।
- वे टोक्यो ओलंपिक 2020 में हैट्रिक करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2025

- **आयोजन स्थल** – मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम झांसी (उत्तर प्रदेश)
- **दिनाँक** – 4 से 15 अप्रैल
- डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली गई।
- डिवीजन ए के फाइनल मैच में हॉकी पंजाब ने हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।
- हॉकी पंजाब के कप्तान – हार्दिक सिंह
- तीसरे/चौथे स्थान पर उत्तर प्रदेश हॉकी ने मणिपुर हॉकी को 5-1 से हराया।

हितेश गुलीया

- भारतीय मुक्केबाज हितेश गुलीया ने ब्राजील के फॉज-डो इगआसू में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप ब्राजील 2025 चरण-I में पुरुषों की 70 किग्रा. स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- फाइनल में इंग्लैंड के ओडेल कामरा को हराया।
- **इसके अतिरिक्त**
  1. **अभिनाश जामवाल** – रजत (पदक) पुरुषों की 65 किग्रा. भार वर्ग में।
  2. **मनीष राठौर** – कांस्य (पदक) पुरुषों की 55 किग्रा. भार वर्ग में।

अर्जुन भाटी

- गोल्फर अर्जुन भाटी को 3 अप्रैल 2025 संसद भवन में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान मरीजों की मदद के लिए अपनी 102 ट्रॉफियों की नीलामी की और 4.3 लाख रुपये जुटाए थे।
- वे तीन बार के जूनियर गोल्फ विश्व चैंपियन रहे हैं।

आर्यना सबालेंका

- वर्ल्ड नंबर एक टेनिस स्टार आर्यना सबालेंका ने ITU द्वारा आयोजित मियामी ओपन-2025 का खिताब जीता है।
- आर्यना ने अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया।
- आर्यना ने पूर्व में यूएस ओपन 2024 का खिताब भी जीता है।

तीरंदाजी विश्व कप 2025 चरण-I

- **आयोजन स्थल** – ऑबर्नडेल (अमेरिका)
- मेक्सिको 6 पदक (तीन स्वर्ण, दो रजत, 1 कांस्य) के साथ शीर्ष पर।
- भारत 4 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

- **भारतीय पदक विजेता**–
  1. ज्योति सुरेखा वेन्नम, ऋषभ यादव (कपांउड मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक)
  2. धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय, अतुन दास (रिकर्व पुरुष टीम में रजत पदक)
  3. ऋषभ यादव, अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले (कंपाउंड पुरुष टीम में कांस्य पदक)
  4. धीरज बोम्मदेवरा – पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में कांस्य पदक।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पुरस्कार–2024 2025

- **आयोजन** – भुवनेश्वर, ओडिशा
- **दिनाँक** – 3 मई, 2025
  - ब्रिसन फर्नांडीस (प्रोमेसिंग मेन्स प्लेयर)
  - तोइजाम थोइबिसाना (प्रोमेसिंग वेमन्स प्लेयर)
  - वेंकेटश आर. (बेस्ट मेल रेफरी)
  - रंजीता देवी टेकचाम (बेस्ट फीमेल रेफरी)
  - वैरामुथु पी (बेस्ट मेल अस्सिटेंट रेफरी)
  - रिओहलांग धर (बेस्ट फीमेल अस्सिटेंट रेफरी)
- प्रेसीडेंट स्पेशल ऑनर फॉर कोचिंग एक्सीलेंस – रंजन चौधरी
- एआईएफएफ के वर्तमान अध्यक्ष – कल्याण चौबे

I[st] एशियन UI5 - UI7 मुक्केबाजी चैंपियनशिप

- **आयोजन** – अम्मान (जॉर्डन)
- **दिनांक** – 17 अप्रैल से 1 मई 2025
- **आयोजनकर्त्ता** – द एशियन बॉक्सिंग
- जॉर्डन के अम्मान में आयोजित I[st] एशियन मुक्बेबाजी चैंपियनशिप U-15 & U-18 में भारतीय मुक्केबाजों ने कुल 43 पदक (15 स्वर्ण, 6 रजत और 22 कांस्य) के साथ पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहल व दूसरे स्थान पर क्रमश: कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान रहे।
- यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद् और नवगठित विश्व मुक्केबाजी परिषद् दोनों का समर्थन प्राप्त है।

पदक विजेताओं की सूची U-15

- **स्वर्ण पदक विजेता**
  - **बॉयज वर्ग** – संस्कार विनोद 35 किग्रा.
  - **गर्ल्स वर्ग** –
    1. कोमल (30–33 किग्रा)
    2. खुशी अहलावत (35 किग्रा)
    3. तमन्ना (37 किग्रा)
    4. स्वि (40 किग्रा)
    5. मिल्की मीनम (43 किग्रा)
    6. प्रिंसी (52 किग्रा)
    7. नव्या (58 किग्रा)
    8. सुनैना (61 किग्रा)
    9. त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा)
    10. वंशिका (70 किग्रा)

पदक विजेताओं की सूची U-17

- **गर्ल्स वर्ग** –
  1. खुशी चंद (46 किग्रा)
  2. जन्नत (54 किग्रा)
  3. अंशिका (80+ किग्रा)
  4. अहाना शर्मा (50 किग्रा)
- बीएफआई के अंतरिम अध्यक्ष – अजय सिंह

2[nd] नेशनल ओपन रिले कॉर्नेवल 2025

- **दिनाँक** – 30 अप्रैल 2025
- **आयोजन स्थल** – स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, चंडीगढ़
- भारतीय शीर्ष धावक गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीघर और अमलान बोरगोहेन की टीम ने चंडीगढ़ में आयोजित द्वितीय भारतीय ओपन रिले प्रतियोगिता में पुरूषों की 4 × 100 मीटर रिले में 38.69 सेकंड का समय लेकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।
- 38.89 से. का पिछला रिकॉर्ड पुरुषों की ट्रैक प्रतियोगिताओं में सबसे पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्डों में से एक था, जिसे रहमतुल्ला मोल्ला, सुरेश सत्या, समीर मोन और ए. कुरैशी ने 2010 में नई दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में बनाया था।

कोनेरू हम्पी

- भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने 2025 पुणे FIDE महिला ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीता।
- अंतिम राउंड में बुल्गेरियाई अंतर्राष्ट्रीय मास्टर नूरग्युल सलीमोवा को 7/9 अंकों से हराया।
- चीनी ग्रैंडमास्टर झू जिनर ने रूसी अंतर्राष्ट्रीय मास्टर पोलिना शुवालोवा को 7/9 अंकों से हराया लेकिन ट्राईब्रेक के अनुसार उन्हें दूसरा स्थान मिला।
- इसके अतिरिक्त भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने पोलिश शतरंज खिलाड़ी एलिना काशलिंस्काया के खिलाफ ड्रॉ खेला और 5.5/9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025

- **दिनाँक** – 4 से 15 मई तक
- **आयोजन स्थल** – बिहार
- **शुंभकर** – गजसिंह (Gajsimha)
- शुभंकर नालंदा और बोधगया के पाल वंश की अभिलेखीय विरासत से लिया गया है जिसे मंदिरों और उनके स्तंभो पर उकेरा गया है।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार के 5 शहरों – पटना राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में आयोजित किए गए।
- जबकि तीन खेल – शूटिंग, जिम्नास्टिक और ट्रेक साइकिलिंग दिल्ली में आयोजित किये गए।

रैंकिंग	राज्य	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल पदक
1.	महाराष्ट्र	58	47	53	158
2.	हरियाणा	39	27	51	117
3.	राजस्थान	24	12	24	60
4.	कर्नाटक	17	26	15	58
5.	दिल्ली	16	20	32	68
6.	तमिलनाडु	15	21	29	65

2nd एशियाई योगासन चैंपियनशिप

- **आयोजन** – इंदिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम (नई दिल्ली)
- **दिनांक** – 25-27 April 2025
- **शुंभकर** – SiNVHA
- **आयोजनकर्ता** – युवा मामले और खेल मंत्रालय भारतीय खेल प्राधिकरण व योगासन भारत और एशियाई योगासन महासंघ के संयुक्त तत्वाधान से।
- **प्रतिभागी देश** – कुल एशियाई देश, जापान पहली बार इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुआ।
- **भारत का प्रदर्शन** – कुल 87 पदक (83 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य) पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- **द्वितीय** – जापान (3 स्वर्ण, 3 रजत, 4 कांस्य)
- **तृतीय** – मंगोलिया (1 स्वर्ण, 1 रजत, 6 कांस्य)

28th नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025

- **दिनाँक** – 21 से 24 अप्रैल
- **आयोजन स्थल** – कोच्चि, केरल
- **आयोजनकर्त्ता** – भारतीय एथलेटिक्स महासंघ
- ओलंपियन विथ्या रामराज ने कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय महासंघ वरिष्ठ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.04 सैकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता।

- अनु आर 58.26 सेकंड के साथ दूसरे स्थान व अश्विनी आर 1 मिनट 2.41 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रही।
- विथ्या रामराज सरीताबेन गायकवाड़ का 2019 का 57.21 सैकंड के रिकॉर्ड को तोडा।
- पुरूषों की 400 मी. बाधा दौड़ में यशस पलाक्ष ने 49.32 सैकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- पुरूषों की हैमर थ्रो स्पर्धा में दमनीत सिंह ने 68.30 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। इसके अतिरिक्त प्रवीण कुमार (रजत) और गुरूदेव सिंह (कांस्य) पदक जीता।
- महिलाओं की ट्रिपल जंप में निहारिका वशिष्ठ ने 13.49 मी. की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

टेबल टेनिस

- भारतीय खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य और अभिनंद प्रधावधी ने बैंकॉक में डब्ल्यूटीटी यूथ स्टार कंटेंडर में अंडर-19 बॉयज का डबल्स खिताब जीता।
- फाइनल में कोरिया के ली जुंगयोक और चोई जिवुक को 3-1 को हराया।

आईएसएसएफ विश्व कप पेरू चरण-IInd

- **दिनाँक** - 13 से 22 अप्रैल 2025
- **आयोजन स्थल** - लीमा, पेरू
- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (issf) विश्व कप के पेरू चरण में कुल सात पदकों (दो स्वर्ण, चार रजत ओर एक कांस्य) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

  प्रथम - चीन (4 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य)

  द्वितीय - यूएसए (4 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य)

मैग्नस कार्लसन

- मैग्नस कार्लसन नॉर्वे ने पेरिस (फ्रांस) में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम 2025 का खिताब जीता।
- फाइनल में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराया।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैंसी ने फ्रांस के मैक्सिम वैक्सियर-लाग्रेव को 1.5-0.5 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया।

हिमांशु जाखड़

- **हिमांशु जाखड़** ने सउदी अरब के दम्माम में अंडर-18 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरूषों की भाला फेंक प्रतिस्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत का यह अंडर-18 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक है।
- भारत ने चैंपियनशिप में कुल 11 पदक जीते (जिनमें 1 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य शामिल है)

सौरव गांगुली

- **पूर्व भारतीय कप्तान** - सौरव गांगुली को ICC पुरूष क्रिकेट समिति का पुन: अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- उन्होने अनिल कुंबले का स्थान लिया है।
- सौरव गांगुली को पहली बार 2021 में समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

जेम्स एंडरसन

- इंग्लैण्ड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को क्रिकेट के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया है।
- यह उपाधि पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की त्यागपत्र सम्मान सूची का हिस्सा है।
- यह सम्मान जेम्स एंडरसन को उनके कैरियर में 704 टेस्ट विकेट लेने और इंग्लैंड के सर्वकालिक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए दिया गया है।

मोहन बागान सुपर जायंट

- मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 का खिताब जीता।
- फाइनल में मोहन, बागान सुपर जायंट ने कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन स्टेडियम में बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया।
- यह मोहन बागान सुपी जायंट का दूसरा आईएसएल खिताब है।

सुजुकी एरोबिक्स जिम्नास्टिक विश्व कप- 2025

- **दिनांक** :- 25 से 27 अप्रैल
- **आयोजन** :- टोक्यो (जापान)

- **आयोजनकर्त्ता :-** फेडरेशन इंटरनेशनल डी जिम्नास्टिक (एफआईजी) और इंटरनेशनल एरोबिक्स फेडरेशन, जापान
- भारतीय ऐरोबिक जिम्नास्टिक टीम सुजुकी एरोबिक्स जिम्नास्टिक विश्व कप- 2025 टोक्यो (जापान) का प्रदर्शन –
- **व्यक्तिगत प्रदर्शन** –

  1. मुथुम रमेश
  2. रूद्राक्ष खन्ना
  3. आर्य शाह
  4. मीत कौशाम्बिया
  5. रिया शर्मा
  6. अरिहा पंगमबम

- **टीम सपोर्ट** –

  मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, डॉ. मकरंद जोशी (हैड व जज), शशांक भिड़ीवाल व एसपी सिंह (कोच)

दिव्या सुब्बाराजू

- दिव्या सुब्बाराजू ने भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।
- 23 वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह शूटिंग चैम्पियनशिप में कैटगिरी एस. दिव्या ने दिया थाटे को 31-28 अंक से हराया।
- नाम्या कपूर ने कुमार सुरेन्द्र सिंह शूटिंग चैंपियनशिप में यूनियर स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 सत्र के लिए पुरूषों की केंद्रीय अनुबंध सूची की घोषणा की।
- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवीन्द्र जड़ेजा ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप ने सन्यास लेने के बावजूद अपना ए+श्रेणी का अनुबंध बरकरार रखा है।
- **अन्य श्रेणियां** –
  - **ए श्रेणी** – ऋषभपंत, शुभमन गिल, के.एल. राहुल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज
  - **बी श्रेणी** – श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षत पटेल, यशस्वी जयसवाल (3 करोड़)
  - **सी श्रेणी** – संजू सैमसन, ध्रुव जुरैल, ईशान किशन (1 करोड़)

सीनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप – झांसी

- **दिनांक** – 4 से 15 अप्रैल
- **आयोजन स्थल** – मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम
- पंजाब ने मध्यप्रदेश को हराकर 15 वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती।
- डिविजन-ए के फाइनल में 4-1 से हराया।
- हॉकी पंजाब का रिकॉर्ड पांचवा खिताब (पूर्व में 2012, 2018, 2021, 2023)
- **आयोजनकर्त्ता** – हॉकी इंडिया
- **कप्तान विजेता टीम** – हार्दिक सिंह
- उत्तरपद्रेश हॉकी ने मणिपुर हॉकी को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

भारोत्तोलन

- भारत ने आइडब्ल्यूएफ युवा और यूनियर विश्व भारोत्तलन चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते।
- ज्योशना साबार ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में कुल 129 किलो (56 + 72) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त इन्होने क्लीन और जर्क में रजत पदक जीता।
- हर्षवर्धन साहू 49 किलो वर्ग में 197 किलो (87 और 110) भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त क्लीन और जर्क में भी कांस्य पदक जीता।
- विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल स्कोर के आधार पर अलग-अलग पदक दिए जाते है।

अस्मिता खेलो इंडिया वुशू लीग 2025

- **आयोजनकर्ता** – शारीरिक शिक्षा और खेल स्कूल
- भारतीय वुशू संघ व भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में गाँधी नगर, गुजरात में आयोजित हुई सब

जूनियर व जूनियर खेलो इंडिया राष्ट्रीय विमेन वुशू लीग में राजस्थान वुशू टीम ने 1 स्वर्ण, 3 रजत व 5 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीते।

''कोपा डेल रे खिताब''

- बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 32 वीं बार जीता कोपा डेल रे खिताब।
- बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को 3-2 से हराया।

लक्षिता महलावत

- भारतीय युवा एथलीट लक्षिता महलावत ने सऊदी अरब में आयोजित अंडर-18 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वें जयपुर (राजस्थान) की निवासी है।
- इसी प्रतियोगिता में भारत के निश्चय ने शॉटपुट में रजत पदक जीता।

ऑक्सर पिस्त्री

- मैक्लारेन के ऑस्कर पिस्त्री ने बहरीन ग्रांपी फॉर्मूला वन रेस जीती।
- जॉर्ज रसेल दसरे व लैंडो नॉरिस तीसरे स्थान पर रहे।

लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में

1. पुरूष और महिलाओं की छह-छह क्रिकेट टीमों में स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला होगा।
2. मैच T-20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे।
3. ओलंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी हो रही है।
4. **मेजबान देश** - अमेरिका
5. पुरूष और महिलाओं की टीमों को 90-90 खिलाड़ियों को कोटा आवंटित किया गया। हर टीम में 15 खिलाड़ी होंगे।
6. **योग्यता** - रैकिंग से तय

सुरूचि सिंह और सौरभ चौधरी

- भारतीय शूटर सुरूचि सिंह और सौरभ चौधरी ने वर्ल्ड कप के एयर पिस्टल मिक्स्ड में ब्रॉन्ज जीता।
- इन्होंने ब्रॉन्ज मेडल मैच में मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराया।
- यह सुरूचि सिंह का इस वर्ल्ड कप में दूसरा स्वर्ण पदक। (महिला एयर पिस्टल में गोल्ड)
- भारत ने चार (गोल्ड) समेत कुल 8 मेडल जीते। पदक तालिका में दूसरे स्थान पर।

सुरेन्द्र सिंह गुर्जर

- तीरंदाजी संघ के सचिव सुरेन्द्र सिंह गुर्जर (भागलपुर) में पटना में (4-7 मई) गेम्स में ज्यूरी के मेम्बर होंगे।
- **अन्य सदस्य**

  (i) बंगाल - कृपणा घतन

  (ii) बिहार - मनोज कुमार
- राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष - दीपेन्द्र सिंह खंगारोत
- कम्पीटिशन मैनेजर - सीआर कुरमी - औरंगाबाद
- कम्पीटिशन डायरेक्टर - रूकेश कार - बंगाल
- इसके अतिरिक्त (मंथालय) के पीबीडब्लयू नोंगबारी की अध्यक्षता में गठित जज कमेटी में भी राजस्थान के सुनील चौधरी को शामिल किया।

लवलीना बोरगोहेन

- भारतीय मुक्केबाज (2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक)में भाग लेने हेतु लवलीना को बदलना होगा भारवर्ग
- 2028 खेलो से 75 किग्रा भाग वर्ग को खत्म कर दिया गया है जो कि लवलीना का मौजूदा भार वर्ग है।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028

- खेलो में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को किया शामिल।
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के कार्यकारी में होने वाले बोर्ड ने हाल ही में लॉस एंजिलिस ओलंपिक, 2028 खेलो के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। रेकार्ड 351 पदक स्पर्धाएं पर खिलाड़ियों की संख्या सीमित (10500)। पहली बार महिला व पुरूष खिलाडियों की संख्या समान होगी।
- 2024 पेरिस ओलम्पिक के मुकाबले 2028 लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होगी।

आईएसएसएफ विश्व कप-2025

- **आयोजन स्थल** - ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना
- **तिथि** - 1 से 11 अप्रैल 2025
- **आयोजनकर्त्ता** - अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ
- **पदक तालिका :-**

  पहला - चीन - 11 (5 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य)

  दूसरा - भारत - 8 (4 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य)

  तीसरा - यूएसए - 6 (2 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य)

भारत के स्वर्ण पदक विजेता

1. **शिफ्त कौर समरा** - महिलाओं की 50 मी. राइफल 3 पोजीशन
2. **रूद्राक्ष पाटिल** - पुरूषों की 10 मी. एयर राइफल
3. **सुरूचि** - महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल
4. **विजयवीर सिद्धू** - पुरूषों की 25 मी. रैपिड - फायर पिस्टल

45th लंदन मैराथन

- **विजेता**
  - **पुरूष वर्ग :-** सेबेस्टियन सावे (केन्या) 2 घंटे 2 मिनट 27 सेकंड
  - **महिला वर्ग :-** टिवस्ट असेफा (इथोपिया) 2 घंटे 15 मिनट 50 सैकण्ड

अंगद चीमा

- गोल्फर 'अंगद चीमा' ने कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- बैंगलुरू के खलिन जोशी दूसरे और फरीदाबाद के अभिनव लोहान तीसरे स्थान पर रहे।

एलेक्जेंडर ज्वेरेव

- एलेक्जेंडर ज्वेरेव (टेनिस) म्यूनिख ओपन जीता।
- फाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन को 6-2, 6-4 से हराया।

जॉर्जी मेशविल्डिशविली (अजरबैजान)

- यूरोपियन कुश्ती चैम्पियनशिप में 125 Kg वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- पेरिस ओलम्पिक में कांस्य पदक जीता।

आईएसएल 2024-25

- मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग (ISL) 2024-25 का खिताब जीता।
- फाइनल मुकाबले में मोहन बागान ने बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया।
- मोहन बागान सुपर जायंट के कप्तान - शुभाशीष बोस
- मोहन बागान ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है।

12वीं महिला नेशनल रग्बी चैम्पियनशिप

- **दिनाँक** - 23 से 29 अप्रैल
- **आयोजन स्थल** - इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम, गुवाहाटी(असम)
- बिहार ने ओडिशा को 21-12 से हराकर 12 वीं नेशनल रग्बी चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2025

- **दिनांक :-** 21 अप्रैल 2025
- **स्थान :-** पालासियो दे सिबेलेस, स्पेन
- **प्रमुख पुरस्कार :-**

(1) **लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर :-** आर्मंड डुप्लांरिस (स्वीडन)

(2) **लॉरियस वर्ल्ड स्पोट्सवुमन ऑफ द ईयर :-** सिमोन बाइल्स (अमेरिका)

(3) **लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर :-** रियल मैड्रिड (स्पेन)

(4) **लॉरियस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर :-** लामिने यमाल (स्पेन)

(5) **लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर :-** रेबेका एंड्रेड (ब्राजील)

(6) **लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर विद ए डिसएबिलिटी :** जियांग युयान (चीन)

(7) **लॉरियस वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर :-** टॉम पिडकॉक (ब्रिटेन)

(8) **लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड अवॉर्ड :-** किक 4 लाईफ संस्था

(9) **लॉरियस स्पोर्ट्स आइकॉन अवॉर्ड :-** राफेल नडाल (स्पेन)

(10) **लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड :-** केली स्लेटर

जसप्रीत बुमराह व स्मृति मंधाना

- विजडेन क्रिकेटर्स अल्मैनक के 2025 संस्करण में वर्ष 2024 के दुनिया के अग्रणी पुरूष क्रिकेटर (Leading Men's Cricketer in the World) के रूप में जसप्रीत बुमराह को चुना है।
- इन्होने टी-20 विश्व कप में 2024 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी जीता था।
- स्मृति मंधाना को वर्ष 2024 के लिए दुनिया की अग्रणी महिला क्रिकेटर (Leading women's cricketer in the world) चुना गया है।
- इन्होने 2024 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों में कुल 1659 रन बनाए, जिसमें चार वनडे शतक शामिल है।

❖ **अन्य**

- **विजडेन क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर**
  1. गस एटकिंसन (इंग्लैण्ड)
  2. जेमी स्मिथ (इंग्लैण्ड)
  3. डैन वॉरैल (ऑस्ट्रेलिया)
  4. लियाम डॉसन (इंग्लैण्ड)
  5. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैण्ड)
- **विजडेन ट्रॉफी फॉर द ईयर्स आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस मिशेल सैंटनर (इंग्लैण्ड)**
- विजडेन क्रिकेटर्स अल्मनैक पत्रिका जिसे क्रिकेट की 'बाइबिल' कहा जाता है, 1864 से प्रकाशित कि जा रही है। यह क्रिकेट में व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन के लिए सर्वोच्च सम्मान माना जाता है।

मार्च-2025 आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

- ICC ने भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पुरूष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल को महिला वर्ग में 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' मार्च मंथ 2025 के लिए विजेता घोषित किया है।

पंकज आडवाणी

- भारतीय खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूवीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप-2025 में रजत पदक जीता।
- **आयोजन स्थल** - कार्लो, आयरलैण्ड
- इस मुकाबले में प्रथम विजेता ब्रिटेन के डेविड कॉजियर रहे।

वर्ल्ड बॉक्सिंग कप-2025 पहला चरण - ब्राजील

- **स्थान** :- फोज डू इगुआसू (ब्राजिल)
- **दिनांक** :- 31 मार्च से 5 अप्रैल
- प्रतियोगिता में भारत ने कुल 6 पदक जीते व पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा
- **भारतीय पदक विजेता** :-

1. **स्वर्ण** :- हितेश गुलिया (पुरूषो के 70 किग्रा भार वर्ग में)
2. **रजत** :- अभिनव जमवाल (पुरूषों के 65 किग्रा भार वर्ग में)
3. **कांस्य** :-
   - **(i) जदुमनी सिंह मंडेगबाम** - (पुरूष 50 कि.ग्रा. भार वर्ग)
   - **(ii) मनीष राठौड**- (पुरूष 55 किग्रा भार वर्ग)
   - **(iii) सचिन** - (पुरूष 60 किग्रा भार वर्ग)
   - **(iv) विशाल** - (पुरूष 90 किग्रा भार वर्ग)

- वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2025 के अगले चरण 30 जून-7 जुलाई तक कजाकिस्तान में और 15-20 नवम्बर तक भारत में आयोजित किए जाऐंगे।

तीरंदाजी विश्व कप 2025 पहला चरण

- **दिनांक** - 8 से 13 अप्रैल
- **स्थान** - फ्लोरिडा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- **भारत का प्रदर्शन** - कुल 4 पदक (1 स्वर्ण 1 रजत 2 कांस्य) जीते।
- पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर रहा। पहले तीन स्थान पर क्रमश: मैक्सिको, चीन और अमेरिका रहे।

भारतीय पदक विजेता

1. **स्वर्ण** :- कपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति सुरेखा बेन्नम और ऋषभ यादव
2. **रजत** :- पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धा में धीरज बोम्मादेवरा अतानुदास और तरूणदीप राय
3. **कांस्य** :-
   - (i) पुरूष व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में धीरज बोम्मादेवरा
   - (ii) कपाउंड पुरूष टीम में ऋषभ यादव, अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- सऊदी अरब में इस साल होने वाले ई-स्पोर्टस वर्ल्डकप में पहली बार शतरंज को शामिल किया जाएगा। इसमें 10+0 का फॉमेट अपनाया जाएगा, प्रत्येक खिलाड़ी को सिर्फ 10 मिनट का समय मिलेगा।
- भारतीय घुड़सवार 'निहारिका सिंघानिया' ने बेल्जियम के एजेलहोंफ सीएसआई लियर घुड़सवारी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना 45 साल की उम्र में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।
- आईसीसी खुद का मोबाइल क्रिकेट गेम लाने की योजना बना रहा है। आईसीसी मोबाइल गेमिंग के बढ़ते बाजार से कमाई करेगा।
- महिला फीफा वर्ल्ड कप-2031 की मेजबानी अमेरिका करेगा।
- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष 'मोहसिन नकवी' अब एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के नए अध्यक्ष बन गए हैं।
- नोवाक जोकोविच ने 411 बार एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीतकर रिकॉर्ड बनाया।
- नार्थ आयरलैण्ड के गोल्फर रोरी मैक्लरॉय ने वीजीए टूर पर 100 मिलियन डॉलर कमाने की उपलब्धि हासिल की। वे टाइगर वुड्स के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं।
- भारतीय टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत ने सन्यास लिया।
- न्यूजीलैण्ड के बल्लेबाज मुहम्मद अब्बास ने ओडीआई डेब्यू पर सबसे तेज 50 रन बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया।
- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर विल पुकोवस्की ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लिया।
- मैक्स वर्रस्ताप्पन ने लगातार चौथी बार जापान ग्रांपी फॉर्मूला वन रेस जीती।
- ब्राजील फुटबॉल फेडरेशन ने नया नियम बनाया है इसके अंतर्गत अगर मैच के दौरान कोई खिलाड़ी गेंद पर खड़ा होता है या कोई मूविंग स्किल दिखाता है तो उसे सजा के तौर पर यलो कार्ड दिखाया जाएगा साथ ही प्रतिद्वंदी टीम को फ्री किक दी जाएगी।
- युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा नई दिल्ली के बैडमिंटन चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।
- पूर्व राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता प्रोफेसर सनी थॉमस का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वें राज्यवर्धन सिंह राठौर, अभिनव बिंद्रा, विजय कुमार और गगन नारंग के कोच रहे है।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)ने 24 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मैच के दौरान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी।
- भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मानुष शाह और दीया चिताले ने ट्यूनीशिया की राजधानी ट्यूनिस में आयोजित डब्ल्यूटीटी कंटेंडर-2025 में मिश्रित युगल का खिताब जीता है। फाइनल मैच में जापानी खिलाड़ी सोरा मत्सुशिमा और मिवा हरिमोटो को 3-2 को हराया।
- डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में दुनिया की 17 वीं एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई का उद्धघाटन किया।
- पुरूषों की भाला फेंक स्पर्धा में यशवीर सिंह ने चेन्नई में इंडियन ओपन एथलेटिक्स 2025 मीट में किशोर जेना को हराकर खिताब जीता।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सहायक कोच अभिषेक नायर, फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेंनर सोहय को उनके कर्त्तव्यों से मुक्त कर दिया है।
- बिहार 1 से 10 जून तक राजगीर में महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। महिला विश्व कप में 14 टीमें भाग लेगी।
- हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट सलामी बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे 1973 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर रह चुके है।

- आईसीसी चेयरमैन जय शाह बोत्सवाना के दौरे पर। यह आईसीसी अध्यक्ष का किसी एसोसिएट देशों में पहला दौरा है।
- रोहित शर्मा को मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टी-20 मुंबई लीग के नया ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।
- राफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के पहले दिन पेरिस के ''कोर्ट फिलिप शैट्रियर'' में सम्मानित किया जाएगा। राफेल नडाल ने 14 बार फ्रेंच ओपन जीता, वें 22 बार ग्रैंड स्लैम विजेता भी है। नवंबर 2024 में सन्यास लिया।
- आईसीसी ने अफगान महिला क्रिकेटरों के समर्थन के लिए समर्पित टास्क फोर्स बनाने की घोषणा की।
- 2008 लॉस एंजिलिस ओलम्पिक में शामिल पाँच नए खेल (बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, क्रिकेट, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, स्कवैश)
- साल 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में पहली बार बराबर टीमे होगी।
- चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।
- एशियन अंडर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 पदकों के साथ पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया।
- क्रिकेट 2026 में जापान में होने वाले एशियाई खेलो का हिस्सा होगा। OCA की बैठक में क्रिकेट को हिस्सा बनाए रखने पर फैसला हुआ।
- सन्नी थॉमस का निधन द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित राष्ट्रीय निशानेबाजी टीम के पूर्व कोच सन्नी थॉमस का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह दो दशको तक टीम के कोच रह चुके है।
- भारतीय टेनिस स्टार युकी भांबरी एटीपी डबल्स रैंकिग में शीर्ष 30 में शामिल। रैंक - 26 वीं 11 वें भारत के नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी भी बन गए है।
- भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी वीर चोत्रानी और अनाहत सिंह ने 2025 PSA वर्ल्ड स्क्वैश चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।
- भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 16 अप्रैल, 2025 को दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूय में आयोजित पोच इंविटेशन मीट में पुरूषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- केन्या के जॉन कोरिर ने बोस्टन मैराथन 2025 जीती। उन्होने 2 घंटे 4 मिनट 45 सेंकड का समय लेकर रेस पूरी की। मैराथन के इतिहास में यह दूसरा सर्वाधिक तेज समय है।
- मीराबाई चानू - 15 अप्रैल, 2025 को भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) के एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुना गया।
- विराट कोहली वनडे इंटर नेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 14000 रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- फुटबॉल की अंडर-19 सैफ चैम्पियनशिप 9 मई से अरूणाचल प्रदेश के ईटानगर में खेली जाएगी।
- भारत रिकॉर्ड तीन बार सैफ चैम्पियनशिप जीत चुका है।
- इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब लिवरपूल ने जीता। फाइनल में टोटेनहैम स्पर्स को 5-1 से हराया। लिवरपूल ने दूसरी बार प्रीमियर लीग और कुल 20 वीं बार इंग्लिश फुटबॉल लीग खिताब जीता है।
- भारत ने (काठमांडू) में आयोजित दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते।
- श्रेयस अय्यर, रचिन रविन्द्र, जैकब डफी के साथ मार्च महिने के लिए आईसीसी के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है।
- स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने फाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर 2025 मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरूष एकल टेनिस खिताब जीता। यह इनका छठा मास्टर्स 1000 खिताब और 18 वां एटीपी टूर खिताब है।
- भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ द्वारा आयोजित की जा रही वेवस ई स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डेनियल पटेल और तेजस कुमार भोई भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- मैक्स वर्इस्टाप्पन ने लगातार चौथी बार जापान ग्रांपी फॉर्मूला वन रेस जीती।

08 महत्वपूर्ण दिवस

महत्वपूर्ण दिवस	
अंधत्व निवारण सप्ताह	1 से 7 अप्रैल, 2025
ओडिशा दिवस (उत्कल दिवस)	1 अप्रैल 2025
भारतीय रिजर्व बैंक का स्थापना दिवस	1 अप्रैल, 2025
विश्व ऑटिज्म डे **थीम** – ''न्यूरोडायवर्सिटी को आगे बढ़ाना और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी)''	2 अप्रैल, 2025
राज्य सभा दिवस भारतीय संविधाान में अनुच्छेद 80 राज्यसभा से संबंधित है। **विशेष शक्तियाँ :**– अनुच्छेद 67, अनुच्छेद 312, अनुच्छेद 267 **कुल सीटें** – 250 (राजस्थान में 10 सीटें) **अनुसूची – 4** राज्यसभा में सीटों के आवंटन को निर्दिष्ट करती है।	3 अप्रैल, 2025
अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस **थीम** – ''सुरक्षित भविष्य की शुरूआत यहां से होती है''	4 अप्रैल, 2025
62 वां राष्ट्रीय समुद्री दिवस **थीम :**–''समृद्ध समुद्र - विकसित भारत और नीली अर्थव्यवस्था और हरित विकास के लिए युवा''	5 अप्रैल, 2025
समता दिवस महान समाजवादी नेता बाबू जगजीवन राय की याद में उनके जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।	5 अप्रैल, 2025
राष्ट्रीय हस्तनिर्मित दिवस	6 अप्रैल, 2025
अंतर्राष्ट्रीय खेल विकास और शांति दिवस **थीम :**– खेल के मैदान को समतल करना : सामाजिक समावेश के लिए खेल	6 अप्रैल, 2025
विश्व स्वास्थ्य दिवस **थीम**– ''स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य''	7 अप्रैल, 2025
7वाँ पोषण पखवाड़ा 2025 **थीम :**–शुद्ध जल और स्वच्छता से स्वस्थ बचपन	8-22 अप्रैल, 2025
विश्व नवकार महामंत्र दिवस	9 अप्रैल

विश्व होम्योपैथी दिवस **थीम** – ''अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान''	10 अप्रैल, 2025
राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस	11 अप्रैल, 2025
अन्तर्राष्ट्रीय पगड़ी दिवस	13 अप्रैल, 2025
जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की 106वीं वर्षगाँठ	13 अप्रैल, 2025
135वीं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंति	14 अप्रैल, 2025
राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह **थीम** – एकजुट होकर प्रज्वलित करें, अग्नि सुरक्षित भारत।	14-20 अप्रैल 2025
विश्व क्वांटम दिवस **थीम** – एवरीडे इन 2025 संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को क्वांटम विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया।	14 अप्रैल, 2025
हिमाचल दिवस	15 अप्रैल
सेव द एलीफेंट डे	16 अप्रैल
विश्व हीमोफीलिया दिवस **थीम** सभी के लिए पहुँच : महिलाओं और लड़कियों को भी रक्तस्त्राव होता है।	17 अप्रैल
विश्व धारोहर दिवस **थीम** – ''आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत''	17 अप्रैल, 2025
विश्व यकृत दिवस **थीम :**– 'भोजन ही दवा है।'	19 अप्रैल, 2025
राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भारतीय संविधान के भाग XIV (अनुच्छेद 315 से 323 में वर्णित है।) **थीम :**– ''कुशल और पारदर्शी शासन के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना।'' यह एक संवैधानिक निकाय है।	21 अप्रैल, 2025
राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस (अन्तर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस) **थीम :**– ''हमारी शक्ति, हमारा ग्रह''	22 अप्रैल
विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस **थीम :**– सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में साहित्य की भूमिका।	23 अप्रैल
विश्व प्रतिरक्षण / टीकाकरण सप्ताह	24 से 30 अप्रैल, 2025

विश्व मलेरिया दिवस **थीम** – मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश करे, पुनर्कल्पना करे, फिर से प्रज्वलित करें है।	25 अप्रैल, 2025
विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस **थीम :**– ''संगीत और आइपी : रचनात्मकता का जश्न मनाना''	26 अप्रैल
कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए वैश्विक दिवस **थीम** – स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांतिकारी **बदलाव :** कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलीकरण की भूमिका	28 अप्रैल

अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

1. हाल ही में भारत के किन प्राचीन ग्रंथों की पांडुलिपियों को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है?

1. गीता
2. नाट्यशास्त्र
3. अभिज्ञान शकुंतलम
4. रामायण

[a] 1 और 2 [b] 1, 2 और 3
[c] 1 और 2 [d] 2 और 4

2. केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने निम्न में से किसे भारत युवा संसद के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार दिया?

[a] हर्षिता शर्मा [b] लास्या प्रिया
[c] रिया गुप्ता [d] धीरेन्द्र सिंह

3. आरवीएनएल द्वारा निर्मित 'नया पंबन रेल पुल' निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

[a] तमिलनाडु [b] महाराष्ट्र
[c] आंध्र प्रदेश [d] पंजाब

4. हाल ही में 62वाँ नेशनल मैरीटाइम डे मनाया गया-

[a] 6 अप्रैल [b] 10 अप्रैल
[c] 8 अप्रैल [d] 5 अप्रैल

5. जल स्तर सुधारने के लिए प्रतियोगिता की घोषणा करने वाला भारत का पहला जिला कौन-सा है?

[a] धाराशिव (महाराष्ट्र) [b] जबलपुर (मध्यप्रदेश)
[c] बारामूला (कश्मीर) [d] जयपुर (राजस्थान)

6. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के घोषित किए गए 10 अनोखे कार्यक्रमों में से निम्न में से कौन-सा नहीं है?

[a] हरित योग [b] योग महाकुंभ
[c] योग 2.0 [d] योग पार्क

7. पोषण पखवाड़ा का सातवाँ संस्करण कब से कब तक बनाया गया?

[a] 8 से 22 अप्रैल [b] 10 से 15 अप्रैल
[c] 15 से 25 अप्रैल [d] 1 से 15 अप्रैल

8. किस राज्य ने हीट वेव को राज्य विशिष्ट आपदा घोषित किया है?

[a] गोवा [b] गुजरात
[c] तेलंगाना [d] उत्तर प्रदेश

9. इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 में रैंकिंग में प्रथम स्थान पर कौन-सा राज्य रहा?

[a] बिहार [b] राजस्थान
[c] कर्नाटक [d] पश्चिम बंगाल

10. 23वें विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

[a] न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी
[b] न्यायमूर्ति रितुराज अवस्थी
[c] न्यायमूर्ति सूर्यकांत
[d] न्यायमूर्ति बी.एस. चौहान

11. निम्न में से किसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निजी सचिव नियुक्त किया गया है?

[a] अक्षरा मित्तल [b] साक्षी मलिक
[c] निधि तिवारी [d] अर्चना सिंह

12. संघ लोक सेवा आयोग के वर्तमान अध्यक्ष निम्न में से कौन है?

[a] डॉ. मनोज सोनी [b] डॉ. अजय कुमार
[c] प्रीति सूदन [d] प्रदीप कुमार जोशी

13. पिंक ई-रिक्शा योजना किस राज्य सरकार की पहल है?

[a] महाराष्ट्र [b] गुजरात
[c] राजस्थान [d] उत्तराखंड

14. 24 अप्रैल, 2025 को इंडिया स्टील 2025 का आयोजन कहाँ किया गया?

[a] मुंबई [b] अहमदाबाद
[c] हैदराबाद [d] सूरत

15. राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म द्वारा भारत का 52वाँ मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?

[a] न्यायमूर्ति संजीव खन्ना

[b] न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई

[c] न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड

[d] न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित

16. लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2025 निम्न में से किसे प्रदान किया गया?

[a] कुमार मंगलम बिड़ला [b] नरेन्द्र मोदी

[c] आशा भोसले [d] अमिताभ बच्चन

17. हाल ही में घोषित भारत का 107वाँ राष्ट्रीय उद्यान है–

[a] सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान, ओडिशा

[b] दिहिंग पटकाई राष्ट्राई उद्यान, असम

[c] भीतरकनिका राष्ट्रीय उद्यान, ओडिशा

[d] गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, छत्तीसगढ़

18. पूर्ण डिजिटल साक्षरता हासिल करने वाला भारत का पहला राज्य कौन–सा है?

[a] केरल [b] मिजोरम

[c] तेलंगाना [d] गोवा

19. हाल ही में भारत के सबसे बड़े क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन कहाँ किया गया है?

[a] कोलकाता [b] मुंबई

[c] चेन्नई [d] विशाखापत्तनम

20. तटीय राज्य मत्स्य सम्मेलन–2025 का आयोजन कब व कहाँ किया गया?

[a] 28 अप्रैल, मुंबई [b] 30 अप्रैल, जयपुर

[c] 15 अप्रैल, गांधीनगर [d] 18 अप्रैल, सूरत

21. निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथनों का चयन कीजिए।

1. वर्ष 2025 पद्म श्री पुरस्कार विजेता राजस्थान से कुल तीन व्यक्तित्व हैं।
2. शीन काफ निजाम, बतूल बेगम, बैजनाथ महाराज को पद्म श्री 2025 मिला।

[a] केवल कथन 1 सत्य है

[b] केवल कथन 2 सत्य है

[c] दोनों सत्य है

[d] दोनों असत्य है

22. IPL सीजन–18 के चर्चित सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी का संबंध किस टीम से है?

[a] सनराइजर्स हैदराबाद [b] राजस्थान रॉयल्स

[c] चेन्नई सुपर किंग्स [d] गुजरात टाइटंस

23. एक राज्य–एक RRB नीति के तहत् ''राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक'' एवं ''बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक'' का विलय कर क्या नाम दिया गया?

[a] राजस्थान मरूधरा बैंक

[b] ग्रामीण बैंक ऑफ राजस्थान

[c] राजस्थान क्षेत्रीय बैंक

[d] राजस्थान ग्रामीण बैंक

24. हाल ही में 12–18 अप्रैल, 2025 को विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप, ग्रीस में राजस्थान की किस खिलाड़ी ने पदक जीता?

[a] अवनि लेखरा, स्वर्ण पदक

[b] धृति माथुर, रजत पदक

[c] कियाना परिहार, कांस्य पदक

[d] आराध्या मिश्रा, रजत पदक

25. हाल ही में ''राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति'' के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं?

[a] ललित के. पंवार [b] रामनारायण मेहता

[c] जवाहरसिंह बेढम [d] झाबरसिंह खर्रा

26. पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा प्रथम बार जारी पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) में राजस्थान की कौन–सी पंचायत शीर्ष पर है?

[a] साजनवासी, बीकानेर [b] गोठड़ा लांबा, झुंझुनूं

[c] पिंडलाव, डूंगरपुर [d] पुराबारी, सीकर

27. हाल ही में 16 अप्रैल, 2025 को राजस्थान पुलिस का कौन–सा स्थापना दिवस मनाया गया?

[a] 75वाँ [b] 76वाँ

[c] 77वाँ [d] 78वाँ

28. रेलवे स्टेशनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में राजस्थान कौन–से क्रम पर रहा है? (02 अप्रैल, 2025 को केन्द्रीय रेलमंत्री द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार)

[a] तृतीय [b] प्रथम

[c] पंचम [d] चतुर्थ

29. इंडिया स्किल्स रिपोर्ट, 2025 में राजस्थान महिलाओं के लिए रोजगार संसाधन के मामले में किस स्थिति पर है?

[a] प्रथम, 89.38% रोजगार
[b] द्वितीय, 90.03% रोजगार
[c] तृतीय, 80.00% रोजगार
[d] चतुर्थ, 90.00% रोजगार

30. हाल ही में प्रयास संस्थान चुरू द्वारा किस युवा कवि को ''दुर्गेश युवा साहित्य पुरस्कार, 2025'' से सम्मानित किया गया?

[a] जेठानंद पंवार (थू जाग मिनख)
[b] रविनंद परमार (धोरा रो धणी)
[c] प्रहलाद सिंह झोरड़ा (म्हारी ढ़ाणी)
[d] मुकुट मणिराज (गाँव अर अम्मा)

31. मुख्यमंत्री थार क्षेत्र विकास कार्यक्रम निम्न में से किन जिलों में शुरू किया है?

[a] बीकानेर, जैसलमेर, जालोर, पाली
[b] जालोर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर
[c] बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, श्री गंगानगर
[d] बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्री गंगानगर

32. ''सरस लाडो मायरा योजना के संदर्भ में सत्य कथनों का चयन कीजिए–

1. इसकी शुरूआत 05 अप्रैल, 2025 को जोधपुर से की गई।
2. जयपुर डेयरी के 1.5 लाख रजिस्टर्ड दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों की शादी में 21,000 रुपये का पारंपरिक मायरा भरना।

[a] केवल कथन 1 सत्य है
[b] केवल कथन 2 सत्य है
[c] दोनों सत्य है
[d] दोनों असत्य है

33. हाल ही में मारवाड़ रत्न पुरस्कार, 2025 के तहत् पद्म श्री सीताराम जी लालस सम्मान से किसे सम्मानित किया गया है?

[a] कवि जेठानंद पंवार
[b] बतूल बेगम
[c] रूप कुमार राठौड़
[d] कवि दीपसिंह भाटी (दीप)

34. राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियाँ संशोधन विधेयक, 2025 के तहत् कुलपति को कुलगुरु करने के पश्चात् प्रथम कुलगुरु के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

[a] प्रो. अनिरूद्ध शुक्ला [b] प्रो. अखिल रंजन गर्ग
[c] प्रो. धर्मेन्द्र उपाध्याय [d] प्रो. देवेन्द्रसिंह राठौड़

35. निम्न में से किस व्यक्तित्व को वैदिक शिक्षा की अलख जगाने तथा श्रद्धा संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना हेतु वर्ष 2025 के पद्म श्री से नवाजा गया–

[a] शीन–काफ–निजाम, जोधपुर
[b] प्रतापपूरी महाराज, जैसलमेर
[c] बैजनाथ महाराज, सीकर
[d] गोरखनाथ महाराज, जोधपुर

36. हाल ही में किसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् का महानिदेशक नियुक्त किया गया है?

[a] डॉ. मांगीलाल, जोधपुर
[b] डॉ. धर्मेन्द्र, सीकर
[c] डॉ. रमेश शैलिया, जोधपुर
[d] डॉ. शंभुसिंह, बाड़मेर

37. हाल ही में राज्य सरकार द्वारा गठित ''वैदिक संस्कार बोर्ड'' का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

[a] गणेशीलाल सुनार [b] गणेशीलाल लुहार
[c] गणेशीलाल सुथार [d] गणेशीलाल शर्मा

38. हाल ही में 6–10 अप्रैल को चीन में आयोजित होने वाली 10वीं वर्ल्ड कप वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक किस खिलाड़ी ने जीता?

[a] गौतम कुमार [b] मुकेश अग्रवाल
[c] मुकेश गौरा [d] अनिरूद्ध शुक्ला

39. विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को हाल ही में किस सम्मान से सम्मानित किया गया?

[a] मारवाड़ रत्न पुरस्कार [b] मेवाड़ गौरव सम्मान
[c] दुर्गेश साहित्य अवॉर्ड [d] पद्म पुरस्कार

40. मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना के तहत् चयनित (10 स्वास्थ्य मानवों के आधार पर) ग्राम पंचायत को प्रात्साहन राशि दी जाएगी।

[a] 10 लाख रुपये [b] 11 लाख रुपये
[c] 12 लाख रुपये [d] 08 लाख रुपये

41. किस संगठन ने "शिक्षा और पोषण: अच्छा खाना सीखें" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है?

[a] विश्व बैंक
[b] संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)
[c] संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी)
[d] संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी)

42. सागाइंग फॉल्ट किस देश में स्थित एक प्रमुख सक्रिय टेक्टोनिक सीमा है?

[a] नेपाल [b] भारत
[c] म्यांमार [d] भूटान

43. क्षेत्रीय समूह - बिम्सटेक के नए अध्यक्ष के रूप में किस देश ने कार्यभार संभाला है?

[a] म्यांमार [b] नेपाल
[c] श्रीलंका [d] बांग्लादेश

44. डस्टलिक अभ्यास में भारत के साथ किस देश ने भाग लिया?

[a] उज्बेकिस्तान [b] ताजिकिस्तान
[c] तुर्कमेनिस्तान [d] कजाकिस्तान

45. हाल ही में लॉन्च किए गए फ्रेम 2 मिशन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. इसे स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. भूमध्यरेखीय कक्षा के विपरीत, यह ध्रुवीय कक्षा में यात्रा करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही नहीं है?

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] उपर्युक्त दोनों [d] इनमें से कोई नहीं

46. पोप फ्रांसिस के हाल ही में निधन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. वे 1200 वर्षों में पहले गैर यूरोपीय पोप हैं।
2. वे जेसुइट संप्रदाय से थे।
3. वे दक्षिण अमेरिका के पहले पोप थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?

[a] केवल 1 और 2 [b] केवल 2 और 3
[c] केवल 1 और 3 [d] उपरोक्त सभी

47. क्लॉस श्वाब ने किस संस्था के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है?

[a] विश्व आर्थिक मंच [b] अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
[c] यूएनसीटीएडी [d] विश्व बैंक

48. राष्ट्रमंडल देशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें?

1. इसके कुल 56 देश सदस्य हैं।
2. शर्ली बोटचवे ने महासचिव का पदभार ग्रहण किया।
3. भारत इसका सदस्य नहीं है।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है?

[a] केवल 1 और 2 [b] केवल 2 और 3
[c] केवल 1 और 3 [d] उपरोक्त सभी

49. किस देश ने दुनिया का पहला वाणिज्यिक 10 गीगाबिट ब्रॉडबैंड नेटवर्क लॉन्च किया है?

[a] चीन [b] जापान
[c] फ्रांस [d] भारत

50. अप्रैल 2025 में 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र ISAR में किस देश को नियुक्त किया गया है?

[a] नेपाल [b] भूटान
[c] म्यांमार [d] भारत

Answer Key

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
A	C	A	D	A	C	A	C	C	A
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
C	B	A	A	B	A	A	A	B	A
21	22	23	24	25	26	27	28	29	30
C	B	D	C	A	C	B	B	A	A
31	32	33	34	35	36	37	38	39	40
D	B	D	B	C	A	C	C	B	B
41	42	43	44	45	46	47	48	49	50
B	C	D	A	D	D	A	A	A	D

टॉपर्स टॉक

Rank - 150
(RAS-2021)

दीपक शर्मा

पिता	–	श्री पुखराज शर्मा
माता	–	श्रीमती कमला
स्नातक	–	बी.ए. जेएनवीयू, जोधपुर (56%)
12th	–	मयूर नोबेल्स एकेडमी, बाड़मेर (80%)
10th	–	आदर्श विद्या मंदिर, धोरीमन्ना (82.17%)

प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!

दीपक : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!

प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?

दीपक : मैं बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना गाँव से हूँ। प्राथमिक शिक्षा गाँव से ही पूरी की। मेरे पिताजी एक ड्राइवर हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षा मयूर नोबेल्स एकेडमी, बाड़मेर से करने के बाद बी.ए. जेएनवीयू (जोधपुर) से की एवं इसके अलावा जीएनएम डिप्लोमा कोर्स भी किया है।

परिवार ने हमेशा मेरे निर्णयों का सम्मान किया और मुझ पर भरोसा जताया।

प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?

दीपक : जीएनएम कम्प्लीट करने के तुरंत बाद दिसम्बर, 2017 में इस परीक्षा की तैयारी शुरू की।

यदि निरंतरता, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास हो तो एक से डेढ़ साल औसतन इस परीक्षा की तैयारी हेतु पर्याप्त है।

प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?

दीपक : जी हाँ, ग्रेजुएशन के समय से ही यह तय कर लिया था कि सिविल सेवा में ही जाना है।

सिविल सेवा परीक्षा के लिए प्रेरणास्रोत मेरा परिवार रहा, जिसमें सभी ने हिम्मत, सबल, धैर्य और आत्मविश्वास जैसे गुणों को मुझमें विकसित किया, जो इस परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?

किशन दान : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की भूमिका दो रूप में महत्वपूर्ण है-

1. यह तैयारी में लगने वाले समय को कम करवाने में मदद करता है।
2. कोचिंग के द्वारा निरंतरता, अभ्यास एवं प्रतिस्पर्धी वातावरण निर्मित होता है, जिससे नकारात्मक विचार दूर रहते हैं।

यदि अभ्यर्थी ग्रेजुएशन के दौरान तैयारी प्रारंभ कर दें तो स्वाध्याय सर्वोत्तम है, ग्रेजुएशन के बाद तैयारी प्रारंभ करें तो कोचिंग अच्छा विकल्प है।

प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए ? क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?

दीपक : मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी, जयपुर से तैयारी की थी। कोचिंग चयन हेतु मापदण्ड- स्थायी फैकल्टी, अन्तर्विषयी कनेक्टेड नोट्स, संक्षिप्त सामग्री, नियमित मॉक टेस्ट जिसमें रैंकिंग प्रदर्शित न हों, साप्ताहिक एक अवकाश।

प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?

दीपक : मेरा हिन्दी माध्यम था। आरएएस परीक्षा में माध्यम को लेकर विशेष समस्या नहीं होती है।

प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?

दीपक : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए ब्रेन स्टॉर्मिंग द्वारा अपने लेखन को विविधतापूर्ण बनाना चाहिए जैसे हम राज. वि. का कोई उत्तर लिख रहे हैं तो आर्थिक पक्ष का जिक्र अवश्य करें, समाजशास्त्र का उत्तर लिखते समय वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य का अवश्य उल्लेख करना चाहिए, इस हेतु करेंट मैगजीन, पत्र-पत्रिकाएँ, अखबार प्रतिदिन पढ़ें। ज्ञान जितना वैविध्यपूर्ण होगा लेखन शैली उतनी ही बेहतरीन होगी 20-30 सदाबहार कोटेशन्स याद रखें एवं मौका मिलने पर उत्तर लेखन में उसे शामिल करें। हिन्दी/अंग्रेजी की नियमित प्रैक्टिस करें।

प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?

दीपक : स्प्रिंगबोर्ड के फाउंडेशन नोट्स एवं उस पर थोड़ा बहुत वैल्यु एडिशन, भारत एवं राजस्थान के बजट एवं इकोनॉमिक सर्वे के शॉर्ट नोट्स, करेंट अफेयर्स के शॉर्ट नोट्स।

प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?

दीपक : प्रारंभिक परीक्षा में शॉर्ट नोट्स इतने महत्वपूर्ण नहीं, जिसके लिए अलग से मेहनत की जाए परन्तु मेंस में आखिरी 15-20 दिन में पढ़ने के लिए शॉर्ट नोट्स जरूरी होते हैं। परन्तु शॉर्ट नोट्स भी जब ढंग से 3-4 बार सेलेबस हो जाए उसके बाद बनाये जाने चाहिए।

प्रश्न : मॉक इंटरव्यू की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?

दीपक : मॉक इंटरव्यू महत्वपूर्ण है इससे अपना ड्रेसिंग, गेस्चर, हाव-भाव, मूवमेंट और कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में काफी हेल्प मिलती है।

RPSC में मेरा इंटरव्यू बेहद सहयोगात्मक एवं सकारात्मक रहा। बोर्ड काफी हल्के-फुल्के मूड में था। मेरे शैक्षणिक बैकग्राउंड GNM विवाह आदि सामाजिक कार्यक्रमों में बेशुमार पैसा खर्च करने पर मेरी राय जाननी चाहिए, साथ ही हॉबी से संबंधित प्रश्न पूछे गये।

प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?

दीपक : शिक्षकों का बेहद महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रारंभिक शिक्षा आदर्श विद्या मंदिर में हुई थी तो सुलेख, श्रुतिलेख, हिन्दी व अंग्रेजी व्याकरण प्रारंभ से ही ठीक रहा।

तत्पश्चात् स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी में आदरणीय दिलीप महेचा सर के निर्देशन में पूरी टीम ने बेहतरीन मार्गदर्शन दिया जिससे सफलता मिली।

प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?

दीपक : नि:संदेह जब ज्यादा पढ़ाई कर लेते थे तो मित्रों से बात करने से तनाव कम हो जाता था तो रिफ्रेशमेंट के लिए मित्र बहुत महत्वपूर्ण है, हमेशा मोटिवेट करते रहे।

प्रश्न : तैयारी के दौरान सबसे मुश्किल समय कौनसा था?

दीपक : स्वास्थ्य संबंधी इश्यू - सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि घर से बाहर रहने के दौरान खान-पान का विशेष ध्यान रखें एवं 6 घण्टे की नींद अवश्य लें।

प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा की लम्बी अवधि के कारण सतत् रूप से तैयारी करने के लिए खुद को कैसे मोटिवेट रखा?

दीपक : इसके लिए पहले मन को इस लम्बी अवधि के बारे में समझना होता है, अनावश्यक आकांक्षाएँ नहीं रखी तथा स्वयं के प्रति कठोर रहकर वास्तविकता को समझा तथा भगवदगीता का श्लोक 'कर्मण्यवाधिकारस्ते'............ की सत्यता को समझा।

प्रश्न : प्लान-बी के बारे में आपका क्या विचार है ?

दीपक : सिविल सेवा एक लम्बी, सतत एवं अनिश्चित प्रक्रिया है अत: प्लान-बी महत्वपूर्ण है एवं हर अभ्यर्थी को स्वयं को इस हेतु तैयार करना चाहिए।

प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा में चयन के पश्चात् आपके जीवन में क्या बदलाव आया ?

दीपक : सामाजिक-आर्थिक स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन हुए।

प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?

दीपक : राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक शिक्षा और ज्यादा बेहतरीन कैसे हों, साथ ही स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक संकेतकों एवं पर्यावरण को बेहतर करते हुए समाज के सहयोग से और बेहतरीन करने हेतु प्रयास करेंगे।

प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिक पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?

दीपक : प्री मेन्स एवं इंटरव्यू तीनों की तैयारी में मासिक समसामयिक पत्रिका का महत्वपूर्ण रोल है।

प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?

दीपक : कभी भी परिणाम के बारे में नहीं सोचा। लक्ष्य निर्धारित कर निर्धारित समयावधि में कैसे पूर्ण हो, इस हेतु योजनाएँ बनाना एवं वर्तमान को बेहतरीन बनाने हेतु कार्य किया।

प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?

दीपक : 12 घण्टे पढ़ाई, 6 घण्टे सोना, 6 विविध कार्य

प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं!

दीपक : जी बहुत-बहुत धन्यवाद!

❖❖❖